सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:40
अधिकतम तापमान : 25.5
न्यूनतम : 10.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-221 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 31 जनवरी 2026
11 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# घुसपैठियों से बदली असम की डेमोग्राफी

■ **अमित शाह का दावा- कांग्रेस ने राज्य में घुसपैठ को दिया बढ़ावा**



**गुवहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि कांग्रेस शासन के दौरान असम की जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) में बड़ा बदलाव आया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार इस प्रवृत्ति को पलटने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

धेमाजी जिले के करेंग चापोरी में टकम मिसिंग पोरिन केबांग (ऑल मिसिंग स्टूडेंट्स यूनियन) द्वारा आयोजित 10वें मिसिंग यूथ फेस्टिवल के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे राज्य को घुसपैठ की समस्या से पूरी तरह मुक्त किया जा सकेगा। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन में अवैध घुसपैठ के कारण असम की जनसांख्यिकीय संरचना में व्यापक बदलाव हुआ। कांग्रेस शासन के दौरान घुसपैठियों की संख्या शून्य से बढ़कर 64 लाख तक पहुंच गई।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार असम में बदले हुए डेमोग्राफिक ट्रेंड को पलटने के लिए कई स्तरों पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगातार दो भाजपा सरकारों के कार्यकाल में घुसपैठियों द्वारा किए गए अतिक्रमण से 1.26 लाख एकड़ भूमि मुक्त कराई गई है। अमित शाह ने कहा, घुसपैठ रोकने के लिए हथियार उठाने की जरूरत नहीं है।

### तीसरे कार्यकाल के लिए शाह ने मांगा समर्थन

शाह ने कहा, अगर असम में घुसपैठ को रोकना है तो भाजपा को तीसरे कार्यकाल के लिए चुनना होगा और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के हाथ मजबूत करने होंगे। उन्होंने ऊपरी असम में घुसपैठ को रोकने में मिसिंग समुदाय की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि समुदाय की मेहनतकश जीवनशैली के कारण घुसपैठिए इस क्षेत्र में बस नहीं पाए।

### कांग्रेस का पलटवार- नार्थ ईस्ट को बनाया अनाथ

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री के राहुल गांधी पर आरोप लगाने के बाद कांग्रेस ने अमित शाह पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बीजेपी से पूछा कि राज्य और पूरे उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लोग राजनीतिक रूप से अनाथ क्यों बने हुए हैं। बीजेपी पर निशाना साधते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस के पास असम में बीजेपी की 10 साल की सत्ता से जुड़े सवाल हैं। गृह मंत्री को अपने शिष्य भूमि-विक्रेता हेमंता बिस्वा शर्मा से जवाब लेने चाहिए। खेड़ा ने अपने एक्स पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह महीने का वादा किया। हेमंता ने पांच साल का वादा किया। अब 12 साल हो गए फिर भी कोच-राजबोंगशी, ताई अहोम, मोरान, मतक और चाय बागान/आदिवासी समुदायों को एसटी दर्जा क्यों नहीं मिला। सरकार ने असम के मूल निवासियों की 1.5 लाख बीघा जमीन को अपने करीबी लोगों को बेचने की अनुमति क्यों दी और शर्मा को ऐसा करने की पूरी छूट क्यों दी। जब जमीन, नदियां और जंगल बेचे जा रहे हैं, तब रोजगार कहां हैं? असमिया युवा क्यों पलायन कर रहे हैं और अन्य जगहों पर भेदभाव का सामना क्यों कर रहे हैं? असमिया पहचान क्यों कमजोर हो रही है और लाखों मूल निवासी मतदाता सूची से क्यों गायब हैं। एक दशक सत्ता में रहने के बाद भी असम स्वास्थ्य सेवाओं में पिछड़ा क्यों है? क्या आपकी सरकार को असमिया लोगों की भलाई की परवाह नहीं है।

डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राहुल गांधी पर असम और पूर्वोत्तर का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में असम और नॉर्थ-ईस्ट का गमछा सम्मान और पहचान का प्रतीक बन चुका है, लेकिन राहुल गांधी ने इसका सम्मान नहीं किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में सभी ने असम का गमछा पहना था, लेकिन केवल एक व्यक्ति ऐसा था जिसने गमछा नहीं डाला और वह राहुल गांधी थे।

# सुनेत्रा पवार बनेंगी महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम

■ **शनिवार शाम ले सकती हैं शपथ**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद पर अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार काबिज हो सकती हैं। एनसीपी सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है। बताया गया है कि यह फैसला अजित पवार की अचानक मृत्यु के बाद लिया गया है। इस बीच एनसीपी के दोनों गुटों के विलय की खबरें भी तेज हो गई हैं। कुछ लोग इसे अजित पवार की आखिरी इच्छा बता रहे हैं।

एनसीपी सूत्रों की मानें तो अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने उप मुख्यमंत्री का पद ग्रहण करने का अनुरोध स्वीकार कर लिया है। ऐसे में अब शनिवार को एनसीपी विधायक दल की बैठक होगी। इसमें सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद सुनेत्रा पवार शनिवार शाम पांच बजे उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकती हैं।

इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा के एनसीपी विधायक दल की नई नेता बनने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इस महत्वपूर्ण पद को भरने से पहले परिवार की सहमति ली जाएगी। हालांकि एनसीपी सूत्रों ने बताया है कि सुनेत्रा पवार ने इस पद के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

पटेल ने कहा कि प्राथमिकता उपमुख्यमंत्री और एनसीपी विधायक दल के नेता के खाली पदों को भरना है, जो अजित पवार के निधन के समय उनके पास थे। उन्होंने कहा कि शीर्ष संगठनात्मक पद (दिवंगत नेता पार्टी अध्यक्ष भी थे) पर नियुक्ति करना फिलहाल कोई मुद्दा नहीं है। पटेल ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी नेताओं ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर उन्हें बताया कि सत्तारूढ़ 'महायुति' गठबंधन का एक प्रमुख घटक दल एनसीपी अपने नेतृत्व परिवर्तन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।

सुनेत्रा पवार वर्तमान में राज्यसभा सदस्य हैं और राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं। बुधवार को विमान दुर्घटना में अजित पवार की मौत के बाद पुणे जिले की बारामती विधानसभा सीट रिक्त हो गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनता और पार्टी की भावनाएं एक जैसी हैं। हमें (अजित पवार के) परिवार से (महत्वपूर्ण नियुक्तियों के बारे में) बात करनी होगी, पहले उनसे (मंजूरी के लिए) अनुरोध करना होगा।

### सुनेत्रा डिप्टी सीएम बनती है तो यह खुशी की बात

एनसीपी-एसपी नेता और पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि अगर सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम बनाया जाता है तो यह खुशी की बात होगी। उन्होंने कहा कि परिवार अंतिम निर्णय करेगा। संवेदनशील समय में परिवार की सहमति सर्वोपरि है और सभी की भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में यूपी बना नंबर वन

■ **नौ साल में 62 लाख परिवारों को मिले पक्के घर**




**लखनऊ।** 'प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी' के अंतर्गत आवास निर्माण में उत्तर प्रदेश बाजी मार ली है। यूपी ने देशभर में पहला नंबर हासिल किया है। पिछले पौने नौ वर्षों में लगभग 62 लाख परिवारों को पक्के घर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे गरीब व मध्यम वर्ग के जीवन स्तर में ठोस सुधार हुआ है। 'अटल पेंशन योजना' के अंतर्गत पंजीकरण के मामले में भी उत्तर प्रदेश ने देश में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

देश में सर्वाधिक, 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों की स्थापना उत्तर प्रदेश में हो चुकी है। वहीं कृषि क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश लगातार अपनी अग्रणी भूमिका बनाए हुए है। गन्ना, चीनी, खाद्यान, आम, दूध व आलू के उत्पादन में प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। वहीं किसानों को कृषि निवेश पर मिलने वाली अनुदान राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जा रहा है। इस व्यवस्था को लागू करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बना है।

डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व किया है। ई-मार्केटप्लेस जेम के माध्यम से देश में सर्वाधिक सरकारी खरीद करने वाला राज्य भी उत्तर प्रदेश है। एनपीएस ट्रेडर्स के अंतर्गत कामगारों के पंजीकरण में भी प्रदेश अग्रणी रहा है। कौशल विकास नीति को लागू करने में प्रदेश नंबर वन है। इसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार करना है। एथेनॉल उत्पादन एवं आपूर्ति मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में पहले पायदान पर खड़ा है।

# परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को तेज किया जाए

■ **मुख्यमंत्री योगी ने की वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को तेज, सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा, जो अभी 10 करोड़ रुपये तक है, उसे बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये किया जाए। 50 से 150 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से और 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से दी जाए, जिससे परियोजनाओं को समय पर वित्तीय मंजूरी मिले और काम तेजी से आगे बढ़े।

मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना 15 अप्रैल तक हर हाल में स्वीकृत करा लें। समयसीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी परियोजना की लागत में 15त्न से ज्यादा बढ़ोतरी होने पर विभाग कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, निर्माण कार्यों की व्यवस्था, एकमुश्त प्रावधान, डिजिटल वित्तीय सुधार, कोषागार प्रक्रियाएं, पेंशन व्यवस्था और विभागीय नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी और रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। इसके लिए सभी विभाग समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रियाओं को प्राथमिकता दें। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य गारंटी पॉलिसी लागू की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अल्प-वेतनभोगी कर्मियों, जैसे आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय हर माह तय तारीख को उनके बैंक खातों में पहुंच जाए। जिन योजनाओं में केंद्रांश मिलता है, वहां राज्य अपने मद से मानदेय समय पर जारी करे, ताकि किसी कर्मी को देरी न हो। यह व्यवस्था शीघ्र लागू की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में प्रदेश का 1,10,555 करोड़ का पूंजीगत व्यय देश में सबसे अधिक रहा। राज्य ने जितना शुद्ध लोक ऋण लिया, उससे भी ज्यादा राशि पूंजीगत कार्यों पर खर्च की, जो वित्तीय अनुशासन का मजबूत संकेत है।

### शासकीय भवनों के अनुरक्षण व्यवस्था पर बोले सीएम

शासकीय भवनों के अनुरक्षण व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुबंधों में एकरूपता का अभाव है। सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में 5 वर्ष का भुगतान-आधारित अनुरक्षण अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता बताई। निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भवन, सड़क, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और राज्य तकनीकी संस्थानों से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने वित्तीय अनुशासन, पूंजीगत व्यय और राजस्व संवर्धन में देश में नया मानक स्थापित किया है।

# पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी पर भाजपा का तीखा हमला

■ **महमूद गजनी को भारतीय लुटेरा कहने पर विवाद**



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महमूद गजनी को कथित तौर पर भारतीय लुटेरा कहने को लेकर शुक्रवार को पूर्व उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी पर तीखा हमला किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसका पारिस्थितिकीतंत्र विदेशी आक्रमणकारियों को महिमामंडित करता है और हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार करने वालों का गुणगान करता है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों और लुटेरों के प्रति अंसारी का लगाव उनकी बीमार मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा की ओर से यह प्रतिक्रिया अंसारी के उस साक्षात्कार के बाद आई, जिसमें उन्हें कथित तौर पर कहते सुना गया कि इतिहास की किताबों में जिन्हें विदेशी आक्रमणकारी और लुटेरा बताया गया है, जिनमें महमूद गजनी भी शामिल है, वे असल में भारतीय लुटेरे थे।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अंसारी कथित टिप्पणियों का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। पूनावाला ने पूर्व उपराष्ट्रपति महमूद गजनी का महिमामंडन करने का आरोप लगाया, जिसने सोमनाथ मंदिर में लूटपाट की थी। पूनावाला ने कहा, शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा कहने के बाद अब कांग्रेस का तंत्र और हामिद अंसारी गजनी का महिमामंडन कर रहे हैं, जिसने सोमनाथ मंदिर को अपवित्र किया। कांग्रेस का पारिस्थितिकीतंत्र महमूद गजनी का महिमामंडन कर रहा है। वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करते हैं और औरंगजेब तथा हिंदुओं पर अत्याचार करने वालों के अपराधों को सही दिखाने की कोशिश करते हैं। अंसारी की टिप्पणियों को लेकर भाजपा के एक और राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने भी कांग्रेस पर हमला बोला।

### पूर्व उपराष्ट्रपति ने इंटरव्यू में ये कहा

एक पत्रकार के साथ इंटरव्यू में कथित तौर पर हामिद अंसारी ने कहा, मैं हमेशा कहता आया हूं कि जिन्हें हम अपनी इतिहास की किताबों में विदेशी आक्रमणकारी बताते हैं, कोई लोदी है, कोई गजनी है। वे सभी भारतीय लुटेरे थे। वे बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक रूप से यह कहना सुविधाजनक है कि उन्होंने यह नष्ट किया, वह नष्ट किया। लेकिन वे सभी भारतीय थे।

### मनरेगा खत्म करने के बाद, क्या अब आरटीआई की बारी है : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आर्थिक समीक्षा में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम का फिर से अध्ययन करने की पैरवी करने की बात पर सवाल उठाया है। उन्होंने इसका हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि क्या सरकार मनरेगा के बाद अब इस कानून को खत्म करना चाहती है?

असल में, संसद में गुरुवार को प्रस्तुत वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा में लगभग दो दशक पुराने आरटीआई कानून का फिर से अध्ययन करने की वकालत की गई है, ताकि गोपनीय रिपोर्ट और मसौदों को सार्वजनिक किए जाने से छूट प्राप्त हो। आरटीआई अधिनियम 2005 का मकसद कभी इसे व्यर्थ की जिज्ञासा का जरिया बनाने का नहीं था।

# आनंदपुर अग्निकांड में अब तक 27 की मौत

■ **पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान**



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा, पश्चिम बंगाल के आनंदपुर में हुई हालिया अग्निकांड की घटना बेहद दुखद और दर्दनाक है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। प्रत्येक मृतक के परिजन को पीएमएनआरएफ की ओर से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे

पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आनंदपुर इलाके में लगी भीषण आग में अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है। 26 जनवरी को हुए इस भीषण अग्निकांड के पांच दिनों बाद भी अब तक मलबे को साफ का काम अभी तक जारी है। पीएम मोदी ने मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजन को लाख रुपये मुआवजे के तौर पर देने का ऐलान किया है। बीजेपी ने इस अग्निकांड का कारण मानवीय गलती बताया है और ममता सरकार पर निशाना साधा है। पश्चिम बंगाल में बीजेपी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मोमो बनाने की इकाई व सजावटी सामान के गोदामों में लगी भीषण आग के मामले में इनके मालिकों की गिरफ्तारी की मांग की। बीजेपी आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने भी आग लगने का कारण मानवीय गलती बताया। उन्होंने कहा, यह इकाई सुरक्षा मानदंडों का पालन किए बिना संचालित हो रहे अवैध गोदामों के कारण लगी थी।

## इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया एलान

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में लॉन्च होंगे स्वदेशी मॉडल

■ **समिट को लेकर दुनियाभर में जबरदस्त उत्साह**



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि सरकार आगामी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करने की उम्मीद कर रही है। इन मॉडल को देश में ही विकसित किया गया है।

मंत्री वैष्णव ने इस बड़े कार्यक्रम के आयोजन को लेकर एक प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट को लेकर दुनियाभर में जबरदस्त उत्साह है और उन्हें उम्मीद है कि एआई ढांचे (संरचना) के लिए 70 अरब डॉलर का निवेश समिट के खत्म होने तक दोगुना हो सकता है।

वैष्णव ने कहा, कुछ हफ्ते पहले प्रधानमंत्री ने उन टीमों से बातचीत की, जो संप्रभु एआई मॉडल विकसित कर रही हैं। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये मॉडल बहुत अच्छी स्थिति में हैं और हम उन्हें एआई समिट में लॉन्च करेंगे। मंत्री ने कहा कि यह दुनिया का चौथा और अब तक का सबसे बड़ा एआई समिट होने जा रहा है। उन्होंने कहा, लगभग 70 अरब डॉलर का निवेश क्रियान्वयन के चरण में है। जिस तरह का उत्साह दिख रहा है, उससे हैरानी नहीं होगी अगर एआई इम्पैक्ट समिट खत्म होने तक यह आंकड़ा दोगुना हो जाए।

**पंद्रह देशों की सरकारों ने समिट में भागीदारी की पुष्टि की :** उन्होंने बताया कि 100 से अधिक देशों से प्रतिक्रियाएं मिली हैं, जिनमें 15 सरकारों ने राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी की पुष्टि की है और एआई क्षेत्र के 100 से ज्यादा दिग्गज इस समिट में शामिल होंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का मुख्य उद्देश्य तकनीक खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का लोकतंत्रीकरण करना है, ताकि इसके लाभ समाज के बड़े वर्ग तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण में आयोजित होने वाला यह पहला वैश्विक एआई समिट है, जिसमें एआई शासन और मानकों को लेकर साझा समझ विकसित करने पर जोर दिया जाएगा, ताकि वास्तविक उपयोग में एआई को सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से लागू किया जा सके। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट ग्लोबल साउथ में होने वाला पहला वैश्विक एआई समिट होगा। यह 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।

### एआई की रेस में भारत की एंट्री, शुरू हुआ रिसर्च संगठन

भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के लिए इंडियन एआई रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन की शुरुआत कर दी है। यह एक नॉन-प्रॉफिट संगठन है, जिसे सरकार और इंडस्ट्री दोनों का समर्थन हासिल है। इसका एलान शुक्रवार, 30 जनवरी को किया गया। इसको अगले पांच वर्षों में कुल 300 करोड़ रुपये की फंडिंग मिलेगी। यह राशि गुजरात सरकार, केंद्र सरकार और इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस की ओर से दी जा रही है। इस पहल का मकसद भारत में एआई से जुड़े इनोवेशन को तेजी से आगे बढ़ाना है। ऑर्गेनाइजेशन का फोकस ऐसे एआई रिसर्च पर रहेगा, जो आम लोगों की जिंदगी में सीधे काम आए। इसमें हेल्थकेयर, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन और अन्य सामाजिक जरूरतों से जुड़े क्षेत्र शामिल हैं। संगठन भारत की जरूरतों के हिसाब से स्मार्ट एआई मॉडल तैयार करेगा।

# स्कूल में लड़कियों को मिले फ्री सैनिटरी पैड वरना मान्यता रद्द

■ **सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में दिया ऐतिहासिक फैसला**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को लड़कियों और महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और समानता के बेहद अहम मुद्दे पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने मासिक धर्म स्वच्छता के अधिकार संविधान के आर्टिकल 21 के तहत जीवन और निजता के अधिकार का अहम हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे सभी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों को मुफ्त में बायोडिग्रेडेबल (पर्यावरण के अनुकूल) सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराएं। यह फैसला जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने सुनाया।

शीर्ष कोर्ट में स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए मुफ्त सैनिटरी पैड और साफ-सुथरे शौचालय की सुविधा की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई चल रही थी। इसी पर फैसला देते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे सभी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों को फ्री में सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराएं।

जस्टिस पारदीवाला ने फैसला सुनाने से पहले कहा कि इस मुद्दे पर बात खत्म करने से पहले, हम कहना चाहते हैं कि यह घोषणा सिर्फ कानूनी सिस्टम से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है जहां लड़कियां मदद मांगने में हिचकिचाती हैं। यह उन शिक्षकों के लिए है जो मदद करना चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण ऐसा नहीं कर पाते।

### ये था पूरा मामला

यह फैसला पिछले साल नवंबर में शुरू हुई कार्यवाही के बाद आया है। कोर्ट ने हरियाणा के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में हुई एक घटना पर स्वतः संज्ञान लिया था। आरोप था कि वहां महिला सफाई कर्मचारियों को माहवारी में होने के सबूत के तौर पर सैनिटरी पैड की तस्वीरें भेजने को मजबूर किया गया था।

# भाई ने ही की थी बहन की हत्या पूछताछ में कुबूला जुर्म, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शारदानगर थाना क्षेत्र के गांव खुरिया में रहने वाली 19 वर्षीय सियाकांती की हत्या उसके भाई प्रदीप ने ही की थी। उसके पास से हत्या में प्रयोग की गई कुल्हाड़ी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर शारदानगर मनोज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव खुरिया निवासी राम कुमार की 19 वर्षीय बेटी सियाकांती गांव के ही एक युवक से प्रेम करती थी। चार दिसंबर को वह घर से अपने प्रेमी के साथ चली गई। 9 दिसंबर को उसको देहरादून से बरामद कर लिया गया। पुलिस लड़की को शारदा नगर थाने लाई। लड़की अपने भाई प्रदीप के साथ घर चली गई।बताया जाता है कि 9 दिसंबर को ही भाई अपनी बहन को बुआ के घर तेलियार थाना पढुआ भेज आया। लड़की अपनी बुआ के घर रहने लगी। बताया जाता है कि भाई प्रदीप 24 दिसंबर को बाइक से अपनी बहन के पास तेलियर गांव पहुंचा। वहां कहा कि उसे अब अपने नाना के घर नेपाल जाना है। उसने बहन को बाइक पर बिठाया और चकईपुल थाना शारदानगर आ गया। उसने कुल्हाड़ी पहले से ही खरीदकर बाइक में रख लिया था। बताया जाता है कि चकईपुल के पास उसने अपनी बहन को बाइक से उतारा और थप्पड़ से मारने लगा। जब वह गिर गई तो उसने कुल्हाड़ी से कई प्रहार किए। जिससे उसकी मौत हो गई। वह पुल के पास शव छोड़कर भाग गया। देर शाम आरोपी घर पहुंचा। अगली सुबह वह फिर शव को देखने गया। उसके दो घण्टे बाद लोगों की नजर शव पर पड़ी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर शारदा नगर पुलिस मौके पर पहुंची। लड़की के शव को अज्ञात में बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अगले दिन उसकी पहचान सिया कांती के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ हो गया कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी। जांच के दौरान कई ऐसे सुराग मिले, जिससे पुलिस को भाई पर ही बहन की हत्या का शक हो गया। पुलिस ने भाई प्रदीप को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसकी निशान देही पर आला कत्ल भी बरामद हो गया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का किया गया आयोजन

**लखीमपुर खीरी ।** महेशपुर इलाके के श्री राम रत्न शास्त्री महाविद्यालय कोठी गनेशपुर में आंखों के चेकअप और निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे करीब 53 मरीजों का आंखों का चेकअप किया गया। 23 मोतियाबिंद के मरीजों को अस्पताल भेजा गया। डाक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहदेवा मोहम्मदी की डाक्टर सुमेय्या ने मरीजों की आंखों का चेकअप किया। इस शिविर मे 53 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमे मोतियाबिंद के 23 मरीज मिले। शिविर में महाविद्यालय के प्रबंधक गौरव शर्मा और अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा का विशेष सहयोग रहा। अस्पताल की टीम मे समीर अली, शोभित दीक्षित, भावना, मुस्कान, अंशिका देवी सहित स्टॉफ मौजूद था।

# 05 फरवरी को लगेगा दिव्यांगजन अधिकारों का मोबाइल कोर्ट

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जनपद में 5 फरवरी को मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। यह मोबाइल कोर्ट राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की मूल भावना के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है मोबाइल कोर्ट का आयोजन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक अटल सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में होगा। इसका मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती, पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। साथ ही समाज में दिव्यांगजनों के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने और उनकी शिकायतों का स्थानीय स्तर पर शीघ्र निस्तारण करना भी इस पहल का लक्ष्य है मोबाइल कोर्ट के माध्यम से जनपद में निवास करने वाले दिव्यांगजनों की विभागीय समस्याओं को यथासंभव मौके पर ही सुनकर त्वरित समाधान कराया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

## दुधवा टाइगर रिजर्व के पर्यटन दरों में किया गया बदलाव

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व के पर्यटन दरों में बदलाव किया गया है। तीन साल बाद इसके रेट में इजाफा कर दिया गया है। पर्यटन दर में बदलाव के लिए दुधवा फाउंडेशन से पहले ही सहमति मिल चुकी है। दुधवा में पर्यटन का चेहरा तेजी से बदला है। जंगल देश-विदेश के पर्यटकों को खूब लुभा रहे हैं। इसी के चलते दुधवा टाइगर रिजर्व ईको-पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी पहचान बन चुका है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने यहां पर्यटन शुल्क में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी जिससे आय में वृद्धि देख गई थी। मगर इस बार दुधवा भ्रमण पर्यटकों की जेब पर भारी पडने वाला है। क्योंकि इस बार दुधवा प्रशासन ने किराए में बढोत्तरी कर दी है। जिसके चलते पिछले वर्षो की अपेच्छा इस बार आय में कमी की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस बार दुधवा में प्रति व्यक्ति प्रवेश शुल्क 200 रूपये से 250 रूपये कर दी गई है। रोड टैक्स 300 रूपये से 500 रूपये कर दिया गया है। वहीं कॉटेज बुक कराने पर भी इस बार 250 रूपये बढ़ाकर भुगतान देना पड़ेगा। हाथी का किराया पहले 1600 रूपये था जो कि अब 2000 रूपये कर दिया गया है। गैंडा क्षेत्र शुल्क 150 रूपये से बढ़ाकर 200 रूपये कर दिया गया है। वहीं कैमरा शुल्क को भी दोगुना कर दिया गया है, यानि कि अब 100 रूपये के स्थान पर 200 रूपये षुल्क अदा करना पडेगा। बाकी किराया यथा स्थित रखा गया है। इसके अतिरिक्त अब प्रत्येक मंगलवार को रखरखाव के लिए पार्क बंद रहेगा। दुधवा फाउंडेशन की बैठक में किराया दर में वृद्धि की सहमति हो चुकी थी। इस बार दरों में मामूली इजाफा किया गया है।

# जनपद को मलेरिया मुक्त घोषित किए जाने के प्रयास तेज



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.प्रवीण कुमार ने कहा कि जनपद सहारनपुर को मलेरिया मुक्त घोषित किये जाने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय टीमों का निरीक्षण किया जायेगा। साथ ही एक फरवरी को जनपद के चिकित्सको हेतु कार्यशाला का आयोजित कर राष्ट्रीय स्तर से मेडिकल कॉलेज मेरठ की प्रशिक्षित एसोसिएट प्रोफेसर डा.अनुपमा शर्मा द्वारा संवेदीकरण किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रवीण कुमार ने कहा कि उनके निर्देशानुसार नेशनल वैक्टर बोर्न डिजीज कन्ट्रोल प्रोग्राम के अर्न्तगत डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि की रोकथाम हेतु 27 जनवरी से 16 फरवरी तक टीबी सेनेटोरियम हॉल में आशा, एलटी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के संवेदीकरण एवं दक्षता स्तर में सुधार हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ब्लॉक नकुड की 93 आशाओं, 04 एएनएम, 01 बीएचडब्लू 01 स्वास्थ्य पर्यवेक्षक 01 एलटी कुल 100 प्रतिभागियों का संवेदीकरण किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवॉका गौड ने प्रशिक्षण में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि से बचाव एव रोकथाम हेतु जानकारी दी और आशाओं को अपने-अपने क्षेत्र में मलेरिया जांच किये जाने हेतु प्रशिक्षित किया गया। जिससे उनके क्षेत्र में बुखार के प्रकार का पता कर उस क्षेत्र में कार्यवाही की जा सकें।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने सील्ड गोदाम का किया निरीक्षण



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनीष बंसल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मासिक निरीक्षण के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय में बने गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सील्ड गोदाम सुव्यस्थित पाये गये।

अवगत कराना है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के तहत ईवीएम एवं वीवीपेट के रखरखाव के दृष्टिगत सील्ड गोदाम का मासिक निरीक्षण किया जाना आवश्यक होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री संतोष बहादुर सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 2.60 लाख की अवैध स्मैक पकड़ी, एक तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना चिलकाना पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.60 लाख रूपये कीमत की 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

थाना चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक रोहताश कुमार व महिला उपनिरीक्षक माधुरी शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक शातिर नशा तस्कर गुफरान उर्फ सुस्सी पुत्र इरफान निवासी ग्राम दुमझेड़ा थाना चिलकाना को दुमझेडा से ग्राम नल्हेडा को जाने वाले रास्ते पर आम के बाग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नशा तस्कर के कब्जे से 2.60 लाख रूपये कीमत की कुल 13 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।

# अधिवक्ताओं ने किया कडी सुरक्षा के बीच अपने मताधिकार का प्रयोग




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के चुनाव में पहले दिन 1178 अधिवक्ताओं ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद कर दिया। कल (आज) दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जायेगा। दीवानी कचहरी परिसर में बनाये गये मतदान केन्द्र पर पहुंचकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को लेकर सुबह से अधिवक्ताओं में उत्साह दिखायी दिया। अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान ज्यादातर अधिवक्ता पश्चिम उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करते नजर आये। मतदान के दौरान विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थक मतदाताओं द्वारा अधिवक्ताओं से अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने की अपील की गई। मतदान के दौरान सहारनपुर से ताल्लुख रखने वाले सदस्य पद के प्रत्याशी अजय सिंह रोहिला व मेरठ निवासी प्रत्याशी अनिल कुमार तोमर के पक्ष में अधिवक्ताओं में जागरूकता दिखायी पड़ी। मतदान के दौरान सभी प्रत्याशियों के समर्थक अधिवक्ता अपने-अपने प्रत्याशी के जीत के दावे करते नजर आये। इस दौरान सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के महासचिव पालम राणा, वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अभय सिंह सैनी, मेरठ बार संघ के पूर्व अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार जांगिड़, विनय हटवाल, संध्या एडवोकेट, बोधराम धीमान एडवोकेट, जमाल साबरी, विनय चौहान समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# 40 दुकानों से हटवाया अतिक्रमण, 30 दुकानदारों से वसूला जुर्माना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अपना अभियान आज भी जारी रखते हुए वार्ड 26 में मानकमऊ बस स्टैण्ड से बड़ी नहर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान 40 से अधिक दुकानों से अतिक्रमण हटवाया गया तथा लगभग 30 दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में वार्ड 26 में गंगोह रोड स्थित मानकमऊ बस स्टैण्ड पहुंचा और बस स्टैण्ड से नहर के पुल तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान 40 से अधिक दुकानों से अतिक्रमण हटवाया गया। करीब 20 दुकानों के बाहर रखे बोर्ड और होर्डिंग हटाए गए तथा लगभग 30 दुकानदारों से 19 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। सड़क पर घास फैलाकर बेचने वाले दुकानदार पर दो हजार तथा मकान कंस्ट्रक्शन का सामान रेत-बजरी आदि सड़क पर फैलाकर बेच रहे एक दुकानदार पर तीन हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

# 1.40 करोड़ की अवैध स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना गंगोह पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.40 करोड रूपये कीमत की 502 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना गंगोह प्रभारी संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अतुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर नशा तस्कर साहिब पुत्र जुल्फिक्कार निवासी ग्राम घाटमपुर थाना नकुड़ को गंगोह बाईपास रोड विद्यार्थी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.40 करोड़ रूपये कीमत की 502 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/21(सी)/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

# पुण्य तिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया नमन



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण नमन किया और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन व्रत भी रखा। महानगर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी व पूर्व जिला अध्यक्ष मुजफ्फर अली ने बताया कि महात्मा गांधी दबे, कुचले, दलित लोगो की आवाज बने। महात्मा गाँधी के नाम से चलाई गई मनरेगा योजना का नाम बदलकर जी राम कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार अगर गरीब मजदूरों के लिए कुछ करना ही चाहती है तो नाम बदलकर ना करें काम कर कर दिखाएं। सरकार को अगर योजना लानी थी, तो जी राम करके कोई दूसरी योजना भी ला सकते थे। आखिर में महात्मा गांधी द्वारा चलाई गई मनरेगा योजना को ही क्यों उन्होंने टारगेट किया। महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि सरकार यूजीसी कानून तो लाना चाहती थी पर सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है उनके फैसले से हम संतुष्ट है।

# युवा नेता सोनू चौधरी ने सैकड़ो युवाओं के साथ थामा रालोद का दामन

*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान के नेतृत्व में युवा नेता सोनू चौधरी ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ पार्टी का दामन थाम लिया।

कोर्ट रोड स्थित महानगर कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने सभी युवा साथियों को राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के पटके पहनाकर स्वागत किया।

उन्होंने पार्टी ज्वाइन करने वाले सोनू चौधरी ने महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान को आश्वासन दिया कि हम अपनी पूरी युवाओं की टीम के साथ रात-दिन, तन-मन-धन से हमेशा पार्टी के साथ खडे रहेंगे। मंच संचालन कर रहे खेल प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष चौ.अरविन्द मलिक ने सभी युवा




साथियों को पार्टी मे शामिल होने पर स्वागत किया और सभी को मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया।

पार्टी ज्वाइन करने वालो मे अरुण पंवार, आशुतोष तोमर, गुलाब तोमर, अवित चौधरी, अजित चौधरी, मंजीत धौलरा, आदेश कुमार, रवि कुमार, संजय कुमार, प्रवीण गुर्जर, रामकुमार, अजय, अंकुर, गुलाब तोमर, विपिन गुर्जर, रामपाल सिंह, रूपचंद, सूरज, अंकुर चौधरी, विपुल बोहरा, आशुतोष तोमर, चौ.अजित, प्रमोद, विकास, उत्कर्ष, आदेश, गोलित, राजकुमार, कुलविंदर, निखिल, महबूब, मौ.इनाम, अजित, अजय सिंह, कर्मवीर, संजय कुमार, साहिल चौधरी, राहुल चौधरी, अमन चौधरी, सागर चौधरी, आशीष कुमार, सुरेश प्रधान, गयासु सिंह, विशु चौधरी, पुष्पेंद्र गुर्जर आदि शामिल रहे।

# कोडीनयुक्त कफसिरप की बोतल फर्जी बिल बनाकर बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने कोडीनयुक्त कफ सिरप की बोतल फर्जी बिल बनाकर बेचने के अभियोग में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार विगत् 2 दिसम्बर 2025 औषधि निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह की तहरीर पर आरोपी पंकज शर्मा पुत्र राजेश शर्मा निवासी ग्राम दाउदपुरा थाना बेहट के खिलाफ औषधि कोडीनयुक्त कफ सिरप की कुल 15450 बोतल, माल वितरक कैडीज लाइफ साइंस, 39/2/6, साइट-4 इण्डस्ट्रियल एरिया, साहिबाबाद से नियमानुसार क्रय करने के पश्चात इसे बिना विक्रय बिल के अपने नाजायज लाभ के लिए कूट रचित बिलों के आधार पर विक्रय करने तथा प्रार्थी लोक सेवक के अपेक्षा करने पर इस औषधि का क्रय-विक्रय बिल नहीं प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में थाना बेहट पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने पंकज शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया तथा विवेचना के आधार पर आरोपी पप्पू राम शर्मा उर्फ प्रदीप शर्मा पुत्र मायाराम शर्मा निवासी ग्राम मठियाना थाना चकराता जनपद देहरादून (उत्तराखण्ड) का नाम प्रकाश में आया एवं मुकदमा उपरोक्त में धारा 61(2) बीएनएस व 8(सी)/21/26(क) एनडीपीएस एक्ट की वृद्धि की गयी। श्री भाटी ने बताया कि आज उनके व निरीक्षक पंकज गौतम तथा उपनिरीक्षक अमित यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान वांछित आरोपी पप्पू राम शर्मा उर्फ प्रदीप शर्मा पुत्र मायाराम शर्मा निवासी ग्राम मठियाना थाना चकराता जनपद देहरादून (उत्तराखण्ड) हाल निवासी किराये का मकान मालिक भीम सिंह निवासी डाक पत्थर विकास नगर देहरादून को डाक पत्थर बैराज स्टेडियम विकास नगर से गिरफ्तार कर लिया।

# कैडेटों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को किया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** 26 यूपी बालिका बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित कैंप के सातवें दिन सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य शिक्षा एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैंप के अंतर्गत कैडेट्स द्वारा कन्या भ्रूण हत्या के विरोध में रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से समाज को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। साथ ही कचरा प्रबंधन विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया तथा डोर-टू-डोर अभियान चलाकर आमजन को स्वच्छता, कचरे के पृथक करण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इसके पश्चात जिला मेडिकल कॉलेज के काउंसलर अमित शर्मा द्वारा विभिन्न आयु वर्गों के लिए टीकाकरण विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, विभिन्न रोगों की जानकारी तथा महिलाओं के लिए पोषण के महत्व पर विशेष जोर दिया। अगले सत्र में मास्टर ट्रेनर सुश्री कोमल द्वारा बाढ़ के कारण, प्रभाव, आपदा प्रबंधन एवं तैयारी पर विस्तार से व्याख्यान दिया गया।

# पीएनबी पुवांरका में करोड़ों की कथित धोखाधड़ी का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बेहट क्षेत्र के ग्राम मंडला के ग्रामीणों ने पंजाब नेशनल बैंक, पुवांरका शाखा में करोड़ों रुपये की कथित धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि बैंक मैनेजर व कर्मचारियों ने आपसी मिलीभगत कर कई खाताधारकों के खातों से धनराशि निकाल ली है।

ग्राम मंडला के ग्रामीणों ने बताया कि जब वे अपने खातों से पैसे निकालने बैंक पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि खाते में राशि शून्य है। आरोप है कि बैंक मैनेजर द्वारा इस संबंध में पूछताछ करने पर उन्हें धमकाया गया और बैंक से बाहर निकाल दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि बैंक द्वारा एक निजी व्यक्ति पंकज पुत्र महेन्द्र, निवासी ग्राम मंडला, को खाता खोलने व लेन-देन के कार्य में लगाया गया था। आरोप है कि



उक्त व्यक्ति ने कई ग्रामीणों से लाखों-करोड़ों रुपये लेकर बैंक में जमा नहीं किए और खाताधारकों की पासबुक में पेन से फर्जी इंट्री कर दी। इतना ही नहीं, बैंक की मोहर लगी फर्जी रसीदें भी ग्रामीणों को दी गईं।

पीड़ितों ने आरोप लगाया कि दो चेक, जो एक खाते से दूसरे खाते में जमा किए जाने थे, उन्हें भी बैंक मैनेजर की कथित मदद से नगद निकाल लिया गया। बताया गया कि आरोपी पंकज 10 दिसंबर 2025 को फरार हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले की शिकायत पिछले 20 दिनों से संबंधित अधिकारियों को दी जा रही है, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

पीड़ित ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से मांग की कि बैंक मैनेजर तरुण अग्रवाल, अन्य बैंक कर्मचारियों तथा आरोपी पंकज के खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर उनकी गिरफ्तारी कराई जाए और ग्रामीणों की मेहनत की कमाई वापस दिलाई जाए।

# बीजेपी विधायक और कैबिनेट मंत्री आमने-सामने, जल संकट और सड़कों की मरम्मत को लेकर हंगामा

- कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में मंत्री ने बीस दिन के अंदर सभी समस्याओं का निस्तारण किए जाने का दिया आश्वासन

**अवधनामा संवाददाता**





**महोबा।** नमामि गंगे योजना के तहत जिले क ज्यादातर ग्रामों के बाशिंदों के घरो में पानी न पहुंचे और पाइप लाइन बिछाए जाने के बाद सड़को की मरम्मत न कराए की शिकायत को नाराज भाजपा चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत और जल शक्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के बीच झपड़ हो गई। बाद में मंत्री के कहने पर विधायक और उसके साथ आए आधा दर्जन ग्राम प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंचे और बैठक हुई। बैठक में मंत्री ने बीस दिन के अंदर सभी समस्याओं का निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया गया, तब कहीं जाकर मामला शांत हो सका। इस मौके पर डीएम, एसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई।

कैबिनेट मंत्री ने बैठक दौरान कहा कि बीस दिन बाद वह जिले का भ्रमण करके गांव गांव में चल रहे हर घर जल योजना के तहत कराए गए कार्य का निरीक्षण करेंगे। यदि योजना के तहत घरों में पानी न पहुंचने की शिकायत मिली, सड़के उखड़ी पाई गई तो संबन्धित अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। चरखारी विधायक ने बताया कि बैठक में कैबिनेट मंत्री ने बीस दिन के अंदर नमामि गंगे योजना का कार्य पूरा कराने, उखड़ी सड़कों को दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया है, इसके बाद भी यदि कार्य पूर्ण न होने और सड़के उखड़ी पाए जाने पर अधिकारियों को निलंबित करने का भरोसा दिया है। भाजपा विधायक ने कहा कि आज तो जल शक्ति मंत्री का रास्ता रोका है यदि ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर जल योजना के तहत घर घर में पानी नहीं पहुंचा तो वह अधिकारियों का घेराव कर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य हो जाएंगे। विधायक ने बताया कि उन्होंने सदन में भी हर घर जल योजना के अधूरे कार्यो को पूरा कराने का मुद्दा उठाया था। इंसेट

कैबिनेट मंत्री के कलेक्ट्रेट पहुंचने की खबर मिलते ही जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, सीओ सदर भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। कैबिनेट मंत्री के कलेक्ट्रेट में अचानक पहुंच जाने से हड़कंप मच गया। इसके बाद कलेक्ट्रेट का गेट बंद कर दिया गया और किसी भी नेता व मीडिया के लोगों को अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। कलेक्ट्रेट के गेट पर बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। कलेक्ट्रेट में जिले के आला अफसरों के अलावा जिला जज राम नगीना यादव भी पहुंच गए। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मुईनुल इस्लाम भी मौजूद रहे।

## एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

**महोबा।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# गांधी जी के स्मारक दिवस को स्वराज दिवस के रूप में मनाया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर सामाजिक संस्था काशीका फाउण्डेशन की ओर से 30 जनवरी को %स्वराज दिवस% के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक विनय कुमार चौरसिया ने कहा कि, गांधी जी के पुण्यतिथि को श्रद्धांजलि दिवस के रूप में नहीं अपितु उनके विचारों और आदर्शों को विश्व पटल पर लाने की जरूरत है। स्वराज किसी प्रकार के स्वतंत्रता की माँग नहीं है अपितु खुद को नियंत्रित कर स्वालम्बन हेतु चलाने वाली राष्ट्र व्यापी जागरूक आंदोलन था और आज भी इसका यही उद्देश्य है। आज मनुष्य स्वयं का ही शत्रु बन चूका है वो अच्छे एवं बुरे मे फर्क करने मे पूर्तिणः असमर्थ है। उन्होंने कहा कि,जिस प्रकार बादलो का एक समान रंग निर्जल प्रतीत होता है किन्तु उसमे रंग भर जाने मात्र से वो इंद्रधनुष का रूप ले सकता है उसी प्रकार मनुष्य के जीवन मे भी इंद्रधनुष के सात रंगो वाली सात सत्यकर्म किसी के भी जीवन को सार्थक बना सकता है। वो सात सत्कर्म है सत्य, सुख, शान्ति, सदभाव, सदाचार, संवेदना अथवा सद्गुण। इनके सृजन के भावना से ही आज महात्मा मोहन दास करम चंद्र गाँधी के पुण्यतिथि को ÷स्वराज दिवस÷ के रूप मे मनाते हुऐ सात दिपो को प्रज्जवलित कर किया गया है, काशीका फाउंडेशन के संस्थापक विनय कुमार चौरसिया एवं उनके सहयोगियों द्वारा।

समाज मे घर ही हिंसा का मौजूदा केंद्र बना हुआ है, घरेलू हिंसा एवं मानसिक उत्पीड़न के रूप मे तों क्या भाई, भाई का कत्ल कर दे, इस स्तिथि मे तों क्या गाँधी जी का अहिंसा का उपदेश ÷अहिंसा परमो धर्मः÷ मिथ्या मात्र तों नहीं हो सकता है। ÷आज के बदलते परिवेश मे लोगो की जरूरते ऐसे बदल रहे है जैसे वे जरूरते देश एवं आने वाले पीढ़ी से बढ़कर हो। ऐसी विकृत मानसिकता वाले भिन्न भिन्न विचारों से परिपूर्ण समाज मे ग़र कोई महात्मा समग्र विश्व को सद्बुद्धि का दर्शन करा सकता है तों वो स्वयं हमारे राष्ट्रपिता महात्मा मोहन दास करम चंद्र गाँधी ही हो सकते है। इस स्तिथि मे हमें आज का दिन उनकी पुण्यतिथि दिवस के रूप मे नहीं अपितु उनके विचारों को पूर्ण शक्ति के साथ विश्व पटल पर लाना चाहिये और ये भी समीक्षा करनी चाहिये कि ये शब्द कितनी सर्वभावमिक सत्य ही है।

## वाराणसी के मॉल में बिक रहा है 70 रु. लीटर पेयजल, पूछने पर गुंडागर्दी पर आमादा कर्मचारी

**(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** आजाद भारत के सपना देखने वाले कभी यह नहीं सोचा था कि भारत में एक दिन पेयजल 70 रुपये लीटर पीना पड़ेगा। नहीं तो जल क्रांति भी साथ में लेकर चलते आजादी के दीवाने। सिगरा स्थित आईपी सिनेमा में दर्शक पहुंचे पिक्चर देखने तो पानी का बोतल खरीद स्टिकर ?70 का देखकर दर्शक बोला इतना महंगा पानी कैसे ? जबकि ?20 का 1 लीटर मिलता है, तो माल कर्मचारियों ने उत्तर देते हुए जरा भी नहीं चुका कहा कि, यह इतना बड़ा भारी भरकम मॉल पर आए हैं और पानी का दाम पूछ रहे हैं ? आपको शर्म नहीं आती इतने में दर्शन खफा हो उठे और कहा कि सारे टैक्स के बावजूद ?70 लीटर पानी क्यों ले हम बाहर से आएंगे पानी लेकर तो माल कर्मचारियों ने कहा की पिक्चर देखना है तो पानी खरीदना होगा बाहर का पानी यहां पर ला नहीं सकते। जबकि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में घोर अन्याय होता देख सभी लामबंद होकर माल कर्मचारियों के खिलाफ बोलने लगे। मामला गुरुवार का बताया गया। जानकारी के अनुसार सिगरा आईपी सिनेमा देखने प्रत्यक्ष दर्शियोंने पेयजल की इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए दुख प्रकट किया।

## वाराणसी : कॉलेज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि को बताया प्रधानाचार्य

**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** एक्सपोजर विजिट पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, संस्कृति मंत्रालय के निदेशक डॉ धर्मचन्द चौबे से विद्यार्थियों संग मिले क्वींस कॉलेज के प्रधानाचार्य,क्वींस कॉलेज के इतिहास को देंगे राष्ट्रीय कला केंद्र में जगह, क्वींस कॉलेज के पुस्तकालय के डिजिटलीकरण के लिए महानिदेशक, राज्य पुस्तकालय कोलकाता से होगी बात।

कार्यक्रम पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट पर देश की राजधानी दिल्ली में वाराणसी के पीएम श्री राजकीय क्वींस कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कालेज के विद्यार्थी गए हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के भ्रमण के दौरान निदेशक डॉ धर्मचन्द चौबे ने क्वींस कॉलेज के प्रधानाचार्य सुमीत कुमार श्रीवास्तव से क्वींस कॉलेज की प्रतिष्ठित शैक्षिक धरोहर को राष्ट्रीय कला केंद्र में इतिहास के रूप में कलमबद्ध करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही क्वींस कॉलेज के पुस्तकालय के डिजिटलीकरण के लिए महानिदेशक, राज्य पुस्तकालय कोलकाता से इस संबद्ध में जल्द ही प्रस्ताव भेजने पर सहमति जताई। प्रधानाचार्य सुमीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह क्वींस कॉलेज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही उन्होंने बताया कि डॉ धर्मचन्द चौबे क्वींस कॉलेज के ही 1989 बैच के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने अपनी मातृसंस्था के समृद्धिकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और क्वींस कॉलेज को विद्यालय शिक्षा की परम्परा में एक विश्वविद्यालय की संज्ञा देते हुए इसे राष्ट्रीय स्तर का ऐतिहासिक विद्यालय बताया।

# महिला कैदी ने जिला अस्पताल में बेटी को दिया जन्म

- जेल प्रशासन ने बच्ची का ढोल नगाड़ो से किया जोरदार स्वागत
- फूलों से सजी एंबुलेंस को जिला अस्पताल से उपकारागार लाया गया
- बच्ची के स्वागत में जेल में जश्न का रहा माहौल

**अवधनामा संवाददाता**





**महोबा।** जिला उपकारागार में हत्या के आरोप में बंद महिला कैदी ने जिला अस्पताल में बेटी को जन्म दिया। बच्ची के पैदा होने पर जेल प्रशासन ने ढोल नगाड़े और एंबुलेंस को फूलों से सजाकर बच्ची का जेल में जोरदार स्वागत किया। बच्ची के स्वागत में जेल में जश्न का माहौल रहा। जेल कर्मी बच्ची को हाथों में लेर उसकी नजर भी उतारी साथ ही जिला जज से अनुमति लेकर जेल परिसर में छठी कार्यक्रम आयोजित किए जाने में लगा हुआ है।

जिला हमीरपुर निवासी सीमा अपने पति लोकेश के साथ प्रेमी की हत्या के आरोप में मई 2025 से जिला उपकारागार में बंद है, लेकिन जेल आने के समय सीमा पांच माह की गर्भवती थी। बीती रात जेल में सीमा को प्रसव पीड़ा हुई, जिस पर पुलिस अभिरक्षा में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। काफी देर बाद उसने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। जेलर पीके मिश्रा ने बच्ची के जन्म की खबर सुनकर उसके स्वागत को यादगार बनाने का फैसला किया।

जेलर के निर्देश पर एंबुलेंस को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया और मां बेटी को उसमें बैठाकर वापस उपकारागार लगया गया। जेल पहुंचने पर जच्चा बच्चा को देखने के लिए बंदी और कैदियों की भीड़ जुट गई वहीं महिला सुरक्षाकर्मियों ने बच्ची की नजर उतारी, उसे दुलार किया और निछावर भी की। जेलर पीके मिश्रा ने बच्ची को गोद में लेकर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही बच्ची के नामकरण की भी तैयारी की गई। जेल प्रशासन अब जिला जज से अनुमति लेकर जेल परिसर में ही छठी का कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी में है।

## पर्यावरण नियम पालन पर उद्योगों को बार बार नवीनीकरण से छूट : लघु उद्योग भारती



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** करखियाव औद्योगिक आस्थान,पिंडरा (वाराणसी) में आज गुरुवार को लघु उद्योग भारती संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा पर्यावरण नियमों के अनुपालन को सरल एवं प्रभावी बनाने हेतु लिए गए निर्णयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार पर्यावरण नियमों का पालन करने वाले उद्योगों को संचालन के लिए बार-बार पर्यावरण मंजूरी के नवीनीकरण की प्रक्रिया से राहत प्रदान कर रही है। वहीं, प्रदूषण फैलाने वाले तथा नियमों का पालन नहीं करने वाले उद्योगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिनमें आवश्यकतानुसार उद्योगों का बंद कराया जाना भी शामिल है।वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने वायु एवं जल प्रदूषण से संबंधित कानूनों के अंतर्गत दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत रेड श्रेणी के उद्योगों के आवेदनों के निस्तारण की समय-सीमा को 120 दिनों से घटाकर 90 दिन कर दिया गया है, जिससे उद्योग संचालन की अनुमति समयबद्ध रूप से मिल सकेगी। प्रदेश सचिव राजेश कुमार सिंह ने केंद्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि नियमों का पालन करते हुए उद्योग चलाने वालों को पर्यावरण मंजूरी के लिए बार-बार नवीनीकरण की प्रक्रिया से मुक्ति मिलनी चाहिए।

## सीपी इंटरनेशनल स्कूल में कब बुलबुल का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

**फर्रुखाबाद।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल में स्काउट गाइड की लघु शाखा कब और बुलबुल का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण दिनांक 28 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक चला । इस प्रशिक्षण में छात्राओं को अनुशासन, सेवा, रचनात्मकता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किए गए। प्रशिक्षण का संचालन जिला गाइड कमिश्नर श्री चमन शुक्ला द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को पर्यावरण सुरक्षा, व्यायाम, गीत-संगीत, झंडा गीत, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा के साथ-साथ अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएँ बनाने की कला सिखाई गई। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में आत्मनिर्भरता, सहयोग भावना एवं रचनात्मक सोच का विकास किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

# पीपीगंज में सड़क किनारे मिली महिला की लाश

- सिर ईंट से कुचला, फोरेंसिक व डॉग स्कायड जुटा रहे सबूत

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** पीपीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के उस वक्त हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे एक पुल के पास करीब 35 वर्षीय महिला की नग्न लाश मिलने की सूचना मिली।

राहगीरों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर अहम साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में यह साफ हो गया है कि महिला की बेरहमी से हत्या कर शव को यहां लाकर फेंका गया है। पहचान छिपाने की नीयत से महिला का सिर ईंट से कुचला गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों व पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला के शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जिससे यह आशंका और पुख्ता हो गई है कि हत्या से पहले या बाद में महिला के साथ क्रूरता की गई। शव मिलने की सूचना पर एसएसपी राज करन नय्यर स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसपी राज करन नय्यर ने बताया कि फिलहाल मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पहचान कराने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। साथ ही हत्या के कारणों और आरोपियों तक पहुंचने के लिए कई पहलुओं पर जांच चल रही है।

घटनास्थल पर डॉग स्क्रायड टीम भी लगाई गई। डॉग स्क्रायड शव मिलने की जगह से पुल की ओर चढ़ते हुए बैरघट्टा गांव तक गया, लेकिन करीब 200 मीटर आगे जाकर वापस लौट आया। इससे यह आशंका और मजबूत हो गई है कि हत्या कहीं और की गई और शव को यहां लाकर ठिकाने लगाया गया। मौके पर महिला के शव को कुछ दूरी तक घसीटने के भी निशान मिले हैं, जो इस बात की पुष्टि करते हैं कि लाश को योजनाबद्ध तरीके से फेंका गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल से कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। बरघट्टा गांव से करीब पांच किलोमीटर की दूरी पर संतकबीरनगर जिले की सीमा शुरू हो जाती है। ऐसे में यह भी आशंका जताई जा रही है कि हत्या किसी दूसरे जिले में कर शव गोरखपुर में लाकर फेंका गया हो। एसएसपी ने त्वरित खुलासे के लिए पुलिस की दो विशेष टीमें गठित की हैं। एक टीम मृतका की पहचान कराने में जुटी है, जबकि दूसरी टीम हत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी हुई है।

## क्षेत्राधिकारी गभाना मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त 'महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र' से सम्मानित

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा महाकुम्भ 2025 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए क्षेत्राधिकारी गभाना धनंजय सिंह को मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त 'महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र' से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी गभाना धनंजय सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके द्वारा महाकुंभ जैसे वृहद आयोजन में किए गए योगदान की सराहना की गई।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : प्रदूषण जांच केंद्रों का निरीक्षण, 91 वाहनों पर कार्रवाई

**अवधनामा संवाददाता, अलीगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाए जाने के क्रम में शुक्रवार को जिले में सघन प्रवर्तन एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। संभागीय निरीक्षक प्राविधिक अनुराग सिंह वर्मा ने जिले के 7 प्रदूषण जांच केंद्रों का निरीक्षण कर मशीनों की जांच की और संचालकों को ऐप के माध्यम से ही प्रदूषण जांच कर मानकानुसार प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। सभी केंद्र मानकों के अनुरूप संचालित पाए गए।

इसी दौरान प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा मार्ग चेकिंग के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 91 वाहनों के विरुद्ध चालान या बंद की कार्रवाई की गई। इनमें हेलमेट, सीट बेल्ट, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, ड्रंकेन ड्राइविंग एवं प्रदूषण से जुड़े मामले शामिल रहे। अभियान के दौरान वाहन चालकों व आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पैम्फलेट वितरित किए गए और नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बांकेबिहारी क्रिकेट टूर्नामेंट का भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिले के ग्रामीण अंचलों में आज का क्रिकेट टूर्नामेन्टों का शहरी के अलावा ग्रामीण खिलाड़ियों में क्रेज छाय हुआ है, जिसके चलते एक टूर्नामेंट समाप्त नहीं हो पाता तो दूसरा टूर्नामेंट आरम्भ हो जाता है। क्रिकेट टूर्नामेंटों के आयोजन जहां खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिल रहा वहीं क्रिकेट प्रेमियो को भी खेल का आनंद उठाने का मौका मिल रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड जैतपुर के गांव घंघौरा में बांकेबिहारी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट के पहले दिन दो मैच खेले गए, जिसमें सीगौन क्लब और दौरिया क्लब ने जीत दर्ज की।

बांकेबिहारी क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच नेगवां क्लब और सीगौन क्लब टीम के मध्य खेला गया। नेगवां टीम के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी कर फैसला लिया और अपने बल्लेबाजों को क्रीज पर बल्लेबाजी के लिए पहुंचाया। बल्लेबाजों ने निर्धारित 12 तक खेलने का प्रयास किया लेकिन 11वें ओवर में पूरी टीम 73 रन बनाकर आलआउट हो गई। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी सीगौन क्लब के ओपनर बल्लेबाजों ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए बिना विकेट खोए नो ओवर में 74 रन बनाकर मैच को जीत लिया। टूर्नामेंट में दूसरा मैच दौरिया क्लब और बिलहरी इलेवन के बीच हुआ जिसमे दौरिया क्लब के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लेते हुए अपने खिलाड़ियों को फील्डिंग में लगाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिलहरी टीम के बल्लेबाजों ने निर्धारित दस ओवर भी नहीं खेल सकी और 56 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरे दौरिया क्लब के ओपनर बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के गेंद पर चौके छक्कों की बारिश करते नौ ओवर में दस विकेट पर 57 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। मैच में अम्पायर अजेंद्र राजपूत और जीतेंद्र राजपूत रहे। कपिल और रोहित ने कमेंट्री और स्कोर बोर्ड के कार्य को संभाला। अंत में टूर्नामेंट के आयोजन पवन कुशवाहा, जीतेन्द्र राजपूत, किशुन कुशवाहा, हेमन्त अहिरवार ने सभी अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## डीएम की अध्यक्षता में बाल शिक्षा अधिकार के संबंध में समिति की बैठक संपन्न हुई

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) अंतर्गत संचालित आरटीई प्रवेश प्रक्रिया (शैक्षिक सत्र 2025-26) के संबंध में जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा-1 व पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। अलाभित समूह- अलाभित समूह की श्रेणी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शैक्षिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग तथा निःशक्त बच्चा एवं ए कैंसर पीड़ित माता-पिता अथवा अनाथ बच्चा (चाहे वह बाल गृह में हो)ऽदुर्बल वर्ग-दुर्बल वर्ग की श्रेणी में-जिनके माता-पिता या सरंक्षक सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत गरीबी रेखा के नीचे के कार्डधारक हैं। विकलांग/बृद्धावस्था/ विधवा पेंशन प्राप्त करते हैं या जिनकी अधिकतम वार्षिक आय 1,00,000/- तक है, को रखा गया है।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र संसद (मंत्री मंडल) का शपथ ग्रहण समारोह पूर्ण उत्साह के साथ हुआ सम्पन्न

- ईमानदारी से जो कमाता है, उसका समाज में हमेशा होना चाहिए सम्मान : मुख्य अतिथि

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को छात्र संसद (मंत्री मंडल) का शपथ ग्रहण समारोह पूर्ण उत्साह के साथ सम्पन हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर तहसीलदार दिवाकर मिश्र, विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भागीरथ नगायच व अन्य अतिथि लोगों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया, इसके बाद मां सरस्वती वंदना की गई। समारोह में नव निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को उनके पद एवं गोपनीयता के साथ साथ जिम्मेदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि ईमानदारी से जो कमाता है, उसका समाज में हमेशा सम्मान होना चाहिए। उन्होंने परिवारिक एकता के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन पूरे परिवार के साथ भोजन करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ने विद्यार्थियों को शपथ और संकल्प के बीच अंतर समझाया कि शपथ किसी को साक्षी मानकर ली जाती है, जबकि संकल्प स्वयं को साक्षी मानकर लिया जाता है। कहा कि शपथ किसी संस्थागत प्राधिकारी य ईश्वर के समक्ष लिया गया औपचारिक वादा है जो कानूनी रूप से बाध्यकारी होता है, जबकि संकल्प मन से लिया गया दृढ़ निश्चय व व्यक्तिगत इरादा है। प्रधानाचार्य कमलेश सक्सेना ने कहा कि विद्यालय में छात्रों विभिन्न पदों का कार्यभार कराने का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना है। कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना और स्कूल के सुचारू कामकाज में मदद सहित विद्यालय कार्य में सहयोग करना है।

समारोह के मौके पर मुख्य मंच पर उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक ढंग से रोली तिलक, बैच, अंगवस्त्र तथा स्मृति चित्र भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। समारोह के मौके पर छात्र संसद के प्रधानमंत्री पद पर नव्या सिंह ने शपथ ग्रहण की। अभय गौतम को सेनापति के रुप में शपथ ग्रहण की इसके अलावा जल मंत्री, विद्युत मंत्री, वंदना मंत्री, उद्यान सहित अन्य पदो के नवनिर्वाचित पदाधिकारी छात्र छात्राओं ने भी अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण ली। कार्यक्रम के समापन पर छात्र संसद प्रमुख गिरीश सक्सेना जी ने सभी उपस्थितजन एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त आचार्य बंधु, हॉस्टल प्रभारी देवेन्द्र सिंह, के अलावा नव्या सिंह, पुष्पेंद्र, राघव, यश बाजपेयी, अधिराज, अक्षर, पुनीत शुक्ला, देवांश,स्मीर, जय कटारे, राज यादव, सुहानी, नैतिक, मोनिका, अभय यादव, यशस्वी, सक्षम अनीष प्रजापति ओजश आदि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य पंडित जगप्रसाद तिवारी ने किया।

# मुकदमा वापसी तथा अन्य समस्याओं के समाधान का लिखित समझौते के बाद समाप्त हुई न्याय महापंचायत



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विभिन्न किसान संगठनों, विभिन्न दलों द्वारा गांधी पार्क में आयोजित न्याय महापंचायत में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी क्षेत्राधिकारी बीकापुर पीयूष जी, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकार सदर तथा थाना अध्यक्ष तारुन पहुंच कर निर्दोष व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही न करने तथा अप्रत्यक्ष रूप से मुकदमा समाप्ति व अन्य समस्याओं के समाधान आश्वासन दिया तत्पश्चात न्याय महापंचायत समाप्त करने की घोषणा की गई। न्याय महापंचायत में विधायक सिराथू डॉ0 पल्लवी पटेल, सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एस पटेल, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा, अपना दल बलिहारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज पटेल, कांग्रेस पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ,अजीत वर्मा सपा नेता विजय बहादुर वर्मा शोषित समाज दल के नेता महादेव वर्मा, रामकृपाल पटेल जनता दल यू नेता लव कुश पटेल भाकियू नेता अभय राज ब्रह्मचारी, शंकरपाल पांडे, रवि शंकर पांडे, फरीद अहमद, सूर्यनाथ वर्मा विकास वर्मा विवेक पटेल सरबजीत वर्मा महेंद्र वर्मा जगदीश यादव सहित दर्जनों नेताओं ने न्याय महापंचायत को संबोधित किया।

वक्ताओं ने थाना तारुन तथा थाना हैदरगंज में धरना कारियों के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमे की वापसी तथा शिवकुमार वर्मा निवासी सोनोरा गाऊ पुर की जान माल की सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की मांग कर रहे थे न्याय महा पंचायत में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दलबल के साथ पहुंचकर अप्रत्यक्ष रूप से मुकदमा समाप्त करने निष्पक्ष विवेचना करके निर्दोषों को परेशान न करने तथा शिवकुमार वर्मा को शस्त्र लाइसेंस एक हफ्ते के अंदर जारी करने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात न्याय महापंचायत समाप्त हो गई। न्याय महापंचायत में भारी संख्या में नर नारी किसानो ने भाग लिया और हुंकार भरी। और पुलिस प्रशासन को चेतावनी दिया है कि यदि किसी प्रकार से धोखा दिया गया तो मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

# अमर शहीदों की स्मृति में जिलेभर में दो मिनट का मौन

**अयोध्या।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में मंगलवार को जनपद में विभिन्न सरकारी कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।पूर्वाह्न 11 बजे आयुक्त कार्यालय में मंडलायुक्त राजेश कुमार ने अधीनस्थ असधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मौन धारण किया। वहीं कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीदों को नमन किया।इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने विकास भवन में, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने नगर निगम कार्यालय में तथा जनपद की समस्त तहसीलों, विकास खण्डों एवं विभागों में भी दो मिनट का मौन रखा गया।

# एसआईआर के तहत भाजपा ने अभियान चला कर प्रत्येक बूथ पर युवाओं से भरवाया मतदाता फार्म

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा महानगर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत महानगर के सभी बूथों पर न्यूनतम 20 नए मतदाता जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

अभियान के दौरान प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद प्रियंका रावत ने महाराजा इंटर कॉलेज, अम्बेडकर नगर तथा देवकाली शक्ति केंद्र पर आयु पूरी कर चुके युवाओं का फॉर्म संख्या-6 भरवाकर उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है और मतदाता बनकर युवा अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।वहीं क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने अवधपुरी वार्ड में 25 युवाओं को मतदाता बनने हेतु फॉर्म भरवाए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। इसके लिए पार्टी हर बूथ पर कार्यकर्ताओं के माध्यम से सतत प्रयास कर रही है। महानगर अध्यक्षा कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को प्रत्येक बूथ पर बीएलओ की मौजूदगी रहेगी, जहां एसआईआर से संबंधित आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान भाजपा के बीएलए एवं अन्य पदाधिकारी भी बूथों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने अपील की कि वे समय रहते अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं और किसी भी त्रुटि के समाधान के लिए निर्धारित बूथों पर संपर्क करें।

रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, मुकेश तिवारी, बाल कष्ण वैश्य, विनोद श्रीवास्तव, राम आशीष निषाद, श्यामलाल निषाद सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी बूथों पर फार्म सं 6 भरवाया।

## इंडियन काउंसिल ऑफ प्रेस की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन

**अयोध्या।** सर्किट हाउस में इंडियन काउंसिल ऑफ प्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती आपसी सहयोग और सामंजस्य से होती है। संगठन को तहसील स्तर तक विस्तार देने की आवश्यकता है, जिससे अधिक से अधिक पत्रकार संगठन से जुड़ सकें और आमजन की समस्याओं का समाधान भी संगठन के माध्यम से संभव हो सके। उन्होंने बताया कि आगामी 8 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।मुख्य अतिथि जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने

# बदली जाएगी नाली की टूटी पटिया, क्षतिग्रस्त सीवर की होगी मरम्मत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत भ्रमण पर निकले महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी का अवधपुरी कॉलोनी के नागरिकों ने पार्षद सौरभ सूर्यवंशी की अगुवाई में स्वागत किया। स्वागत की औपचारिकता के बाद नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार एवं नगर निगम की टीम के साथ लगभग दो घंटे भ्रमण चला। इस दौरान लोगों से जनसमस्याएं जानी और निदान का भरोसा दिया। महापौर सुबह लगभग 8:00 बजे अमानीगंज स्थित जलकर कार्यालय के सामने पहुंचे और अवधपुरी वार्ड में भ्रम शुरू किया। उनके साथ पार्षद सौरभ सूर्यवंशी के अलावा अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव, पूर्व पार्षद अशोका द्विवेदी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष आलोक द्विवेदी एवं पूर्व नगर अध्यक्ष मुरारी सहाय सिन्हा भी थे। सामुदायिक केंद्र के निकट नाला खुला देखकर



महापौर ने ढंकवाने का निर्देश दिया। कॉलोनी में प्रवेश करते ही लोगों ने महताबबाग के नाम से संचालित शराब की दुकान हटवाने की मांग की। महापौर ने संबंधित विभाग को पत्राचार करने का भरोसा दिया। सुमन मौर्य ने महापौर को बताया कि उनके घर के आसपास पांच घरों की सीवर लाइन अभी तक नहीं जोड़ी गई है। महापौर ने जलकर विभाग को जांच कर सीवर लाइन जोड़वाने का निर्देश दिया। भाजपा बूथ अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने कॉलोनी की खाली पड़ी जमीन पर पार्क बनवाने की मांग की। महापौर ने इसके लिए अवर अभियंता को स्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया। स्थानीय लोगों की मांग पर नगर आयुक्त ने पुरानी ट्यूबवेल के पास स्थित शौचालय को खोलने तथा खाली पड़ी जमीन पर गेट लगवाने एवं पार्क बनवाने का वादा किया। निरीक्षण के दौरान कई जगह नाली पर पत्थर की कमी देखकर महापौर ने आवश्यकतानुसार पत्थर रखवाने, स्लोप को बराबर कराने का निर्देश दिया। कॉलोनी स्थित पार्कों में बनाए गए पथ-वे के बीच मिट्टी भर कर बराबर करवाने तथा पेड़ों की छंटाई का वादा किया। इस दौरान योगाचार्य पार्क के सामने नीरज शुक्ल ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। उन्होंने जिम पार्क एवं बेल पार्क को हरा-भरा बनाने में जन सहयोग मांगा।

उन्होंने जालपा मंदिर के पास गड्ढा पाटने का निर्देश दिया। काली माता मंदिर के सामने सड़क पर सीवर क्षतिग्रस्त देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और तत्काल उसे सही करने का निर्देश दिया। परिक्रमा मार्ग को जोड़ने वाले कच्चा मार्ग पर पैदल चलकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई कर्मी मुस्तैद नजर आए और एंटी लार्वा का छिड़काव भी हो रहा था। इस दौरान कई जगह सड़क एवं नाली की सफाई, मरम्मत आदि समस्याएं आईं, जिसके निदान का महापौर ने भरोसा दिया।

अवधपुरी कॉलोनी में लोगों ने बातचीत के दौरान नगर निगम की पेयजल व्यवस्था की सराहना की। कर्मचारी नेता ओपी सिंह एवं अन्य ने बताया कि तीसरी मंजिल तक बिना मोटर चलाए टंकी में पानी आसानी से भर जाता है और 24 घंटे पानी भी उपलब्ध रहता है।

## ग्राम जन चौपाल में अधिकारियों की गैरहाजिरी, बहिउद्दीनपुर में रहा सन्नाटा

**बीकापुर-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खंड बीकापुर की ग्राम पंचायत बहिउद्दीनपुर एवं दशरथपुर में शुक्रवार को ग्राम जन चौपाल आयोजित किए जाने का रोस्टर जारी किया गया था, लेकिन बहिउद्दीनपुर ग्राम पंचायत में जन चौपाल औपचारिकता बनकर रह गई। सुबह 11 बजे पंचायत भवन खुला मिला, लेकिन वहां कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था और न ही ग्रामीण पहुंचे। मौके पर केवल पंचायत सहायक सुचित कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि अभी तक कोई अधिकारी नहीं आया है। ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि उन्हें ग्राम जन चौपाल के आयोजन की कोई सूचना नहीं दी गई थी। इस संबंध में एडीओ पंचायत अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत सचिव सोनम गुप्ता अवकाश पर हैं।

## गंभीर मुकदमे का आरोपी थाने में खेलता दिखा, बहेड़ी पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** बहेड़ी थाना क्षेत्र से जुड़ा एक संगीन आपराधिक मामला इन दिनों पुलिस की कार्यशैली को लेकर तीखी बहस का विषय बना हुआ है। जानलेवा हमले जैसे गंभीर आरोपों में नामजद व्यक्ति को लेकर सामने आई गतिविधियों ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, थाना बहेड़ी में क्राइम नंबर 22/2026, दिनांक 7 जनवरी 2026 को प्रशांत शर्मा निवासी केशवपुरम की तहरीर पर सूर्या कुर्मी समेत अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। तहरीर में आरोप लगाया गया कि खनन से जुड़े लोगों ने एक राय होकर प्रार्थी को घेर लिया, असलहा दिखाकर धमकाया, गाली-गलौज की और बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की गई, हालांकि प्रार्थी संयोगवश बच गया मामला दर्ज होने के बाद आमतौर पर पुलिस से त्वरित गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की अपेक्षा की जाती है, लेकिन इस प्रकरण में हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों और सूत्रों का दावा है कि नामजद आरोपी सूर्या कुर्मी को हाल ही में बहेड़ी थाना परिसर में ही पुलिसकर्मियों के साथ वॉलीबॉल खेलते हुए देखा गया। इस दृश्य के सामने आते ही क्षेत्र में पुलिस और आरोपी के बीच नजदीकी संबंधों की चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि सूर्या कुर्मी लंबे समय से अवैध खनन गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि रात के समय भारी वाहनों के जरिए मिट्टी खनन का खेल खुलेआम चलता है, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। गंभीर मुकदमे के बावजूद आरोपी की सक्रियता और पुलिस से कथित मेलजोल ने सवालों को और गहरा कर दिया है।

## पेट्रोल बम, तेजाब और पथराव बरेली बलवे की FSL रिपोर्ट ने खोली खौफनाक साजिश, मौलाना तौकीर रजा की बढ़ीं मुश्किलें

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** 26 सितंबर को बरेली में हुए बवाल को लेकर मौलाना तौकीर रजा और उनके साथियों की कानूनी मुश्किलें लगातार बढ़ती नजर आ रही हैं। इस मामले में आई फॉरेंसिक साइंस लैब की रिपोर्ट ने हिंसा की भयावहता और साजिश की परतें खोलकर रख दी हैं। रिपोर्ट में साफ तौर पर पुष्टि हुई है कि बलवा के दौरान उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर पेट्रोल बम और तेजाब से हमला किया था। जांच के दौरान घटनास्थल से जो अवशेष बरामद किए गए, उनमें शीशे के टुकड़े, पेट्रोल के अंश और तेजाब के रासायनिक तत्व पाए गए हैं। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि यह कोई सामान्य झड़प नहीं, बल्कि सुनियोजित और घातक हमला था। रिपोर्ट के मुताबिक, उपद्रवियों ने न सिर्फ पुलिस पर जमकर पथराव किया, बल्कि जानलेवा मंशा से पेट्रोल बम फेंके और एसिड अटैक तक किया गया। इस हिंसा में एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए थे। हालात इतने बेकाबू हो गए थे कि उपद्रवियों ने पुलिस का वायरलेस सेट और एंटी-रायट गन तक छीन ली। ऋरु रिपोर्ट ने इन घटनाओं की भी पुष्टि कर दी है, जिससे पुलिस के दावे और मजबूत हो गए हैं।

# शराब की लत ने छीना बाप का बुद्धि & विवेक, अपने ही बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला

## शराब के नशे में अंधे पिता ने अपने बेटे को ही मौत के मुहाने पर पहुंचाया

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** शराब की लत किस कदर इंसान को हैवान बना सकती है, इसका दिल दहला देने वाला मामला बरेली जिले के आंवला थाना क्षेत्र से सामने आया है। यहां नशे में धुत एक पिता ने अपने ही बेटे पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है और वह जिंदगी व मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घटना आंवला थाना क्षेत्र के पालमपुर गोटिया गांव की है। जानकारी के अनुसार, 30 वर्षीय सत्येंद्र ने अपने पिता राजेंद्र को शराब पीने से रोकने और समझाने की कोशिश की थी। बेटे की यह बात पिता को इतनी नागवार गुज़री कि उसने आपा खो दिया और कुल्हाड़ी उठाकर सत्येंद्र के सिर और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। घायल युवक की मां कमला देवी ने बताया कि आरोपी राजेंद्र वर्षों से शराब का आदी है। नशे की वजह से वह परिवार की जमीन तक बेच चुका है। घर में आए दिन झगड़े, गाली-गलौज और मारपीट आम हो गई थी। सत्येंद्र परिवार को इस बर्बादी से बचाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उसी कोशिश की उसे भारी कीमत चुकानी पड़ी। कमला देवी ने बताया कि उनके चार बेटे हैं और सभी पिता की शराब की आदत से त्रस्त हैं। जब भी बच्चे विरोध करते हैं, राजेंद्र हिंसक हो जाता है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में कोई और बड़ी अनहोनी हो सकती है।

## कोर्ट जा रहे ग्रामीणों का टैंपो पलटा, रोडवेज बस की टक्कर से दो घायल

**बरेली।** थाना भमोरा क्षेत्र में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में कोर्ट की तारीख पर जा रहे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव चंदउआ निवासी चार ग्रामीण टैंपो से बरेली कचहरी जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनके वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा रामगंगा पुल से पहले अखा क्षेत्र के पास हुआ। टैंपो में सवार भानु प्रताप पुत्र केदार और रामोतार पुत्र ननकू को गंभीर चोटें आईं, जबकि राम सिंह पुत्र मुंशीलाल और ननकू बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने के बाद रोडवेज बष्ठस चालक बस को मौके से लेकर फरार हो गया। वहीं, टैंपो चालक भी वाहन छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त टैंपो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि फरार बस की पहचान की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## गन्ना मिल से शुरू हुआ ट्रैफिक का महाअभियान, अवैध स्टैंड पर पुलिस की सीधी चोट

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** शहर की सड़कों पर जाम, अव्यवस्था और अवैध वसूली का कारण बन चुके अवैध स्टैंडों पर अब पुलिस ने निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार से 'कोना छोड़ो अभियान' की शुरुआत कर दी। अभियान का पहला प्रहार बदायूं रोड स्थित गन्ना मिल के पास संचालित अवैध स्टैंड पर हुआ, जहां सख्त कार्रवाई कर साफ संदेश दे दिया गया कि अब सड़क पर मनमानी नहीं चलेगी। अभियान के पहले ही दिन ट्रैफिक पुलिस ने गन्ना मिल क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े ऑटो, टेंपो और अन्य वाहनों को हटवाया। मौके पर 20 वाहनों का चालान किया गया। कार्रवाई को देखकर कई चालक अपने वाहन लेकर मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने चेतावनी दी कि दोबारा अवैध स्टैंड पर वाहन खड़ा मिला तो सीधे सीज की कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई केवल स्टैंड हटाने तक सीमित नहीं रहेगी। जहां-जहां अवैध स्टैंड संचालित हो रहे हैं, वहां से अवैध वसूली करने वालों की भी पहचान की जा रही है। ऐसे तत्वों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई तय है। कुछ संचालक जनप्रतिनिधियों का नाम लेकर अवैध स्टैंड चला रहे थे, लेकिन अब जनप्रतिनिधियों ने भी ऐसे लोगों पर कार्रवाई का समर्थन किया है। एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए शहर को चार जोन में बांटा गया है। चार जोन प्रभारी और उनके सहायक अधिकारियों के नेतृत्व में कुल आठ टीमें गठित की गई हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध स्टैंड और अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई करेंगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कोना छोड़ो अभियान 15 दिनों तक विशेष रूप से चलेगा, लेकिन इसके बाद भी कार्रवाई बंद नहीं होगी। इसे स्थायी व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा ताकि शहर को जाम और अव्यवस्था से स्थायी राहत मिल सके। नियम तोड़ने वालों के वाहन सीज किए जाएंगे।

## रेलवे कर्मचारी की सतर्कता से टली बड़ी रेल दुर्घटना, GM ने किया 'सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ' से सम्मानित

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री उदय बोरवणकर ने संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन कर्मचारियों को सम्मानित किया। 28 जनवरी 2026 को महाप्रबंधक सभाकक्ष में आयोजित समारोह के दौरान उन्हें 'सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ' की उपाधि, नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर इज्जतनगर मंडल के मन्धना स्टेशन पर तैनात इलेक्ट्रिक सिगनल मेंटेनर श्री देवानन्द कुशवाहा के कार्य की विशेष रूप से सराहना की गई। 3 नवंबर 2025 को चैबेपुर स्टेशन मास्टर द्वारा यार्ड क्षेत्र में सिगनल फेल होने की सूचना मिलने पर उन्होंने ट्रैक सर्किट की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान ट्रैक वेल्डिंग में दरार दिखाई दी, जिसकी जानकारी उन्होंने तत्काल स्टेशन मास्टर को दी। सूचना मिलते ही रेल पथ निरीक्षक द्वारा संबंधित ट्रैक की मरम्मत कराई गई, जिससे एक संभावित गंभीर दुर्घटना को समय रहते टाल दिया गया। श्री कुशवाहा की सजगता, जिम्मेदारी और त्वरित निर्णय ने रेल संरक्षा को मजबूती प्रदान की।

# नाली जाम से सड़क पर बह रहा गंदा पानी



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** विकास खंड मिठौरा क्षेत्र के ग्राम सभा पिपरा कल्याण में सड़क पर महीनों से नाली का गंदा पानी बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नालियों के ओवरफ्लो होने के कारण सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गंदे पानी की दुर्गंध के कारण मतीबर की मां बीमार हो गई हैं, वहीं कई लोग फिसलकर गिर चुके हैं। मजबूरी में लोगों को इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। पानी सड़ने के कारण घरों में रहना तक मुश्किल हो गया है। दिन ही नहीं, रात के समय भी सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है। कई बार स्कूली बच्चे बैग सहित गंदे पानी में गिर चुके हैं। ग्रामीण मतीबर, इथराज कन्नौजिया, काली चरण, शोरई यादव, छोटकन कन्नौजिया, भरोसा पटेल, जंत्री शर्मा, सुभाष शर्मा, भुलई यादव, नरेश व नारायण सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि समस्या की शिकायत ग्राम प्रधान से लेकर संबंधित अधिकारियों तक कई बार की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## यूपीआई ठगी का दो हजार रुपये खाते में कराया वापस

**सिन्दुरिया(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति की यूपीआई से दो हजार रूपये की ठगी हुई शिकायत का निदान करते हुए पुनः उसके खाते में धनराशि वापस करायी। थानाध्यक्ष सिन्दुरिया राजकुमार सिंह ने बताया कि 29 जनवरी को जनपद के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मोहम्मदपुर निवासी सुदामा उपाध्याय ने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करते हुए उनके साथ यूपीआई फाड से दो हजार रूपये की ठगी का मामला अवगत कराया था। इसके बाद थानाध्यक्ष श्री सिंह के नेतृत्व में गठित साईबर हेल्प टीम महिला उप निरीक्षक प्रियंका मौर्या, प्रवीण गुप्ता, आयुष राय एवं अस्तुरन की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 30 जनवरी को दो हजार रूपये की धनराशि आवेदक के खाते में वापस कराया गया। आवेदक सुदामा उपाध्याय द्वारा सिन्दुरिया पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

# कुष्ठ जागरूकता के लिए कर्मचारियों ने लिया शपथ



**सिन्दुरिया (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर के सभागार में शुक्रवार को डिप्टी सीएमओ डा. केपी सिंह की अध्यक्षता में महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री सिंह ने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान ( 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 ) का शुभारंभ किया। साथ ही कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने की स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाये। इस अवसर पर डा. वसीम , डा पुनीता , राहुल सिंह, सूर्य प्रताप सिंह , नागेंद्र पाण्डेय, पुष्पा , अनुराधा सिंह , प्रियंका गुप्ता, नीलम यादव एवं संजुला सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# शिक्षा चौपाल में अभिभावकों संग हुआ चर्चा

*अवधनामा संवाददाता*




**महराजगंज।** बड़हरा महंथ संकुल के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरा दुबे के प्रांगण में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ एआरपी अरविन्द जायसवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन कर किया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राएँ करिश्मा, सृष्टि, शिवानी, अनुराधा एवं अर्चना द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। शिक्षक संकुल अजय तिवारी ने डीबीटी से संबंधित जानकारी साझा की, जबकि छात्राओं रिमझिम, कल्पना, काजल, सलोनी, गुंजा एवं करीना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संकुल शिक्षक पुरंजय राय ने बेसिक शिक्षा में डिजिटलाइजेशन की दिशा में हो रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान शुभांगी एवं नित्या ने ÷बेटी हूँ मैं बेटी÷ विषय पर आधारित नृत्य प्रस्तुति दी, वहीं संकुल शिक्षक हौशला चौरसिया ने कायाकल्प मिशन पर विस्तार से अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि अरविन्द जायसवाल ने निपुण भारत मिशन पर विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय को निपुण बनाने की रणनीति पर शिक्षकों से संवाद किया। इस अवसर पर निपुण गीत पर करिश्मा, सृष्टि, लक्ष्मीना एवं कृति की प्रस्तुति को सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में सहायक अध्यापिका मोनीता यादव ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. सतीश त्रिपाठी द्वारा किया गया। चौपाल में बड़हरा महंथ से पुरंजय राय व सुनील कुमार, बरवा कला से मिथिलेश पाल व कंचन यादव, गौरी बढ़ाईपुरवा से हौशला चौरसिया व हरिकेश, खुड़री से आशुतोष पटेल व अजय तिवारी, धन्नी टोला से सूर्य नारायण, सोफड़ा से विश्वजीत व राजकुमार तथा गौरा दुबे से रामाशीष व अशोक उपस्थित रहे। इस अवसर पर संकुल के सभी विद्यालयों के निपुण बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

# उपमुख्यमंत्री ने किया महोत्सव के तीसरे दिन का शुभारम्भ

**बुद्ध कल भी प्रासंगिक थे, आज भी प्रासंगिक हैं और आगे भी रहेंगे : केशव प्रसाद**



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 केशव प्रसाद मौर्य द्वारा सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर क्षेत्र सहजानन्द राय, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के साथ द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं माँ सरस्वती एवं गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सिद्धार्थनगर महोत्सव-2026 के तीसरे दिन का शुभारम्भ किया गया।

जिलाधिकारी ने उपमुख्यमंत्री को बुके देकर स्वागत किया। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक/शिक्षिकाओ द्वारा सरस्वती बन्दना प्रस्तुत किया गया तथा शिवपति इन्टर कालेज शोहरतगढ़ के छात्राओं द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सिद्धार्थनगर महोत्सव-2026 के कार्यक्रम में आने का मौका मिला और पिपरहवा स्तूप का दर्शन करने का सौभाग्य मिला। आप सभी का धन्यवाद। यह सबसे बड़ा बौद्ध तीर्थ स्थल है। पूरे विश्व में सबसे अधिक पूजा गौतम बुद्ध की होती है। गौतम बुद्ध ने शान्ति और अंहिसा का ज्ञान दिया। बुद्ध कल भी प्रासंगिक थे और आगे भी प्रासंगिक रहेंगे। प्रधानमंत्री जी कहते है हमने संसार को बुद्ध दिया है युद्ध नही। काला नमक चावल गौतम बुद्ध ने काला नमक चावल प्रसाद के रूप में दिया है। जिसकी पैकेजिंग कर पूरे विश्व में भेजा जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम कर रही है। 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र होगा। सिद्धार्थनगर को अग्रणी जनपद बनने से कोई नही रोक सकता है। सिद्धार्थनगर के विकास के लिए सरकार का खजाना समर्पित है। भगवान बुद्ध के अवशेष को मेरे नेतृत्व में रूस भेजा गया था। यह अवशेष पिपरहवा में खुदाई से निकला था। मै प्रयास करूंगा कि उसका अंश पिपरहवा में रखा जाये। बुद्ध के अनुयायी यहां पर दर्शन करने आयेगे। सिद्धार्थनगर का विकास कपिलवस्तु का विकास कोई रोक नही पायेगा। बुद्ध से जुड़े स्थानों को सड़क, रेज और हवाई मार्ग से जोड़ने का काम किया जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत, विकसित उ0प्र0 बनेगा। आप लोग आगे बढ़िये, प्रधानमंत्री जी ने यूरोप के बाजार आपके लिए खोल दिया है। भारत विश्व गुरू बनेगा। सिद्धार्थनगर महोत्सव-2026 के भव्य आयोजन हेतु जिलाधिकारी एवं आयोजन टीम को बधाई और शुभकामनाएं दिया।

सांसद जगदम्बिका पाल उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत करते हुए कहा कि 2026 का महोत्सव ऐतिहासिक महोत्सव है। 1988 में जनपद बना। आज पहली बार है कि महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री जी ने किया तथा आज उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी भी आये है। यह हम सभी लोगो के लिए सौभाग्य कही बात है। पिपरहवा के अवशेष 127 वर्ष बाद वापस आयेंगे। आज गौतम बुद्ध की धरती के लिए सौभाग्य का दिन है। विधायक श्यामधनी राही ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि आज आपके द्वारा पिपरहवा में स्तूप पर जाकर की पूजा की गयी। तथा भन्तेगणों से संवाद किया तथा उन्हें सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर सहजानन्द राय ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों मे महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा अन्य सभी का स्वागत किया। कहा कि आज उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पिपरहवा में पहुँचकर स्तूप पर पूजन किया है। अब निश्चय ही कपिलवस्तु का विकास होगा।

इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल पूर्व विधायक इटवा डा0 सतीश द्विवेदी, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, अन्य पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव में निपुण बच्चों का सम्मान, बुनियादी शिक्षा पर दिया गया जोर

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शिवपति इंटर कॉलेज सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बुनियादी साक्षरता एवं शिक्षा के सार्वभौमिकरण को लेकर 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' (उत्सव) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनकी प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाना रहा।

कार्यक्रम में ब्लॉक संसाधन केंद्र शोहरतगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी कोलोकेटेड विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों के पठन-पाठन और सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के 40 निपुण बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

मुख्य अतिथि शिवपति इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक यदि अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें तो नौनिहालों का भविष्य संवारा जा सकता है। बाल विकास पुष्टाहार एवं बेसिक शिक्षा विभाग के आपसी समन्वय से ही बुनियादी शिक्षा को वास्तविक मजबूती मिलेगी।

खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना और अभिभावकों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि बच्चों को निपुण लक्ष्यों एवं मूलभूत साक्षरता के प्रति प्रेरित कर शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाई जा रही है। कार्यक्रम में शत-प्रतिशत उपस्थिति, निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति और प्री-प्राइमरी शिक्षा में किए जा रहे प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह ने किया।

इस मौके पर रामविलास यादव, मनोज यादव, लालजी यादव, प्रवीण यादव, अशोक कुमार, संजीव राम, अम्बरीश श्रीवास्तव, मोहम्मद नैयर सिद्दीकी, दीपक वर्मा, विनीत मिश्रा, हाजरा खातून, जोहरा खातून, सरिता, गीता, अंजलि, राधिका, सुनीता, शशिबाला, सीमा श्रीवास्तव, प्रमिला, ज्योति विश्वकर्मा, लक्ष्मी, अंजू, आनंद प्रसाद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण में एसएमसी के अधिकार-कर्तव्यों पर फोकस, विद्यालय सुधार पर दिया गया जोर



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शिवपति इंटर कॉलेज सभागार में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) अध्यक्षों एवं प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में एसएमसी के कर्तव्य, दायित्व और अधिकारों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह एवं संदीप ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन, उसकी भूमिका, निपुण भारत मिशन तथा विद्यालय विकास योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसएमसी की सक्रिय भागीदारी से विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में ठोस सुधार संभव है।

खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से विद्यालयों की संचालन व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नामांकन बढ़ाने और बच्चों के ठहराव को सुनिश्चित करने के लिए एसएमसी और अभिभावकों की सहभागिता बेहद जरूरी है। विद्यालय में रुचिपूर्ण वातावरण का निर्माण सामूहिक प्रयास से ही संभव है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विक्रम प्रसाद यादव, रामविलास यादव, प्रवीण यादव, कृपा शंकर त्रिपाठी, अवधेश सिंह, मनोज कुमार, अशोक कुमार, अतिउल्लाह, अमरेश कुमार, दीनदयाल, निसार चौधरी, दीपक वर्मा, सरिता यादव, विनीत मिश्रा, मधुलिका खरे, परमानंद श्रीवास्तव, जीत बहादुर चौधरी, राजकुमार, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र प्रजापति, संजीव राम, प्राची त्रिपाठी, अब्दुल वफा, अजय गुप्ता, फजलुर रहमान एवं राजेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में प्रधानाध्यापक व एसएमसी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक बैठक की।

उन्होंने बैठक में स्ढ्ढक्रको लेकर गहन चर्चा किया एवं पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उप मुख्यमंत्री ने अपने वक्तव्य से कार्यकताओं में ऊर्जा डाल दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा, सांसद जगदंबिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, पूर्व मंत्री डॉ.सतीश द्विवेदी, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह, जिला मिडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रति.उपेंद्र सिंह, सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, साधना चौधरी, राम कुमार कुंवर, लाल जी त्रिपाठी सहित जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष गण उपस्थित रहें।

## मनकापुर में गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चालक की दबकर दर्दनाक मौत

**गोंडा।** जिले के मनकापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात को एक दर्दनाक हादसा हो गया। गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे चालक की मौके पर ही दबकर मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान रक्षाराम के रूप में हुई है, जो मोतीगंज थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव का निवासी था। वह मनकापुर से दतौली चीनी मिल की ओर गन्ना लेकर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा सीडीएस स्कूल के पास उस समय हुआ, जब ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रॉली के नीचे दबने से रक्षाराम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मनकापुर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि किसान गन्ना बेचने के लिए स्वयं ट्रैक्टर चलाकर चीनी मिल जा रहा था,तभी यह हादसा हुआ है।

# लेखपाल संघ तहसील इकाई बांसी का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिलाध्यक्ष एवं जिलामंत्री लेखपाल संघ के दिशा-निर्देश के क्रम में लेखपाल संघ तहसील इकाई बांसी का सांगठनिक चुनाव जिला निर्वाचन समिति की निगरानी में शुक्रवार को नामित चुनाव अधिकारियों की देखरेख में पूरी पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

चुनाव में पूर्व तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार गौतम एवं पूर्व मंत्री भानु प्रताप ने भारी मतों से विजय प्राप्त कर हैट्रिक लगाई। कुल 160 लेखपालों में से 159 लेखपालों ने मतदान कर चुनाव में सक्रिय सहभागिता निभाई, जिसमें 32 महिला एवं 128 पुरुष लेखपाल शामिल रहे। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में विनोद कुमार गौतम ने 97 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमित को 36 मतों से पराजित किया, जिन्हें 61 मत मिले। वहीं मंत्री पद के चुनाव में भानु प्रताप ने 101 मत हासिल कर विपुल तिवारी को 43 मतों के अंतर से शिकस्त दी, विपुल तिवारी को 58 मत प्राप्त हुए।

इसके अतिरिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आनंद राव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमरनाथ त्रिपाठी, उपमंत्री नितिन कुमार, कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमार तथा संप्रेक्षक पद पर अखिल कुमार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही लेखपालों में उत्साह का माहौल रहा।

## इटवा में राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया, 13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान



अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। इस मौके पर 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से इलाज योग्य है और नियमित उपचार से यह रोग ठीक हो जाता है। उन्होंने बताया कि यदि शरीर के किसी भी हिस्से में सुन्न दाग, चकत्ते या धब्बे दिखाई दें तो यह कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा में जांच कराकर उपचार अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि 6 माह से 1 वर्ष तक निरंतर उपचार से रोग पूरी तरह ठीक हो जाता है। कार्यक्रम के दौरान अधीक्षक डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी सहित अन्य चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित रहे। डॉ. वी.के. सिंह,डॉ. सुनील कुमार चौधरी, डॉ. शिव शंकर,खेम राज लाल, ओम प्रकाश त्रिपाठी, अनिरुद्ध वर्मा,माता प्रसाद चौधरी, अनिल कुमार यादव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति, डॉ. प्रियंका, शमीमा खातून,प्रवेश वर्मा, घनश्याम, राधेश्याम, हरीश चंद चौरसिया, मुकेश त्रिपाठी, दीपनारायण चौधरी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 19 वर्षीय युवती की मौत, इलाके में फैली सनसनी

**गोण्डा।** जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत ठेरहंस बाबा पुरवा गांव में गुरुवार रात एक 19 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती का शव घर के भीतर कमरे में बिजली के प्रेस से चिपका हुआ मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान रोशनी के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, रोशनी रात में कपड़े प्रेस करने के लिए अपने कमरे में गई थी। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने समझा कि वह सो गई होगी। लेकिन सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा खोलने पर परिजनों के होश उड़ गए। रोशनी का शव कमरे में जमीन पर पड़ा हुआ था और उसका हाथ बिजली के प्रेस से चिपका था। परिजनों का कहना है कि प्रेस में अचानक करंट उतरने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया,जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर 2000 हेलमेट का डीएम की अध्यक्षता में हुआ वितरण



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (1 जनवरी से 31 जनवरी 2026) के 30वें और अंतिम दिन जनपद अम्बेडकर नगर में बड़े पैमाने पर हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। टाण्डा के सम्हरिया चौराहे पर जिला मजिस्ट्रेट अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में लगभग 2000 हेलमेटों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) अयोध्या राजकुमार सिंह सहित उप जिलाधिकारी टाण्डा, क्षेत्राधिकारी टाण्डा, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सौरभ सिंह, उप जिलाधिकारी टांडा डॉक्टर शशि शेखर, सीओ टाण्डा शुभम सिंह,एनटीपीसी टाण्डा के उपमहाप्रबंधक अनुराग सिन्हा और अल्ट्राटेक सीमेंट के महाप्रबंधक एवं मानव संसाधन के प्रमुख करुणाकरण तिवारी तथा यातायात उप निरीक्षक जय बहादुर यादव समेत अन्य स्टेक होल्डर्स मौजूद रहे।कार्यक्रम में एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और मिझौड़ा चीनी मिल के सीएसआर कोष से प्राप्त हेलमेट वितरित किए गए।जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद की सभी तहसीलों में भी हेलमेट वितरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।हेलमेट वितरण के दौरान आमजन से अपील की गई कि दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें, क्योंकि दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट पहनने से जान बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। साथ ही सड़क सुरक्षा के अन्य महत्वपूर्ण नियमों का पालन करने की सलाह दी गई।

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। हेलमेट और अन्य नियमों का पालन करके हम न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकते हैं। इस माह भर चले अभियान के तहत जनपद में जागरूकता फैलाने और प्रवर्तन कार्यवाही करने में सभी विभागों ने उत्कृष्ट सहयोग किया।यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा देना है।

## अध्यक्ष व प्रतिनिधि ने किया सफाई प्रभारियों और पथ प्रकाश प्रभारी के साथ बैठक



**बांसी सिद्धार्थनगर।** आगामी पर्व व त्योहार को मद्देनजर नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी के प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीश पटवारी ने नपा कार्यालय में सफाई प्रभारियों और पथ प्रकाश प्रभारी के साथ बैठक कर नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने पर विचार किया। उन्होंने कहा कि तीन फरवरी को शब ए बारात है, इसके बाद महाशिवरात्रि है और उसके बाद पवित्र रमजान माह शुरू हो जाएगा। ऐसे में तीन फरवरी से पहले पथ प्रकाश और सफाई की व्यवस्था की दुरुस्त कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि शब ए बारात में लोग रात में जागकर कब्रगाहों में इबादत करते है। ऐसे में नगर की कब्रगाहों में जाने वाली सड़क व रास्ते की साफसफाई दुरुस्त कर दिया जाय और जिस पोल पर लाइट नहीं जल रही है उसे ठीक कर दिया जाय। बैठक में तकनीकी सहायक अब्दुल करीम, सफाई प्रभारी राजेश वर्मा,राजकुमार पांडे ,रामचरण यादव,राजू बाल्मीकि,राघवेंद्र द्विवेदी,सादाब आलम,इशरत जमील,सुधीर कुमार, संजय,लक्ष्मीकांत,रहीम आदि मौजूद रहे।

## तौहीद पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**उसका बाज़ार सिद्धार्थनगर।** तौहीद पब्लिक स्कूल, सोहास खास में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखंड प्रताप सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद भारतीय परंपराओं के अनुसार अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद फैसल ने 26 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व, संविधान और नागरिक कर्तव्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि अखंड प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान की शक्ति का प्रतीक है, जिसे सभी को सम्मान के साथ अपनाना चाहिए। इसके बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें भाषण, कविता और नृत्य शामिल रहे। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर हाफसा हाशमी, प्रधानाचार्य रशीदा बानो सिद्दीकी, खालिद सिद्दीकी, फहद सिद्दीकी सहित अध्यापिकाएं तूलिका मैम, गीता सिंह मैम, कौसर मैम, सहिना मैम, जूही मैम, ज़किया मैम, आशिया मैम, मदीहा मैम, कहकशा मैम, नाजिया मैम, साजदा मैम और नगमा मैम उपस्थित रहीं।

## मृत्यु के बाद भी चल रहा पेंशन का खेल ब्लाक सचिव की छत्रछाया में चल रहा फर्जीवाड़ा

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के कटहरी विकास खंड अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर चमुर्खा में सरकारी योजनाओं की सरेआम धज्जियां उड़ाने का गंभीर मामला सामने आया है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार द्रौपदी पत्नी रामअचल की मृत्यु 3 फरवरी 2025 को हो चुकी थी, जिसकी फोटो साक्ष्य भी उपलब्ध है, इसके बावजूद सरकारी अभिलेखों में सच्चाई को दबाकर बड़ा खेल खेला गया,हैरानी की बात यह है कि द्रौपदी की मृत्यु के करीब 8 महीने बाद, दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया गया, जिसमें उसी तिथि को मृत्यु की तारीख दर्ज कर दी गई। इस पूरे अंतराल में द्रौपदी को जीवित दिखाकर लगातार पेंशन की राशि निकाली जाती रही। सूत्रों का आरोप है कि जब नवंबर 2025 में जीवित प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया आई, तब यह फर्जीवाड़ा उजागर होने के डर से ग्राम सचिव की कथित भूमिका से कागजातों में हेराफेरी की गई। बिना जमीनी सत्यापन और वास्तविक जांच के, मृत व्यक्ति को जीवित दर्शाकर सरकारी धन की खुली लूट की गई। इस पूरे मामले में ग्राम सचिव की भूमिका मुख्य कड़ी के रूप में सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मृत्यु दर्ज कर दी जाती, तो सरकारी खजाने को नुकसान नहीं होता। अब यह मामला सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत फर्जी पेंशन हड़पने का प्रतीत हो रहा है।

# एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर में जलालपुर ब्लाक के ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के शैक्षिक माहौल को सुदृढ़ करना तथा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार को लेकर सभी जिम्मेदारी को एक मंच पर जोड़ना रहा।कार्यशाला के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी दिनेश राम ने कहा कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे ही भविष्य की नींव है। बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण, स्वच्छ परिसर और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में ग्राम पंचायत की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विद्यालयों की समस्याओं को प्राथमिकता पर रखने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने शिक्षा को सामाजिक विकास की रीढ़ बताते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही गांव और नगर आगे बढ़ सकते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। नोडल शिक्षक अनीस अहमद,सूर्यनाथ यादव, सत्यप्रकाश गुप्ता,जमाल अख्तर, सुरेश यादव, आलोक यादव, सच्चिदानन्द पाल, राजेश वर्मा, निशात अहमद, मंशा राम यादव बागीश दत्त ने बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम को प्राथमिक शिक्षक संघ के ज़िला महामंत्री राजेश यादव,ए आर पी अजीत कुमार, सूर्यभान, मोहम्मद अलकमा, शैलेश श्रीवास्तव, श्वेता सिंह, स्नेह लता,किरन चौधरी, डॉ मनीष वर्मा,मेराज आलम आदि ने संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन ए आर पी लालधारी यादव ने किया।

ग्राम प्रधान हुए सम्मानित विद्यालयों में कायाकल्प योजना के तहत बेहतर कार्य करने वाले प्रधानो को सम्मानित किया गया । डीहभियांव के ओमप्रकाश चौरसिया, पेटियां की कुसुमलता, क़ासिमपुर की विजय लक्ष्मी, शेखपुरा राजकुमारी के अंशू सिंह,जगतूपुर बिल्टई के राम यश, ताजूपुर के मुकेश कुमार, पटोहा गाने पुर के दिनेश राजभर, ग्यासपुर की निर्मला देवी एवं जीवत के अप्रतिम नारायण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## उम्मीद परियोजना के तहत परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

**गोण्डा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनपद गोण्डा में उम्मीद परियोजना के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं मोबियस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। आयोजन स्थल अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा का सभागार रहा।

सम्मान समारोह वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि 01 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025 के दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉक एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों, सेवा प्रदाताओं, प्रेरकों एवं सहयोगियों के सम्मान हेतु आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए परिवार नियोजन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# कुष्ठ रोग पर निर्णायक वार, शोहरतगढ़ में स्वास्थ्य कर्मियों ने लिया जनपद को मुक्त बनाने का संकल्प



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** कुष्ठ रोग के खिलाफ जनपद को पूरी तरह मुक्त बनाने के लिए शुक्रवार को शोहरतगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग ने निर्णायक कदम उठाया। अधीक्षक डॉ. ए.के. आजाद ने आशा कार्यकर्ताओं समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को विकसित भारत अभियान के तहत शपथ दिलाते हुए स्पष्ट किया कि अब कुष्ठ रोग के खिलाफ कोई ढिलाई नहीं चलेगी।

शपथ के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने एक स्वर में कहा कि कुष्ठ रोग की पहचान आसान है और यह पूरी तरह इलाज योग्य है, इसके बावजूद यदि कोई रोगी छूटता है तो यह लापरवाही मानी जाएगी। सभी कर्मियों ने यह भी संकल्प लिया कि वे घर-घर जाकर रोगियों की पहचान करेंगे और समय रहते उन्हें इलाज से जोड़ेंगे। डॉ. आजाद ने कहा कि जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग कर कुष्ठ रोग के खिलाफ अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने दो टूक कहा कि कुष्ठ प्रभावित लोगों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि कोई ऐसा करता है तो उसे रोका जाएगा। स्वास्थ्य कर्मियों ने यह भी प्रतिज्ञा ली कि वे समाज में फैले कलंक और भ्रांतियों को खत्म कर कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों को सम्मान के साथ समाज की मुख्यधारा से जोड़ेंगे। कार्यक्रम में सुरेंद्र पाल, गंगाधर दूबे, मालजी शर्मा, सतीश कुमार, आशा इंद्रावती, मंजू त्रिपाठी, संगीता, सुनीता सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## गांधी जी को नमन

देश के स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अविस्मरणीय योगदान से पूरी दुनिया परिचित है। वे जीवन पर्यन्त देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। अहिंसा की राह पर चलते हुए देश को अंग्रेजी दासता से मुक्ति दिलाने वाले गांधी जी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया था। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर कई किताबें भी लिखी, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं क्योंकि उनके ये अनुभव, उनका अहिंसा का सिद्धांत, उनके विचार आज भी उतने ही सार्थक हैं, जितने उस दौर में थे। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा। दूसरा, जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा, चरखा, जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया। गांधी जी अक्सर कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है जिसे आप अगर दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं बल्कि उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें।

लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी जी कहा करते थे कि आप ऐसे जिएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था। महात्मा गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे। जिस समय द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ, उस समय हमारे देश के अधिकांश नेता इस बात के पक्षधर थे कि अब देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का बिल्कुल सही मौका है और इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए उन्हें इस समय देश में बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ देना चाहिए। दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आंदोलन का सामना नहीं कर पाएगी और आखिरकार उसे उनके इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा और इस प्रकार अंग्रेजों को भारत को स्वतंत्र करने पर बड़ी आसानी से विवश किया जा सकेगा। जब यही बात गांधी जी के सामने उठाई गई तो उन्होंने अंग्रेजों की मजबूरी से फायदा उठाने से साफ इन्कार कर दिया। हालांकि उस दौरान अंग्रेजों के खिलाफ गांधी जी ने आन्दोलन तो जरूर चलाया, लेकिन उनका वह आन्दोलन सामूहिक न होकर व्यक्तिगत स्तर पर किया गया आन्दोलन ही था। गांधी जी की शादी पोरबंदर के एक व्यापारी परिवार की बेटी कस्तूरबा के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद वे उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले गए थे, जहां से वकालत की पढ़ाई करके स्वदेश वापस आने के बाद उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। उनका संघर्ष काफी लंबा चला, बहरहाल, पुण्यतिथि पर उन्हें नमन।

## दस्तावेजों से परे : भारतीयता का आत्मिक अन्वेषण


प्रो. मनमोहन प्रकाश

अक्सर जब हम 'भारतीय' होने की बात करते हैं, तो हमारा ध्यान नागरिकता, आधार कार्ड, पासपोर्ट या मतदाता पहचान पत्र जैसे वैधानिक दस्तावेजों की ओर मुड़ जाता है। संवैधानिक दृष्टिकोण से यह अनुचित भी नहीं है। भारत में नागरिकता मूलत एक ऐसा सामाजिक अनुबंध है, जो हमें मताधिकार, सुरक्षा और विविध सुविधाएं प्रदान करता है। किंतु प्रश्न यह उठता है कि क्या 140 करोड़ से अधिक की जनसंख्या वाले इस जीवंत राष्ट्र की पहचान मात्र कागजी दस्तावेजों की सीमाओं में बांधी जा सकती है? कदाचित नहीं। वास्तव में, भारतीय होना भूगोल और राजनीति के मानचित्रों से कहीं परे एक चेतना है, एक भाव है, एक संस्कार है और जीवन जीने का एक विशिष्ट दर्शन है। नागरिकता जहां हमें निवास का वैधानिक पता देती है, वहीं भारतीयता हमें हमारी वास्तविक पहचान का बोध कराती है।यह पहचान उस असाधारण स्वीकार्यता में निहित है, जो हमें सहस्त्रों भाषाओं, सैकड़ों बोलियों और विविध मत-पंथों के बावजूद एक अदृश्य, अटूट सूत्र में पिरोती है। भारतीयता का वास्तविक मर्म उस समरसता में है, जहाँ मंदिर के घंटे की ध्वनि, मस्जिद की अज़ान, गुरुद्वारे की गुरबाणी, बौद्ध स्तूपों के धम्म-चक्र और चर्च की प्रार्थना में एक ही शाश्वत सत्य की प्रतिध्वनि सुनाई देती है। जब हम पंजाब के स्वर्णिम खेतों से लेकर केरल के शांत जलक्षेत्र तक, और कच्छ के श्वेत रण से लेकर पूर्वोत्तर की हरित पहाड़ियों तक फैली सांस्कृतिक विरासत को आत्मसात करते हैं, तब हम नागरिकता के संकीर्ण दायरे से निकलकर भारतीयता के उस वृहद आकाश को छूते हैं जहाँ कृत्रिम भेद मिट जाते हैं। विविधता में एकता यहाँ केवल एक नारा नहीं, अपितु हमारी सामूहिक धड़कन है।

वैश्वीकरण आज विश्व के लिए एक आधुनिक आर्थिक परिघटना हो सकती है, किंतु भारत की मिट्टी में वसुधैव कुटुम्बकम का बीज युगों पूर्व रोपा जा चुका है। भारतीय होने का अर्थ है- अपने द्वार पर आए अतिथि में नारायण के दर्शन करना, अर्थात अतिथि देवो भव की संस्कृति को जीना। अपनी थाली का एक अंश किसी क्षुधित के लिए सुरक्षित रखना, दीन-दुखियों, वंचितों और जरुरतमंदों के लिए अपने हृदय के द्वार हमेशा खुले रखना हमारी मौलिक उदारता है। जाति, धर्म, भाषा और लिंग के पूर्वाग्रहों को त्यागकर दूसरों की पीड़ा में व्यथित होना ही वह सांस्कृतिक तत्व है, जो हमें भीड़ से पृथक कर एक राष्ट्र के रूप में परिभाषित करता है। भारतीयता विरोधाभासों के बीच अद्भुत संतुलन साधने की कला का नाम भी है। हम वह विलक्षण समाज हैं, जो मंगलयान और चंद्रयान जैसे जटिल वैज्ञानिक मिशनों की सफलता को अपनी प्राचीन परंपराओं के साथ मनाते हैं। हम अपनी जड़ों से मजबूती से जुड़े रहकर अंतरिक्ष की गहराइयों को नापने का साहस रखते हैं।यही शौर्य और संकल्प हमारी सीमाओं पर और भी प्रखर हो उठता है। जब हमारे वीर सैनिक शून्य से नीचे के तापमान या तपते रेगिस्तान में शत्रुओं का सामना करते हैं, तो उनकी रगों में दौड़ता भारतीयत्व ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति होता है। वे केवल शस्त्रों से नहीं, बल्कि अदम्य इच्छाशक्ति से लड़ते हैं। रणभूमि में जब वे प्राणों की बाजी लगाते हैं, तो भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी जयघोष के साथ अपने इष्ट और अपनी रेजिमेंट के ध्येय वाक्य का उद्घोष करते हैं। यह राष्ट्रभक्ति और आत्मिक गौरव का वह दुर्लभ संगम है, जो एक साधारण नागरिक को वीर और एक सैनिक को अजेय बना देता है।

अंततः, नागरिकता जहाँ अधिकारों का दावा करती है, वहीं भारतीयता कर्तव्यों का बोध कराती है तथा संविधान सम्मत आचरण के लिए प्रेरित करती है। जब कोई व्यक्ति सड़क पर पड़े कूड़े को यह सोचकर उठाता है कि यह मेरा देश है, तब वह विधिक परिभाषाओं से ऊपर उठ जाता है। दस्तावेज हमें इस भू-भाग का वैधानिक निवासी बना सकते हैं, लेकिन हमारे कर्म, बंधुत्व और करुणा हमें भारतीय बनाते हैं। यह वह नैसर्गिक गौरव है जो राष्ट्रगान की प्रथम स्वरलहरी बजते ही रोंगटे खड़े कर देता है। इसलिए, आइए हम केवल आंकड़ों वाले नागरिक न बनकर, अपने आचरण से सच्चे भारतीय बनें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।**

# भविष्य का रोडमैप है भारत-यूरोपीय संघ एफटीए


पीयूष गोयल

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा जो मिल कर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है।

यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझीदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा। यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा। विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझीदारों के रूप में स्थापित करता है। भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा।



इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी। इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तीकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी। यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। इन प्रतिबद्धताओं से उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसरों के खुलने के साथ ही प्रतिभा, नवोन्मेष और संवहनीय आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है। व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।

विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। यूपीए सरकार ने बिना सोचे-समझे भारत के बाज़ार खोल दिए थे, इसके उलट मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। जिससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण का केंद्र है। पिछले सप्ताह इसी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रधानमंत्रीने कहा था आइए, इस साल हम अपने पूरे सामर्थ्य के साथ गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। हमारा एकमात्र मंत्र गुणवत्ता, गुणवत्ता और केवल गुणवत्ता होना चाहिए। कल की तुलना में आज और बेहतर गुणवत्ता। हम जो कुछ भी बनाते हैं, उसकी गुणवत्ता में सुधार करने का संकल्प लें। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं।

इसके अलावा, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि यूपीए सरकार ने व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने से पहले हितधारकों के साथ कोई सार्थक बातचीत की थी। इसके विपरीत, मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है। यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था।

# निजी क्षेत्र में आरक्षण: यूजीसी डैमेज कंट्रोल, पर असल नुकसान किसका?

**2016 का साल था और संसद में तब स्वर्गीय राम विलास पासवान ने बार एक मांग रखी थी। 5 फरवरी 2016 को पीटीआई के हवाले से एक खबर आई थी। खबर के मुताबिक़, तब राम विलास पासवान ने तत्कालीन केंद्र सरकार से ये मांग की थी की केंद्र सरकार एक ऐसा क़ानून ले कर आएं, जिससे पिछड़ों, अति पिछड़ों, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण का लाभ मिल सके।**


शशि शेखर

राजनीति में कुछ भी अनायास नहीं होता और कोई भी मुद्दा वर्षों बाद जा कर फलीभूत होता है। जैसे, लोकपाल का मुद्दा हो या विधायिका में महिला आरक्षण का मुद्दा। ऐसे में, यह कयास लगाना गलत नहीं होगा कि यूजीसी नियमों के बाद, अब एक और पुरानी मांग, निजी क्षेत्र में आरक्षण, जोर पकड़ेगा। वैसे तो, सर्वोच्च अदालत ने यूजीसी नियमों के क्रियान्वयन पर फिलहाल रोक लगा दी है। लेकिन, इन नियमों के बाद अब यह कारवां निजी क्षेत्र में आरक्षण तक पहुंचेगा। तब किसका नुकसान ज्यादा होगा, किसका नुकसान कम और ऐसा क्यों और कैसे होगा, आइये, इस पर एक तथ्यात्मक दृष्टिकोण से नजर डालते है।

सर्वप्रथम, यूजीसी के बाद क्या हो सकता है, इलेक्टोरल डेमोक्रेसी में वोटर्स के हेड काउंट किए जाते है। जाहिर है, कोइ भी राजनीतिक दल ज्यादा वोट पाना चाहता है, तो वह किसे ज्यादा तरजीह देगा? इसी सोच ने यूजीसी के नए नियमों को भी जन्म दिया था और मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल के दौरान, यह पहला ऐसा मास्टर स्ट्रोक था कि या तो विपक्ष का मुंह बंद था या समर्थन में खुल रहे थे। ऐसा मास्टरस्ट्रोक कि लेफ्ट के हो या सेंटर के दलित चिंतक, खामोश थे। मूक समर्थन दे रहे थे। छोटे-मोटे चिन्तन (राजद के ठाकुर का कुआँ वाले मनोज झा हो या अखिलेश यादव या फिर ममता बनर्जी) न उगलते बन रहा था, न निगलते।



बहरहाल, बात यूजीसी से अब आगे की। 2016 का साल था और संसद में तब स्वर्गीय राम विलास पासवान ने बार एक मांग रखी थी। 5 फरवरी 2016 को पीटीआई के हवाले से एक खबर आई थी। खबर के मुताबिक़, तब राम विलास पासवान ने तत्कालीन केंद्र सरकार से ये मांग की थी की केंद्र सरकार एक ऐसा क़ानून ले कर आएं, जिससे पिछड़ों, अति पिछड़ों, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण का लाभ मिल सके। जाहिर है, तब उस मांग पर किसी का ध्यान न जाना था, न गया। लेकिन, 21 दिसंबर 2021, प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो का एक प्रेस रिलीज कहता है कि निजी क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए अफर्मेटिव एक्शन पर एक समन्वय समिति 2006 में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा बनाई गयी थी। अब तक समन्वय समिति की 9 बैठकें हो चुकी हैं। पहली समन्वय समिति की बैठक में, यह कहा गया कि अफर्मेटिव एक्शन के मुद्दे बेहतर परिणाम पाने का सबसे अच्छा तरीका इंडस्ट्री द्वारा स्वैच्छिक कार्रवाई ही है। इस रिलीज के मुताबिक़, निजी क्षेत्र में आरक्षण के संदर्भ में, उद्योग प्रतिनिधियों का मानना है कि आरक्षण कोई समाधान नहीं है, लेकिन वे हाशिये पर खड़े वर्ग, विशेषकर एससी और एसटी के लिए वर्तमान भर्ती नीति को विस्तारित करने में सरकार और एजेंसियों के साथ साझेदारी करने के इच्छुक हैं और साथ ही कौशल विकास और प्रशिक्षण को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इसके अलावा, शीर्ष उद्योग संघों ने समावेशन के लिए अपनी सदस्य कंपनियों के लिए स्वैच्छिक आचार संहिता (वीसीसी) भी तैयार की है। बहरहाल, अभी तक सरकार या निजी क्षेत्र ने सीधे प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण को स्वीकार तो नहीं किया है, लेकिन इस दिशा में बात आगे बढ़ती दिख रहे है। 2016 में जो मांग राम विलास पासवान ने रखी थी, वो मांग खत्म नहीं हुई है और न ही उसे पूरी तरह नकार दिया गया है। बल्कि उस मांग पर धीरे-धीरे ही सही लेकिन सकारात्मक रूख के साथ बात आगे बढ़ रही हैं।

2029 से पहले, मौजूदा केंद्र सरकार का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक शायद निजी क्षेत्र में आरक्षण हो सकता है! तब जो आज यूजीसी नियमों में ओबीसी शामिल किये गए है, क्या वे तब अपनी हिस्सेदारी नहीं चाहेंगे? हालांकि, कॉरपोरेट सेकटर आसानी से आरक्षण स्वीकार कर लेगा, इसमें शंका है। वो भी एक साथ 50 फीसदी आरक्षण लागू करवा पाना शायद थोड़ा मुश्किल हो। फिर भी सरकार प्यार से, चतुराई से 5 फीसदी या 10 फीसदी से शुरुआत तो करवा ही सकती है। तो जो कायदे से पहले एसटी, फिर एससी को निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ मिलता, क्या यूजीसी नियमों में ओबीसी को शामिल किये जाने की वजह से ऐसा संभव हो पाएगा? क्या ओबीसी वर्ग के लोग यह दावा नहीं करेंगे कि उन्हें भी साथ ही में ये अवसर मिलना चाहिए। क्योंकि सरकार मान चुकी है कि भेदभाव तो ओबीसी के साथ भी होता आ रहा है, ठीक वैसे ही जैसे एससी/एसटी वर्ग के लोगों के साथ। जाहिर है, इस नियम को आधार बनाते हुए तब ओबीसी वर्ग निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ पहले मौके में ही लेना चाहेगा।

असल में, केंद्र सरकार की नौकरियों में सालाना दर पर ओबीसी की हिस्सेदारी बढ़ी तो जरूर है, लेकिन यह महज कुछेक हजार के आसपास है। अब करोड़ों की जनसंख्या, तकरीबन 60 फीसदी आबादी और सरकारी नौकरी हजारों में। इसमें राज्य सरकारों की भी कुछ नौकरियों को जोड़ लिया जाए तो भी एक बहुत बड़ी आबादी यानी ओबीसी, दलितों की ऐसी है जिन्हें सरकारी नौकरियों में अकोमडेट कर पाना संभव नहीं दिख रहा है। ऐसे में क्या होगा? जाहिर है, तब निजी क्षेत्र आखिर आरक्षण से अछूता क्यों रहे, ऐसी मांग वर्षो से होती आ रही है और शायद अब उसके मुकम्मल हो जाने की भी संभावना बन जाए। फिर, संख्या जिसकी जितनी भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। ओबीसी आबादी सर्वाधिक है। राजनीतिक रूप से वे किसी भी दल के लिए अपरिहार्य है। अब, यूजीसी नियमों में एक ही दायरे में ओबीसी/एससी/एसटी वर्ग को शामिल किए जाने के बाद, निजी क्षेत्र में आरक्षण का लाभ जब मिलेगा, तब किसे भले ही अल्पकालिक लेकिन महत्वपूर्ण नुकसान होगा, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है।

# बाजार के मोह में भक्ति को डुबोया जा रहा

**बनारस के नागरिक और शिव भक्तिनी महारानी अहिल्याबाई होल्कर को अपना पूर्वज मानने वाले पाल समाज ने तो प्रदर्शन किया और लाठियां खाईं। दरअसल बनारस से प्रयागराज तक सरकारी दमन और बुलडोजर न्याय का जो कृत्य चल रहा है उसके पीछे कॉरपोरेट को लाभ पहुंचाने के साथ धर्म से राजनीति की चाकरी और ठकुरसोहाती करने का इरादा है। बाजारवाद के इसी इरादे को उपन्यासकार काशीनाथ सिंह ने कासी का अस्सी में बहुत खूबी के साथ व्यक्त किया है।**


जयशंकर पांडेय

श्रीमदभागवत की एक कथा है। जब वेदव्यास जी को अज्ञान के मोह ने व्याप्त कर लिया तो उनको देवर्षि नारद ने सुझाव दिया कि आप श्रीमदभागवत की रचना करें। उससे आप का यह अज्ञान दूर होगा और आप को परम सुख मिलेगा। उसी श्रीमदभागवत की प्रसिद्ध कथा है कि एक बार पूरे भारत का भ्रमण करने के बाद भक्ति अपने दो संतानों ज्ञान और वैराग्य के साथ गुजरात पहुंची तो वे दोनों सूख कर कांटा हो गए थे। भक्ति व्याकुल थी। उसी समय नारद जी प्रकट हुए भक्ति ने पूछा कि हे देवर्षि मेरे पुत्रों की यह दशा कैसे हुई तो नारद ने कहा कि तुम्हें संपत्ति का मायामोह व्याप्त हो गया है इसलिए तुम निर्बल हो गई हो और तुम्हारे पुत्र भी ऐसे हो गए हैं। ठीक यही दशा आज के भारत में बनारस और प्रयागराज में भक्ति और उनके दोनों पुत्रों ज्ञान और वैराग्य की हो गई है। इन दोनों केंद्रों में भक्ति को धन और बाजार के वैभव ने घेर लिया है। इसीलिए कहीं बनारस में शिव की नगरी और विष्णु की साधना स्थली मणिकर्णिका घाट में हजारों साल पुराने मंदिर तोड़े जा रहे हैं और महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा तोड़कर पानी में फेंकी जा रही है तो प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित कुंभ में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोककर न सिर्फ उनके शिष्यों की शिखा पकड़कर उन्हें घसीटा और पीटा जा रहा है बल्कि शंकराचार्य से उनकी कैफियत पूछी जा रही है कि किसने उन्हें शंकराचार्य नियुक्त किया। शंकराचार्य जी बगैर गंगा स्नान किये हुये माघ मेला प्रशासन और सरकार को कोशते हुये वाराणसी के लिये शियों के साथ चले गये।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लेकर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तक इस कुकृत्य से आक्रोशित हैं और उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार तो सनातन धर्म का ही नाश कर रही है। बनारस के नागरिक और शिव भक्तिनी महारानी अहिल्याबाई होल्कर को अपना पूर्वज मानने वाले पाल समाज ने तो प्रदर्शन किया और लाठियां खाईं। दरअसल बनारस से प्रयागराज तक सरकारी दमन और बुलडोजर न्याय का जो कृत्य चल रहा है उसके पीछे कॉरपोरेट को लाभ पहुंचाने के साथ धर्म से राजनीति की चाकरी और ठकुरसोहाती करने का इरादा है। बाजारवाद के इसी इरादे को उपन्यासकार काशीनाथ सिंह ने कासी का अस्सी में बहुत खूबी के साथ व्यक्त किया है। किस तरह से उदारीकरण के साथ शुरू हुए सांप्रदायिक वातावरण और बाजार की मानसिकता ने बनारस में दंगे करवाए और किस तरह से कथा के नायक ने पर्यटन से धन कमाने की लालच के वशीभूत होकर अपने ही घर में स्थापित शिव को हटाकर उन्हें किसी चौराहे पर फेंक दिया। बाजारवाद के इसी कृत्य का वर्णन मीरा नंदा ने अपनी पुस्तक द गॉड मार्केट में बखूबी किया है। धर्म अब एक बाजार है और राजनीति ने उसे सत्ता पाने का तो पूंजीपतियों ने धन कमाने का औजार बना दिया है। अगर इसी मानसिकता के तहत प्रयागराज के कुंभ में पूंजीपतियों और राजनेताओं के लिए विशेष स्नान का प्रबंध किया गया है तो उसी के तहत बनारस में पहले काशी विश्वनाथ कोरीडोर बनाने के लिए तमाम मंदिर तोड़े गए, दाल मंडी तोड़ी गई, राजघाट स्थित गांधी विद्या संस्थान तोड़ा गया और आज महाश्मशान कहे जाने वाले मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर उसे फाइव स्टार वाला श्मशान बनाया जा रहा है। तर्क यह है कि यहां गंदगी रहती है और दाह के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आराम नहीं मिलता। वास्तव में यह बनारस को पर्यटन स्थल बनाने का उत्साह है और उसी के माध्यम से कॉरपोरेट को धन कमाने की छूट देने का उपक्रम है। परिणामस्वरूप धर्म का वह रूप छीन लेने का प्रयास है जिसके तहत भक्ति की संतानें ज्ञान और वैराग्य हैं। धन वाले लोग संतों की वाणी और परंपरा को किस तरह से विकृत करते हैं इसका प्रमाण कबीर चौरा के महंत विवेक दास जी प्रस्तुत करते हैं। उनका कहना था कि कबीर की वाणी में जो क्रांतिकारिता थी उसे पश्चिम भारत के एक सेठ धर्मदास ने अपने व्यापार के लोभ में नष्ट कर दिया। कबीर अब वह कबीर नहीं रहे। वास्तव में कबीर के पुत्र कमाल उन्हीं के चक्कर में पड़कर गुजरात गए थे। आज प्रयागराज और बनारस की परंपराओं के साथ वही हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के उसी चरित्र का वर्णन स्वयं हिंदू धर्म के मर्मज्ञ और गोरक्षा आंदोलन के नेता रहे स्वामी करपात्री जी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर लिखी अपनी पुस्तक में किया है। उनका कहना है कि संघ के लोग वास्तविक हिंदू धर्म को न जानते हैं और न समझते हैं। उनका प्रयास उसकी आड़ में भारतीय समाज को भटकाना और धार्मिक संस्थाओं पर कब्जा करना है। उनकी चुनौती है कि जिस भगवा ध्वज को वे लोग सनातन ध्वज बताते हैं वास्तव में ऐसा कोई ध्वज सनातन परंपरा में नहीं है। महाभारत में देखिए तो कृष्ण अर्जुन के जिस रथ के सारथि बने उसका ध्वज अलग था, भीष्म का ध्वज अलग था, द्रोणाचार्य का ध्वज अलग था, युद्धिष्ठिर का ध्वज अलग था। आज बनारस और प्रयागराज में चलने वाले प्रशासनिक कारनामों पर न सिर्फ विपक्षी राजनीतिक दल उत्तेजित हैं बल्कि व्यापक हिंदू समाज नाराज है। वह सवाल कर रहा है कि धर्म, संस्कृति की जो प्राचीन विरासत है उसे पर्यटन और राजनीतिक स्वार्थ के चलते क्यों नष्ट किया जा रहा है। डॉ लोहिया ने इसे ही हिंदू बनाम हिंदू की बहस कहा है। एक ओर कट्टर हिंदू सत्ता है जो धर्म को अपने ढंग से हांकना चाहती है उसे तोड़ना चाहती है और दूसरी ओर वह उदार जनता है जो अपने पौराणिक और धार्मिक प्रतीकों और तीर्थों के साथ भक्ति भाव से जीना चाहती है। उसे अपने शंकराचार्य का सम्मान चाहिए, उसे बनारस की सफाई भी चाहिए और प्राचीन विरासत भी चाहिए। संकट मोचन मंदिर के महंत विश्वंभर नाथ मिश्र ठीक ही कहते हैं कि काफी शिव के आदेश से चलती है। उस पर कोई राजसत्ता अपना आदेश थोपने की कोशिश न करे। जाहिर सी बात है कि अब भाजपा के 12-13 साल के शासन के बाद उसके विरुद्ध हिंदू समाज का विद्रोह शुरू हो चुका है। पीडीए समाज भी इसमें पीछे नहीं है। वह अपनी पूर्वज रानी अहिल्याबाई होल्कर का अपमान नहीं सहेगा। बाकी हिंदू समाज भी खरी खरी बोलने वाले अविमुक्तेश्वरानंद के साथ ऐसा व्यवहार बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है। हिंदू समाज के भीतर यह द्वंद्व शुभ है इसका कोई न कोई बेहतर परिणाम निकलेगा।

# पैसों के ट्रांजैक्शन पर भी नजर रखें : मंडलायुक्त

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** मंडलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार आजमगढ़ में पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति में मंडलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मण्डलायुक्त ने एलआईयू के अधिकारियों को संदिग्ध व्यक्तियों का चिन्हीकरण करने एवं अचानक अमीर हुए व्यक्तियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के निर्माण एवं पुनर्निर्माण, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा धन लगाया जा रहा है, उसके संबंध में जानकारी प्राप्त करें तथा अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि ऐसे संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखें, जो अक्सर पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल या अन्य देशों की यात्रा करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे नागरिक जो विलुप्त हो गए हैं, उसकी समीक्षा कर उनके

■ मंडलीय कानून व्यवस्था की आयुक्त ने किया समीक्षा बैठक

संबंध में जानकारी एकत्र करें। मंडलायुक्त ने कहा कि बांग्लादेशी नागरिक, रोहिंग्या या जो अवैध तरीके से बसे हैं, उन पर नजर रखें तथा चिन्हित कर उन पर आवश्यक कार्रवाई भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कश्मीर से आए हुए संदिग्ध व्यक्तियों की भी निगरानी सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखें। उन्होंने कहा कि साइबर कैफे एवं पीसीओ आदि पर भी नजर रखें। मंडलायुक्त ने कहा कि पासपोर्ट के लिए किए गए आवेदन की समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी गलत व्यक्ति को यह सुविधा प्राप्त न हो। उन्होंने कहा कि पैसों के ट्रांजैक्शन पर भी नजर रखें। उन्होंने कहा कि जनपद के टॉप 10 जो नए ट्रांजैक्शन हो रहे हैं, उसकी भी निगरानी करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें तथा सूचनाओं का आपस में आदान-प्रदान करते रहें। पुलिस उपमहानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आगामी कुछ महीनो में पंचायत के चुनाव हो सकते हैं, इसलिए निगरानी करते रहें।

# मेरिट के आधार पर प्रवेश दिये जाने के निर्देश दिये गये

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया है कि विशेष सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0, द्वारा जय प्रकाश सर्वोदय विद्यालय मूसेपुर, आजमगढ एवं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय गौरा मेंहनगर, आजमगढ़ कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में रिक्त स्थानों पर छात्रों के प्रवेश किये जाने हेतु जनपद स्तर पर समिति के माध्यम से प्रवेश परीक्षा कराकर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होने बताया है कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मूसेपुर में कक्षा 6 में अनुसूचित जाति के 42, पिछड़ा वर्ग के 18, सामान्य वर्ग के 10, इस प्रकार कुल 70, कक्षा 7 में अनुसूचित जाति के 12, पिछड़ा वर्ग के 07, सामान्य वर्ग के 07, इस प्रकार कुल 25, कक्षा 8 में अनुसूचित जाति के 21, पिछड़ा वर्ग के 03, सामान्य वर्ग के 06, इस प्रकार कुल 30, कक्षा

■ नवोदय में इस कुल 51 छात्रों की संख्या रिक्त है

9 में अनुसूचित जाति के 27, पिछड़ा वर्ग के 02, सामान्य वर्ग के 08, इस प्रकार कुल 37, कक्षा 11 में अनुसूचित जाति के 34, पिछड़ा वर्ग के 09, सामान्य वर्ग के 08, इस प्रकार कुल 51 छात्रों की संख्या रिक्त है।

इसी प्रकार जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, गौरा मेंहनगर, आजमगढ़ में कक्षा 6 में अनुसूचित जाति के 42, पिछड़ा वर्ग के 18, सामान्य वर्ग के 10, इस प्रकार कुल 70, कक्षा 7 में अनुसूचित जाति के 22, सामान्य वर्ग के 01, इस प्रकार कुल 23, कक्षा 8 में अनुसूचित जाति के 19, सामान्य वर्ग के 04, इस प्रकार कुल 23, कक्षा 9 में अनुसूचित जाति के 26, पिछड़ा वर्ग के 10, सामान्य वर्ग के 06, इस प्रकार कुल 42, कक्षा 11 में अनुसूचित जाति के 12, पिछड़ा वर्ग के 03, सामान्य वर्ग के 08, इस प्रकार कुल 23 छात्रों की संख्या रिक्त है।

# स्वीकृत कार्यों का जल्द मुख्यमंत्री करेंगें शिलान्यास : डॉ विनोद बिंद

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** अपने क्षेत्र के विकास की ओर अग्रसर व क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद गुरुवार को लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर लोकसभा क्षेत्र के भदोही, हंडिया एवं प्रतापपुर क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े जनहित के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने भदोही जनपद को मिली विकासात्मक सौगातों का शीघ्र शिलान्यास कराए जाने का सांसद विनोद बिंद को आश्वासन दिया। बताते चले कि भदोही के विकास को लेकर सांसद डॉ बिनोद बिंद कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह रेलमंत्री ए बैष्णव सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री योगी से मिलकर समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की थी । और सभी लोगो ने जल्द से जल्द क्षेत्र की समस्याओं को

■ काशी नरेश पीजी कॉलेज को मिला यूनिवर्सिटी का दर्जा

निदान करवाने का आश्वासन दिया था। सांसद विनोद बिंद का प्रयास तब रंग लाया जब मुख्यमंत्री योगी जी ने भदोही आकर इनके सारे विकास के कार्यों की घोषणा कर स्वीकृति दे दी। वही डॉ विनोद बिंद के अथक प्रयास से छात्रों की समस्या को देखते हुए ज्ञानपुर में काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय को यूनिवर्सिटी का दर्जा भी दिला दिया।

दसको से जूझ रहे हजारों ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए कोनिया क्षेत्र में गंगा नदी पर पक्के पुल निर्माण की मांग को मुख्यमंत्री से स्वीकृत कराया। उन्होंने बताया कि मुख्यालय से कोनिया क्षेत्र लगभग 41 किलोमीटर दूर है। यहां के निवासियों को गंगा नदी पार करने के लिए 55 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। बारिश के मौसम में अस्थाई पीपा पुल बंद कर दिया जाता है जिससे दर्जनों गावं की बड़ी आबादी को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्याओं को लेकर सांसद ने मुख्यमंत्री से चर्चा की और मुख्यमंत्री ने इसे तत्काल स्वीकृत कर ग्रामीणों की बहुत बड़ी समस्या से निजात दिलाया। इसके अलावा क्षेत्र में स्थित सीता समाहित स्थल व वाल्मीकि आश्रम स्थल पर आने वाले देश विदेश श्रद्धालुओ को देखते हुए पुल निर्माण, 100 बेड वाले अस्पताल की समस्या, सड़क चौड़ीकरण, रेलवे अंडर पास जैसे कई समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा की थी।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विविध कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर लीलापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर प्रयास सामाजिक संगठन द्वारा विविध आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रथम बापू के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गई। इसके बाद शहीद सुनील पाठक की स्मृतिशेष में बच्चों को स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिह ने कहाकि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि है, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने भारत को आज़ादी दिलाई और पूरी दुनिया को शांति का संदेश दिया। वहीं प्रयास उपाध्यक्ष व शहीद के भाई शिव प्रसाद पाठक ने कहाकि लीलापुर के लाल सुनील पाठक देश की रक्षा करते हुए वह 03 नवंबर 2003 को कारगिल युद्ध में शहीद हुए थे। उनकी स्मृतिशेष में हर वर्ष बच्चों के बीच स्टेशनरी सामग्री आदि का वितरण किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक दीनानाथ मौर्य, दयाराम चौहान, चन्द्रशेखर मिश्र, अमृता पाठक, रंजना यादव, प्रयास के इंजी सुनील यादव, संजीव राय, अमित यादव, कृपाशंकर, पूर्व प्रधान राजाराम, मनीष पाठक, नरेंद्र मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

# डायल 112 पर धर्म परिवर्तन की झूठी सूचना देने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना मेंहनगर पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण डायल 112 पर प्राप्त इवेंट के माध्यम से यह सूचना दी गई कि आशा एवं सरोज नामक महिलाएँ एक महिला का दुसरे धर्म में परिवर्तन करा रही हैं। उक्त सूचना देने वाला कॉलर पिन्टू सरोज पुत्र फूलबदन, निवासी ग्राम भदसारी,



थाना मेंहनगर, जनपद आजमगढ़ पाया गया। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच की गई, जिसमें सूचना पूर्णतः झूठी एवं भ्रामक पाई गई। उनि राम गोपाल त्यागी एवं हेका अनिल कुमार द्वारा की गई जांच के उपरान्त झूठी सूचना देने के आरोप में कॉलर पिन्टू सरोज पुत्र फूलबदन, निवासी ग्राम भदसारी, थाना मेंहनगर, जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय भेजा गया।

# नगर में निकली चुनरी व कलश यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** नव दुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान मे विशाल व भव्य 151 मीटर चुनरी तथा 351 कलश पद यात्रा सोमवार को बडी माता मंदिर से पहाडपुरा स्थित कामाक्षा मंदिर तक देवी भक्तो ने निकाली, जगह जगह इस यात्रा का स्वागत किया गया कही फूल बरसाये गये तो कही भक्तो को मालायें पहनाई गयी तो कही स्टाल लगा कर जल पान कराया गया। नगर में प्रतिवर्ष चुनरी व कलश यात्रा निकाली जाती है। लगातार आठवीं बार मां नव दुर्गा नगर सेवा समिति द्वारा 151 मीटर लंबी चुनरी व 351 भव्य कलश पद यात्रा जालौन बडी माता मंदिर से पहाडपुरा स्थित कामक्षा देवी मंदिर तक निकाली गयी, इस चुनरी यात्रा मे भक्तों का जन सैलाब उमड़ा। जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए कामांक्षा देवी मंदिर पहाड़पुरा पहुंचे जहां भंडारे के साथ यात्रा का समापन किया गया। इस बार भी यात्रा निकाली गयी, जिसमे नगर के व्यापारियों का भी भरपूर सहयोग रहा।

■ चुनरी यात्रा मे भक्तों का जन सैलाब उमड़ा

इस धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में जमकर उत्साह दिखा। बड़ी माता मंदिर से सुबह से ही चुनरी व कलश यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरूष भक्त पहुंच कर डीजे पर बज रहे देवी गीतों की ध्वनि पर जमकर थिरकते हुए और जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।बड़ी माता, छोटी माता, काली माता मंदिर से देवनगर चौराहे होकर यात्रा कामांक्षा माता मंदिर पहाड़पुरा के लिए चली गई। 151 मीटर लंबी चुनरी जिस मार्ग से निकली उसी मार्ग पर यातायात बंद हो गया और लोग माता दी के जयकारे लगाने लगे। यात्रा का ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन व उनके साथियों ने स्वागत किया।नगर पालिका प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने सभी भक्तो पर पुष्प वर्षा कराई।इस मौके पर अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव,अध्यक्ष श्याम जी रंग बाले, संयोजक डॉक्टर बृजेंद्र दुबे, संयोजक शिवम गुप्ता, संरक्षक रेखा बाई, संरक्षक राजा सिंह गधेला के अलावा ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा मित्तल, पुनीत मित्तल, डॉ. बृजेंद्र द्विवेदी, भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष अभिनव सिंह राजवत, अभय सिंह राजावत, सुलह आदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एचडीएफसी बैंक शाखा का आयुक्त ने किया उद्घाटन

**गाज़ीपुर (अवधनामा संवाददाता)।** ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार हेतु नन्दगंज बाजार में एचडीएफसी बैंक की नई शाखा का शुभारम्भ आयुक्त, वाराणसी मंडल एस. राजालिंगम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर जोनल हेड मनीष टंडन ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बैंक की उपलब्धियों, उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा भविष्य की दूरदर्शी योजनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं क्लस्टर हेड कृष्णा मिश्रा एवं



शाखा प्रबंधक मनजीत सिंह ने विशेष अतिथियों एवं ग्राहकों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि एस. राजालिंगम आयुक्त वाराणसी ने बैंक को शुभकामनाएँ देते हुए दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता की सराहना की।

### 25 हजार का इनामिया तन्नू अंसारी गिरफ्तार

**गाजीपुर (अवधनामा संवाददाता)।** डॉन मुख्तार अंसारी के चचेरे भाई एवं 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी तन्नू अंसारी को मुहम्मदाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक थाना



मुहम्मदाबाद ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए वांछित इनामी अभियुक्त गौस मुइनुद्दीन उर्फ गौस मोहिउद्दीन उर्फ तन्नू पुत्र खलील अंसारी उर्फ खालिद (उम्र 55 वर्ष) को गिरफ्तार किया। अभियुक्त का वर्तमान पता 207, ग्रैंडर अपार्टमेंट-6, डॉलीबाग, लखनऊ तथा स्थायी पता युसुफपुर, थाना मुहम्मदाबाद, जनपद गाजीपुर बताया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना मुहम्मदाबाद में दर्ज मुकदमा संख्या 23/2023, धारा 147, 148, 149, 302 व 34 भारतीय दंड संहिता के तहत पिछले दो वर्षों से फरार चल रहा था। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### आईटीआई के छात्रों ने यातायात नियम की शपथ

**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** तहसील में स्थित अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा आईटीआई कॉलेज में आज छात्रों को यातायात जागरूकता की शपथ दिलाई गई , कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राकेश कुमार एआरटीओ, वीर बहादुर सिंह प्रभारी यातायात, ईडीएम पुष्पेंद्र , मनोज राजा ने दीप प्रज्वलित करके किया तत्पश्चात माँ सरस्वती व भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यर्पण



किया, उसके बाद अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा आईटीआई में आयोजित यातायात सुरक्षा ऑनलाइन परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें उतीर्ण छात्र छात्राओं को पुरूस्कृत किया गया । सचिन यादव, अभय सिंह, विभय सिंह,प्रखर द्विवेदी, मयंक वर्मा, गौरव गोस्वामी, हरगोविंद यादव,अभिषेक गुप्ता, लखन सिंह,सौरभ कुमार, रियाजुल, अजय विश्वकर्मा, आस्था, हर्षिता पांचाल, मीनाक्षी, प्रिया, कंचन , रागनी, पायल को पुरस्कृत किया गया।

### कार्यालय का कार्य पूर्णरूप से नये भवन से 2 फरवरी से सम्पादित किया जायेगा

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)।** सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज़ एवं चिट्स, आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ दीपक कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज़ एवं चिट्स, आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़, वर्तमान में हजारीबाग, मऊरोड, सिधारी, जिला-आजमगढ़ से स्थानान्तरित होकर नये भवन- लल्लन सिंह, घोरठ, निकट सर्वोदय पब्लिक स्कूल के सामने, जिला-आजमगढ़ में स्थापित हो चुका है तथा वर्तमान में दिनांक 02 फरवरी से कार्यालय का कार्य पूर्णरूप से नये भवन से जनहित/शासकीय हित में सम्पादित किया जायेगा।

# आढ़तियों ने मंडी समिति सचिव के कार्यालय पर सब्जियां फेंककर किया हंगामा, नारेबाजी

अवधनामा संवाददाता



मुरादाबाद मंडी समिति सचिव दफ्तर पर नारेबाजी करते व्यापारी

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को मंडी समिति के आढ़तियों ने अवैध ठेले लगाने को लेकर हंगामा किया। गुस्साए व्यापारियों ने मंडी समिति सचिव कार्यालय पर सब्जियां फेंककर नारेबाजी की। व्यापारियों ने मंडी समिति प्रशासन पर समिति परिसर में असंवैधानिक रूप से ठेले पर सब्जी बिकवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने ठेले बंद नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को मंडी के व्यापारियों ने एकत्र बैठक की और कथित तौर पर अवैध ठेले वालों से निपटने के लिए प्रदर्शन करने का फैसला लिया। इसके बाद सभी व्यापारी एकत्र होकर नारे लगाते हुए मंडी समिति सचिव के दफ्तर तक पहुंच गए। इस दौरान गुस्साए आढ़तियों ने चमाचर, आालू, प्याज आदि सब्जी के बोरे मंगा लिये और सभी सब्जी दफ्तर के सामने फेंक दी। उन्होंने आारोप लगाया कि अवैध रूप से लगाए जा रहे ठेलों के कारण उन्हें व्यापार करने में दिक्कत हो रही है।

ठेलों के कारण समिति में जाम लग जाता है जिससे व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दौरान व्यापारी मंडी समिति प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। व्यापारियों ने मंडी समिति सचिव पर कई आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अवैध वसूली के लिए ठेलों पर सब्जी बिकवाई जा रही है जिससे व्यापारियों को हानि का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर मंडी समिति सचिव का पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन वह उपलब्ध नहीं हो सके। इस बीच व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# रोबोटिक्स व ऑटोमेशन भविष्य की औद्योगिक क्रांति का आधार

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन रोबोटिक्स, ऑटोमेशन एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग (ICRAME-2026) का भव्य उद्घाटन गुरुवार को संपन्न हुआ। 30-31 जनवरी को आयोजित यह दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वैश्विक शोध, नवाचार और तकनीकी सहयोग को एक नया आयाम प्रदान कर रहा है।

उद्घाटन सत्र की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा एवं मुख्य अतिथि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. पांडेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। अतिथियों का पारंपरिक रूप से पौधा

■ भाषा विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीआरएएमई -2026 का भव्य शुभारंभ

भेंट कर एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया। सम्मेलन के आयोजक एवं मुख्य संयोजक डॉ. एस.ए. रिजवी ने स्वागत भाषण में कहा कि भारत में रोबोटिक्स और ऑटोमेशन की संभावनाएँ तेजी से विस्तार कर रही हैं। उन्होंने कहा, यह सम्मेलन न केवल नवीनतम शोध कार्यों को मंच प्रदान करेगा, बल्कि उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सहयोग को मजबूत कर नवाचार एवं उत्पादकता को बढ़ावा देगा।

मुख्य अतिथि प्रो. जे.पी. पांडेय ने अपने प्रेरक संबोधन में रोबोटिक्स और ऑटोमेशन को भविष्य की औद्योगिक क्रांति की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि ऑटोमेशन न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाता है, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी सृजित करता है। प्रो. पांडेय ने आइंस्टीन के प्रसिद्ध सूत्र E = mc† का उल्लेख करते हुए तकनीकी शिक्षा में मौलिक सिद्धांतों की समझ को अनिवार्य बताया। साथ ही उन्होंने क्वांटम कंप्यूटिंग की भविष्य में बढ़ती भूमिका, इसकी चुनौतियों और रोबोटिक्स में संभावित अनुप्रयोगों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने ICRAME-2026 को वैश्विक तकनीकी विचारों के आदान-प्रदान का सशक्त मंच करार दिया।

# जिलाध्यक्ष संतोष को बुंदेलखंड प्रभारी का अतिरिक्त दायित्व मिला



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** व्यापार मंडल संगठन की क्षेत्रीय कार्यसमिति बैठक में महत्वपूर्ण संगठनात्मक फेरबदल किया गया। बैठक के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल द्वारा जालौन के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता को बुंदेलखंड प्रभारी का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर उन्हें मनोनयन प्रमाणपत्र प्रदान कर संगठन के प्रति उनके कार्यों की सराहना की गई।

नव नियुक्त बुंदेलखंड प्रभारी ने इस नई जिम्मेदारी के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व एवं क्षेत्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी जनपदों में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से शीघ्र ही जिला कार्यकारिणियों का गठन कर उनकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए निरंतर सक्रियता के साथ कार्य किया जाएगा, जिससे संगठन को बुंदेलखंड क्षेत्र में और अधिक मजबूती मिले।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष अभियान की तिथि 31 जनवरी तक

**आजमगढ़।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक-01 जनवरी के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण- हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष अभियान की तिथि 31 जनवरी नियत है। उक्त नियत तिथि को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर संबंधित बीएलओ द्वारा प्रारूप-6, प्रारूप-7 एवं प्रारूप-8 पर दावे एवं आपत्तियाँ भी प्राप्त की जायेगी। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण किया जायेगा। उक्त भ्रमण के दौरान के यदि किसी भी मतदेय स्थल पर कोई बूथ लेवल अधिकारी अनुपस्थित पाया जाता है, तो सम्बन्धित बीएलओ के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# गांधी के सत्य-अहिंसा के विचारों को मिटाने की कोशिश नहीं होगी कामयाब : जनेद

अवधनामा संवाददाता



**मुरादाबाद।** महानगर कांग्रेस के शिविर कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर कार्यकर्ताओं ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक श्रध्दांजलि अर्पित की है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम ने कहा कि महात्मा गांधी ने बिना हथियार उठाए देश को आजादी दिलाकर दुनिया को सत्य और अहिंसा की ताकत दिखाई। उन्होंने कहा कि कुछ संगठन पिछले सौ वर्षों से महात्मा गांधी के कद और विचारों को छोटा करने की साजिश कर रहे हैं जो कभी कामयाब नहीं हो सकेंगे।

भूड़े का चौराहा स्थित कार्यालय पर मनाए शहीद दिवस पर बोलते हुए महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने बताया आज 30 जनवरी को महात्मा गांधी की हत्या की गुई थी इसलिए यह दिन भारतीय इतिहास में काले अक्षरों के रूप में दर्ज है। उन्होंने कहा कि

■ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि

महात्मा गांधी के विचारों और सत्य व अहिंसा की ताकत को दुनिया मानती है। उनका जीवन अनुशासन, सादगी और आत्मबल का प्रतीक रहा। वह भारतीय इतिहास के एक ऐसे पुरोधा हैं, जिसने भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करवाया बल्कि अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से उखाड़ कर फेंक दिया। महात्मा गांधी की हत्या करने वाले उनके विचारों को नहीं मार सके हैं। दुनिया उनके विचारों का अनुसरण करती है और नमन करती है। गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और भविष्य में भी गांधी के विचार दुनिया को नया रास्ता दिखाएंगे। कांग्रेस ने हमेशा बापू के विचारों को अपनाकर देश में सद्भाव, एकता, मुहब्बत की बात की और उन्हीं के सिद्धांत पर अमल करके देश का विकास किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भी महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलकर देश को नई उंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं।

# डीएम व एसपी ने परखी जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था

अवधनामा संवाददाता

**जालौन(उरई)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आज जिला कारागार का सघन, औचक निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकरियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारागार की समस्त बैरकों की गहन तलाशी ली गई, जिसमें किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक अथवा प्रतिबंधित सामग्री नहीं पाई गई।

जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बैरकों की प्रतिदिन अनिवार्य रूप से गहन जांच कराई जाए तथा प्रत्येक निरीक्षण का अभिलेखीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु पाए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बंदियों

■ बैरकों की प्रतिदिन अनिवार्य रूप से गहन जांच कराई जाए : डीएम

को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, रसोईघर की स्वच्छता एवं आपूर्ति व्यवस्था की भी सघन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भोजन शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हो तथा गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कारागार प्रशासन में अनुशासन, सुरक्षा एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी स्तर की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को चौकसी बढ़ाने, नियमित सघन चेकिंग करने एवं कारागार परिसर में अनुशासन का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए।

# स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संस्था मथुरा के तत्वावधान में सर्वोदय इंटर कॉलेज चौमुहाँ मथुरा में दिनांक 28 -1-2026 से 30-1-2026 को तीन दिवसीय प्रथम एवं द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण का समापन हुआ, जिसमें 110 स्काउट एवं गाइड ने प्रतिभाग किया गया। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त प्रशिक्षक के रूप में डॉ गुरु प्यारी सत्संगी, सुभाष चंद्र मौर्य एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ रूमा कुमारी द्वारा 3 दिवसीय स्काउट /गाइड प्रशिक्षण में ध्वज शिष्टाचार,प्रार्थना ,झंडा गीत, प्रतिज्ञा, नियम, इतिहास, गांठें, खोज के चिन्ह, सिटी संकेत, वर्दी, प्राथमिक चिकित्सा एवं टेंट पिचिंग ,भोजन पकाना आदि सिखाया गया। स्काउट एवं गाइड द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। समापन के अवसर पर स्काउट एवं गाइड के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक



कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक डॉ सिद्धार्थ सिसोदिया द्वारा स्काउट गाइड के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के कार्यों की सरहाना की। विशिष्ट अतिथि डॉ निखिल अग्रवाल जिला स्काउट कमिश्नर द्वारा स्काउट और गाइड के सल्यूट एवं संकेत के बारे में प्रकाश डाला गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ रूमा कुमारी द्वारा बताया गया कि स्काउट/ गाइड के मुख्य मोटो तैयार रहो समाज सेवा, राष्ट्र सेवा में स्काउट एवं गाइड की मुख्य भूमिका होती है। कार्यक्रम का संचालन श्री गिरीश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को पटुका, स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर छोटेलाल, गुंजन चौबे, मनोज कुमार, श्रीकांत शर्मा, कृष्ण पाल सिंह, अवधेश कुमार पटेल, श्यामलाल,यतेंद्र कुमार, राहुल कुमार शर्मा, विवेक कुमार, खेमचंद शर्मा, विद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# सोने-चांदी की महंगाई से छोटे व्यापारियों पर संकट : नवीन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सोने और चांदी की लगातार बढ़ती कीमतों ने छोटे स्वर्णकार व्यापारियों एवं कारीगरों की चिंता बढ़ा दी है। सर्व स्वर्णकार महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन सोनी ने बताया कि देश एवं प्रदेश के लाखों स्वर्णकार तथा उनसे जुड़े करोड़ों कारीगरों की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। काम में भारी कमी आने से कुशल कारीगर भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं।

उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों के कारण व्यापारी स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और छोटे कारीगरों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। यदि सरकार द्वारा शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो स्वर्णकार कारीगर एवं छोटे व्यापारी आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे।

नवीन सोनी ने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि स्वर्ण कला देश की पुश्तैनी कला है, लेकिन आज इसकी उपेक्षा हो रही है। BIS और हॉलमार्किंग जैसे सरकारी नियमों का हमने स्वागत किया परंतु बदले में हमें अनियंत्रित बाजार ही मिला।

उन्होंने मांग की कि छोटे एवं मध्यम वर्ग के स्वर्णकार कारीगरों के लिए विशेष राहत पैकेज अथवा ब्याज मुक्त ऋण की व्यवस्था की जाए। प्रत्येक स्वर्णकार परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए ताकि परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। बड़े कारपोरेट और छोटे व्यापारियों के लिए समान नीति बनाई जाए। आर्थिक रूप से कमजोर स्वर्णकार परिवारों के बच्चों को स्कूल फीस में राहत दी जाए तथा स्वर्णकार कारीगरों एवं व्यापारियों की आत्म-सुरक्षा के लिए तत्काल शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराए जाएं।

उनकी इस मांग का उमेश सोनी युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ वर्मा गोवर्धन तहसील अध्यक्ष गोपेश सोनी सौंख तहसील अध्यक्ष मनोज वर्मा प्रवीण वर्मा सुरेन्द्र सोनी राहुल सोनी विजय वर्मा कुश सोनी अजय वर्मा कृष्णकांत वर्मा सहित अनेक स्वर्णकार बंधु ने समर्थन किया है।

## स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल, व्यापार मंडल ने मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महानगर एवं जिला इकाई द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश संगठन के आवाहन पर स्मार्ट मीटर से हो रही परेशानियों के संबंध में मुख्य अभियंता गर्ग को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से स्मार्ट मीटर से आम जनता एवं व्यापारियों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया गया। महानगर अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार समाज हित में विकास योजनाओं का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कर रही है। इसी क्रम में स्मार्ट मीटर से व्यापारी एवं आमजन को हो रही परेशानियों के संबंध में विद्युत मंत्री ए.के. शर्मा के नाम ज्ञापन देकर स्थिति से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि जब से स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं तब से बिजली के बिल तीन से चार गुना तक बढ़ गए हैं। उत्तर प्रदेश उपभोक्ता फोरम ने भी अपनी रिपोर्ट में स्मार्ट मीटर को लेकर आम उपभोक्ताओं के उत्पीड़न की बात दर्ज की है। जिला अध्यक्ष गुलवीर चौधरी ने कहा कि स्मार्ट मीटर पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए जिससे जनता एवं आम व्यापारी को उत्पीड़न से बचाया जा सके।

# हनुमान भक्त रामगोपाल यादव का सरकार पर तीखा हमला

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा (गोवर्धन)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव शुक्रवार को गोवर्धन स्थित प्रसिद्ध हनुमानबाग आश्रम पहुंचे। यहाँ उन्होंने हनुमान जी के वार्षिक महोत्सव में शिरकत की और हनुमान जी के दर्शन के बाद आश्रम के संत सियाराम दास महाराज का आशीर्वाद लिया। भक्ति भाव में डूबे सपा नेता ने इस दौरान सरकार पर जमकर निशाना साधा और उसे सनातन विरोधी करार दिया।

मैं तो हनुमान भक्त हूं मीडिया से बातचीत के दौरान रामगोपाल यादव ने अपनी धार्मिक आस्था को स्पष्ट करते हुए कहा, मैं तो पुराने समय से ही हनुमान जी का भक्त हूं। उन्होंने हनुमानबाग के संत सियाराम दास महाराज की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक सच्चे संत हैं और उनमें कोई दिखावा नहीं है। उन्होंने अन्य तथाकथित धर्मगुरुओं पर तंज कसते हुए कहा कि आज के दौर में कई प्रोफेशनल लोगों ने डेरा डाल रखा है, लेकिन संत तो बाबा (सियाराम दास) जैसे ही होने चाहिए।

**सरकार पर लगाया सनातन के अपमान का आरोप**

जब पत्रकारों ने उनसे प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को प्रशासन द्वारा स्नान करने से रोके जाने पर सवाल किया, तो रामगोपाल यादव बेहद आक्रामक नजर आए। उन्होंने सीधे तौर पर सरकार को घेरते हुए कहा सरकार जो है, वह सनातन धर्म का अपमान कर रही है।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि रामगोपाल यादव का यह बयान सपा की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत पार्टी खुद को %सच्चे सनातनी% के रूप में पेश कर भाजपा के हिंदुत्व कार्ड को चुनौती देना चाहती है। गोवर्धन जैसे धार्मिक स्थल से सरकार को सनातन विरोधी बताना एक बड़े राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## जनसमस्याओं का निराकरण करना पुलिस की प्राथमिकता है

**कन्नौज।** पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा आयोजित जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। शुक्रवार को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा संबंधित प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों को तत्काल निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक शिकायत की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने तथा शिकायतकर्ता को समयबद्ध रूप से निराकरण की जानकारी उपलब्ध कराई जाने हेतु आदेशित किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही पाये जाने की दशा में संबन्धित पुलिस कर्मी के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान एएसपी अजय कुमार सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# अखिलेश ने शोक संतप्त दुखी परिवारों का जाना हाल

- तालग्राम कट पर चेयरमैन ने किया भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं को दिये मिशन 2027 में जुटने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



सपा नेता छोटे ठाकुर एवं समधन चेयरमैन के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करते अखिलेश

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को नगर व क्षेत्र में रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी तो कहीं वैवाहिक कार्यक्रम पर बधाई देकर शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होनें पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

शुक्रवार को तालग्राम कट पर चेयरमैन मोहसिन खॉन जानू ने समर्थकों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भव्य स्वागत किया। जिसके बाद अखिलेश अपने काफिले के साथ समधन स्थित सिद्दीकी फिलिंग स्टेशन पहुंचे, जहां रफी अनवर सिद्दीकी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने रफी अनवर को उनकी बेटी की शादी की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद वह नगर पंचायत चेयरमैन आसमा वेगम के प्रतिनिधि अयान हुसैन सिददीकी के आवास पर पहुचंकर मरहूम अखलाक हुसैन सिददीकी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान चेयरमैन के देवर आकिल हुसैन सिददीकी मौजूद रहे। दोपहर करीब 02:15 बजे नगर के मोहल्ला जवाहर नगर स्थित चकोर बीडी कम्पनी पहुंचे, जहां वरिष्ठ सपा नेता प्रजापति अनिल कुमार आर्य एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष धीरेन्द्र आर्य की ताई के विगत दिनों पूर्व निधन होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद करीब 03 बजे तिर्वा रोड स्थित पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी/सपा नेता राज सिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर के आवास पर पहुंचकर उनकी माता के निधन पर शोक जताया। यहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने मिशन 2027 को लेकर संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके बाद लगभग 04 बजे इंदिरा नगर पहुंचे, जहां समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे मरहूम अब्दुल सत्तार कुरैशी के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इससे पहले जैसे ही अखिलेश यादव का काफिला नगर के तिराहे पर पहुंचा, सपा नेता मुनीर कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष कलीम खॉन, पूर्व विद्यायक ताहिर हुसैन सिददीकी, अरबिन्द यादव, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि इंद्र कुमार गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, अरशद जमाल सिद्दीकी, सलोवा राष्ट्रीय सचिव अरूण शर्मा, जुनैद सिददीकी, श्याम सिंह उर्फ बडे ठाकुर, विजय गुप्ता, आसिफ जमाल खान पप्पी, हसीब हसन, रंधीर सिंह, रजनीकांत यादव, नेम सिंह यादव, अजीम सिददीकी, मनी गुप्ता, हारून सिद्दीकी, उत्कर्ष गुप्ता, रामसेवक बाथम, नासिर सिद्दीकी, गुफरान सिद्दीकी समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# अम्बेडकर भवन के पुनरुद्धार और भव्य पीतल की प्रतिमा स्थापना हेतु पार्षदों ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वार्ड संख्या 47 की पार्षद श्रीमती रेनू तिलकवीर चौधरी के नेतृत्व में आज पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त श्री जग प्रवेश से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने डीग गेट स्थित अम्बेडकर भवन के जर्जर हाल को सुधारने, उसके आधुनिक नवनिर्माण और वहां बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की एक भव्य पीतल की प्रतिमा स्थापित करने की पुरजोर मांग रखी।

**नगर आयुक्त की त्वरित कार्रवाई: मौके पर पहुंची टीम-** पार्षदों की मांग की गंभीरता को देखते हुए नगर आयुक्त ने तत्काल एक कमेटी का गठन किया। उनके निर्देश पर अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह और सिविल विभाग के अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम ने पार्षदों के साथ मिलकर डीग गेट स्थित अम्बेडकर भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने भवन की स्थिति का जायजा लिया और जल्द ही उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।



**पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों के विचार:**पूर्व पार्षद तिलकवीर चौधरी: डीग गेट स्थित यह भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था और अस्मिता का प्रतीक है। वर्तमान में इसकी हालत बहुत खराब है, जिसे तत्काल सुधारे जाने की आवश्यकता है।

**पार्षद मुन्ना मलिक:** बाबा साहब ने पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोया है। यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम उनके स्मारक को एक आधुनिक सामाजिक और शैक्षिक केंद्र के रूप में विकसित करें।

**पार्षद गुलशन:** भवन परिसर में पीतल की प्रतिमा के साथ-साथ वहां पेयजल, बैठने की व्यवस्था और उचित प्रकाश (लाइटिंग) का प्रबंध होना अनिवार्य है ताकि आने वाले अनुयायियों को सुविधा हो।

**पार्षद संतोष पाठक:** मथुरा एक अंतरराष्ट्रीय तीर्थ नगरी है। बाबा साहब के स्मारक का सुदृढ़ीकरण न केवल स्थानीय लोगों के लिए गर्व की बात होगी, बल्कि नगर निगम की एक सकारात्मक और समावेशी छवि भी प्रस्तुत करेगा। अम्बेडकर भवन का आधुनिक तकनीक से जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण। परिसर में बाबा साहब की उच्च गुणवत्ता वाली पीतल की प्रतिमा की स्थापना। परिसर का सौंदर्यीकरण, शुद्ध पेयजल और अनुयायियों के बैठने की समुचित व्यवस्था।

इस अवसर पर पार्षद किरण देवी (वार्ड सं. 01), पार्षद हेमलता धनगर (वार्ड सं. 32),हेमंत, जितेंद्र कुमार ,रवि दिवाकर,सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा की जनविरोधी नीतियों का जनता देगी जबाब : अखिलेश

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ठेकेदार सड़क बनाते हैं और उसी दिन हवाई जहाज खरीद लेते हैं। अखिलेश यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि हवाई जहाज बनाने वाली कंपनियों ने एक साल के भीतर तीन-चार हवाई जहाज कैसे खरीद लिए, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश ने कई बड़े नेताओं को खोया है, ऐसे में हवाई जहाजों की गुणवत्ता और सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए, लेकिन सरकार सिर्फ प्रचार में लगी हुई है। अखिलेश यादव ने प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए कहा कि तहसीलों और थानों में खुलेआम लूट मची हुई है।

हर स्तर पर भ्रष्टाचार फैल चुका है और आम जनता परेशान है। महंगाई और बिजली दरों को लेकर भी उन्होंने सरकार को घेरा। कहा कि बिजली लगातार महंगी होती जा रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की कमर टूट रही है। यही मुद्दे भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर ले जाएंगे और समाजवादी पार्टी को जनता का समर्थन मिलेगा। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार में तो लोग चैन से बाटी-चोखा भी नहीं खा सकते। अगर कोई बाटी-चोखा खा ले तो उस पर जांच बैठा दी जाती है। यह सरकार डर और दबाव की राजनीति कर रही है। उन्होंने संविधान की रक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को बचाना आज सबसे बड़ी जरूरत है। युवा बेरोजगारी से परेशान हैं और किसान अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर जोर दिया।

## नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर 1 फरवरी को

**मथुरा।** 435वां नि:शुल्क दिव्यांग सहायता त्रिदिवसीय मासिक चिकित्सा शिविर विकलांग सहायता संस्था के तत्वाधान मे संस्था कार्यालय 26आज़ाद मार्केट डीग गेट, मथुरा (निकट डीग गेट पुलिस चौकी से दरैशी रोड़ )पर दिनांक :-01फ़रवरी 2026 रविवार को किया जा रहा है, निशुल्क परीक्षण भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ नई दिल्ली की शाखा अखिल भारतीय आर्यु विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के भौतिक चिकित्सा बिशेषज्ञ डॉ मोइरांगथेम जेनेट जी द्वारा प्रात :- 10:00बजे से दोपहर 2:00बजे तक किया जायेगा , शिविर मे उपयुक्त पाये गये सभी दिव्यांग भाई बहिनों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किये जाएंगे साथ सभी दिव्यांग जनो से अनुरोध है कि वह आधार कार्ड, विकलांग प्रमाण पत्र की छायाप्रति, विकलांगता दर्शाते हुए पासफोर्ट साइज फोटो की दो -दो छायाप्रति अवश्य साथ लावे ।

# कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन के नेतृत्व में दो मिनट का मौन रखकर मनाई गई। सर्व प्रथम पहले जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन सहित कांग्रेस जनों ने नगर पालिका परिषद स्थित महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पार्टी कार्यालय पर गोष्ठी आयोजित की गई। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के लिए याद करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने कहा कि महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था, लेकिन गांधी जी को सम्मान से राष्ट्रपिता कहा जाता है। इसके अलावा उन्हें बापू और महात्मा की



उपाधि भी दी गई है। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित एक अनूठा आंदोलन चलाकर भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र कराने में अहम भूमिका निभाई। 2 अक्टूबर को गुजरात के पोरबंदर में मोहनदास करमचंद गांधी जी का जन्म हुआ था। वही उनकी मृत्यु भारत की आजादी से पहले 30 जनवरी 1948 को हुई थी। नाथूराम गोडसे द्वारा दिल्ली के बिड़ला हाउस में गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनकी हत्या से पूरा देश शोक में डूब गया। इस मौके पर वरुण राय, भरत मणि, सुभाष राय, जवाहरलाल बरनवाल, संजीव कुमार मिश्रा, शिव शंकर सिंह, मार्कण्डेय मिश्रा, मनोज मणि, रत्नेश मल्ल पिंटू, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, विनोद दुबे, दीनदयाल प्रसाद, सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, सत्य प्रकाश मणि, राजकुमार यादव, रजनीश प्रसाद, डॉ.रमेश कुशवाहा, बद्री दुबे, डॉ.सी.पी.चौहान, राकेश मणि, कमलेश मिश्रा,सुहेल अंसारी, प्रेमलाल भारती, रमाशंकर यादव,शाकिर हुसैन,इजहार सहित कांग्रेस जनों ने बापू की याद व शहीदों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बालिका विद्यालय में पुलिस पहुंचने से शिक्षा विभाग गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा शहर के मध्य अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक कन्या इंटर कॉलेज में 26 जनवरी को थाना कोतवाली पुलिस के पहुंचने ओर विद्यालय में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग से सेवा निवृत्त एक्सरे टेक्नीशियन विद्यालय प्रबंधक के इशारे पर कोई बड़ा षड्यंत करने के लिए बुलाया गया था। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के की सूचना पुलिस के आलाधिकारियों को मिली थी उक्त के संबध में विद्यालय में पहुंची पुलिस मचा हड़कंप नामक समाचार प्रकाशित हुआ उक्त समाचार को विभाग के उच्चाधिकारियों ने काफी गंभीरता से लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा को कड़े निर्देश जारी किए गए। उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर रवींद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रथम बार गंभीरता से लेते हुए जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा के प्रबंधक ओर प्रिंसिपल सुस्पष्ट आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त विद्यालय में अस्थाई प्रिंसिपल अनीता गौतम के पति सतीश गौतम स्वास्थ्य विभाग से सेवा निवृत्त एक्सरे टेक्नीशियन को प्रबंधक ने षड्यंत्र के तहत बुलाया था जिसकी सूचना किसी ने पुलिस के आलाधिकारियों को कर दी। आलाधिकारियों के कड़े निर्देश पर थाना कोतवाली पुलिस ने विद्यालय परिसर के अंदर सतीश गौतम की उपस्थिति को पाया जिससे शिकायतकर्ता की बात को बल मिला । रवींद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा ने बताया कि शासन का आदेश है कि प्रत्येक विधालय में प्रवेश द्वारा, मैदान एवं प्रत्येक शिक्षण कक्ष में सीसीटीवी लगाने और 6 माह की रिकॉर्डिंग रखना अनिवार्य हैं आख्या के साथ विद्यालय रिकॉर्डिंग नहीं भेजता है तो में स्वयं विद्यालय जाकर रिकॉर्डिंग को देखकर सत्यापन करुंगा। विद्यालय में रिकॉर्डिंग नहीं मिलती है तो मजबूरन प्राथमिकी दर्ज कराने की अपनी संस्तुति विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ की जाएगी।

# सीबीएस ई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, तरीन कैंपस, संभल में सीबीएसई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, देहरादून के तत्वावधान में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय लर्निंग आउटकम्स एंड पेडागॉजी रहा, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण, प्रभावी अधिगम परिणामों तथा नवीन शिक्षण विधियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विल्सन राजन के स्वागत संबोधन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए आमंत्रित रिसोर्स पर्सन डॉ. रीता शर्मा एवं निधि कौशिक का परिचय करा कर स्वागत किया। प्रोग्राम समन्वयक जिया उल्लाह खान ने सभी शिक्षकों का स्वागत किया। एकेडमिक कोऑर्डिनेटर फैजान अली ने सभी शिक्षकों को बताया कि कार्यक्रम दो भागों में विभाजित है प्रथम भाग डॉक्टर रितु शर्मा के द्वारा और द्वितीय भाग निधि कौशिक के द्वारा आयोजित किया जाएगा।



प्रधानाचार्य विल्सन राजन ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण, प्रभावी अधिगम परिणामों तथा नवीन शिक्षण विधियों से अवगत कराना था।इस अवसर पर डॉ. रीता शर्मा ने लर्निंग आउटकम्स पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार स्पष्ट अधिगम परिणाम निर्धारित कर शिक्षण को अधिक उद्देश्यपूर्ण और परिणामोन्मुख बनाया जा सकता है। वहीं निधि कौशिक ने पेडागॉजी पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक शिक्षण विधियों, गतिविधि-आधारित शिक्षण तथा कक्षा में नवाचार के महत्व को रेखांकित किया। इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में मिशन इंटरनेशनल एकेडमी के साथ-साथ आरआरके चंदौसी, बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल संभल, एचएम ग्लोबल स्कूल संभल, एंजल्स पब्लिक स्कूल संभल, जेकेईटी जुनावई सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण सत्रों को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधक मुशीर खान तरीन , निर्देशका शबाना कोसर की तरफ से स्कूल मीडिया समन्वयक जुनैद इब्राहिम ने कहा कि ने सीबीएसई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस देहरादून, दोनों रिसोर्स पर्सन तथा समस्त प्रतिभागी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता प्रबंधन समिति की तरफ से व्यक्त की गई। सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण सत्रों को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दरक्षा अब्बास नकवी सभ्य खान सामिया अनवर आयशा रफत, फौजिया, यफ़िस, इंशा, मामून, इमरान, रूही खानम आदि का सक्रिय योगदान रहा।

# आल इंडिया पसमांदा महाज़ की भूमिका सराहनीय: हीरा ठाकुर

- पसमांदा समाज को सामाजिक न्याय की जरूरत : हीरा ठाकुर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय कार्यालय पर पूर्व मंत्री एवं कर्पूरी ठाकुर विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हीरा ठाकुर जी का भव्य स्वागत किया गया। संगठन की ओर से प्रदेश महासचिव मो. इलियास, अति पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलजार, एहतेशाम, शकील सहित अन्य पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर हीरा ठाकुर ने पसमांदा मुसलमानों की सामाजिक स्थिति और बदहाली को लेकर खुले मन और दिल से विचार रखे। उन्होंने कहा कि जब भी सामाजिक न्याय की चर्चा होती है, तब मुसलमानों के भीतर व्याप्त जाति व्यवस्था पर गंभीरता से बात नहीं की जाती, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन मुस्लिम समाज में सामाजिक न्याय की आवाज़ बुलंद कर रहा है, जो प्रशंसनीय है। श्री



ठाकुर ने कहा कि भारत के मूल निवासी देशज पसमांदा समाज सदियों से सामाजिक भेदभाव और उपेक्षा का शिकार रहा है। सामाजिक न्याय की वास्तविक स्थापना तभी संभव है, जब पसमांदा समाज की समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए उन्हें समान अधिकार दिलाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी पसमांदा समाज के सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव मो. इलियास ने आगामी 08 फरवरी 2026 को प्रस्तावित पसमांदा उलेमा बोर्ड की बैठक को लेकर जानकारी दी और पसमांदा समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बैठक को सफल बनाने की अपील की।

# खटमल का आतंक होगा खत्म, किचन की चीजें हैं रामबाण



खटमल जो अंडे देते हैं, उनकी संख्या काफी तेजी से बढ़ती है, इसलिए इन पर रोक लगाना काफी जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको खटमल को भगाने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। खटमल एक ऐसा कीड़ा है, जो अक्सर आपके बेड और सोफे में छिपे रहते हैं। खटमल हर किसी का सोना तक हराम कर देते हैं और अगर यह काट लेते हैं, तो पूरे शरीर में खुजली होती है। वहीं इनके काटने पर शरीर पर लाल चकत्ते पड़ जाते हैं। दरअसल, खटमल जो अंडे देते हैं, उनकी संख्या काफी तेजी से बढ़ती है, इसलिए इन पर रोक लगाना काफी जरूरी होता है।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको खटमल को भगाने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। इन नुस्खों को ट्राई करके आप भी खटमलों से छुटकारा पा सकते हैं। वहीं इनका किसी भी तरह का कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं होता है। नीम के पत्तों को पीसकर इसका रस निकाल लें। फिर खटमल वाली जगह पर लगाएं। नीम की तेज स्मेल से खटमल को भगाने में मदद मिल सकती है।

खटमल के आतंक से छुटकारा पाने के लिए लौंग के ताजे पाउडर को खटमल के आसपास वाली जगह पर छिड़कें। इसकी गंध से खटमल दूर भाग जाएंगे।

बता दें कि खटमल तेज स्मेल को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। इसलिए टी-ट्री ऑयल का इस्तेमाल करना चाहिए। टी-ट्री ऑयल में नेचुरल एंटी-माइक्रोबॉयल प्रॉपर्टीज पाई जाती है, जो खटमल से छुटकारा दिला सकती है। आप टी ट्री ऑयल को बोतल में भर लें और फिर पर्दे और बिस्तर वाली जगहों पर स्प्रे करें।

आप खटमल को भगाने के लिए घर में मौजूद घरेलू इंडोर इन्सेक्ट स्प्रे का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। यह खटमल को दूर भगाने में मददगार है।

घर की अगर आप रेगुलर साफ-सफाई करते हैं, तो इससे भी खटमल भाग सकते हैं। वहीं आप ध्यान रखें कि बचा हुआ भोजन फौरन साफ कर दें और खाली जगहों की अच्छे से सफाई करें। क्योंकि वहां पर भी खटमल छिपे हो सकते हैं।

बिस्तर की दिखने वाली दरारों में, गद्दे, रजाई और खासकर लकड़ी के सामान पर अगर खटमल ने अपना घर बना लिया है, तो बेकिंग सोडा आपके बहुत काम आ सकता है। आप इन जगहों पर बेकिंग सोडा डालने से खटमल गायब हो जाते हैं।

आप खटमल वाली जगह पर हेयर ड्रायर चला दें। हेयर ड्रायर की गर्माहट से खटमल मर जाते हैं। अगर इन उपायों को करने के बाद भी खटमल नहीं जा रहे हैं, तो आपको पेस्ट कंट्रोल कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।

## बच्चे भी मांगकर खाएंगे पालक! इस टेस्टी रेसिपी से बनाएं पालक-चना, मिलेगा भरपूर आयरन



बच्चों को पौष्टिक पालक खिलाने के लिए बनाएं पालक-चना की यह स्वादिष्ट सब्जी, जिसकी आसान रेसिपी यहां दी गई है। इस विधि में पालक को दही के साथ पीसकर इस्तेमाल किया जाता है, जिससे सब्जी का कसैलापन खत्म हो जाता है और स्वाद लाजवाब बनता है। जब भी घर में हरी सब्जियां बनाने की बात आती हैं, तो बच्चे अपनी नाक सिकोड़ने लगते हैं। इसके बाद लोगों के लिए यह बड़ी चुनौती बन जाती है कि बच्चों को पौष्टिक सब्जी कैसे खिलाएं। पालक में मौजूद आयरन, कैल्शियम और विटामिन का बेहतरीन स्रोत है। ज्यादातर महिलाएं बच्चों को पालक पराठा, पूड़ी या फिर पकौड़ी बनाती है। अब आप अपने बच्चों के लिए पालक चना की सब्जी बना सकती हैं। इस रेसिपी की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसमें पालक का कसैलापन छिप जाता है। आइए आपको पालक चने से बनने वाली सब्जी की रेसिपी बताने जा रहे हैं।

# मूली के पराठे बेलते वक्त फट जाते हैं? सीक्रेट किचन टिप्स आजमें, बनेंगे एकदम परफेक्ट



मूली के पराठे बेलते समय फटने की समस्या को अब आप आसानी से हल कर सकते हैं; जानिए मूली का पानी निकालने, नरम आटा गूंथने और स्टफिंग को भुने बेसन से सुखाने की वो तीन जादुई किचन टिप्स, जिनसे पराठे बनेंगे बिल्कुल गोल और फूले हुए। सर्दियों के मौसम में सबसे ज्यादा पराठे ही खाए जाते हैं। तरह-तरह के पराठे इस मौसम में खाना सभी को काफी पसंद होता है। ठंड में गरमा-गरम मूली के पराठे न बनें, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। मूली के पराठे स्वाद में काफी टेस्टी होते हैं लेकिन इन्हें बनाना बड़ा टास्क होता है। कई बार लोगों की शिकायत रहती हैं कि पराठे बेलते समय फट जाते हैं या मूली पानी छोड़ देती है जिससे आटा गीला हो जाता है। यदि आपके साथ भी यही होता है तो परेशान न हो। बस इन जादुई ट्रिक्स को अपनाकर आप बिल्कुल गोल, फूले हुए और बिना फटे मूली के पराठे बना सकते हैं। मूली में नैचुरल रूप से पानी की मात्रा काफी ज्यादा होती है। अगर इसे बिना तैयारी के सीधे आटे में भर दिया जाए, तो पराठा बनाते समय उसके फटने की पूरी संभावना रहती है। इसलिए पहले मूली को कद्दूकस कर लें और उसमें थोड़ा नमक मिलाकर करीब 10-15 मिनट तक रख दें। नमक मिलाने से मूली का अतिरिक्त पानी बाहर निकल आता है,जिससे पराठा सही तरीके से बनता है। इसके बाद, एक सूती कपड़े में मूली को डालकर अच्छे से निचोड़ लें। यह बेहद ही जरुरी स्टेप है। निचोड़े हुए इस पानी को फेंकें नहीं बल्कि इसी पानी से आटा गूंथ लें। इससे पराठे का स्वाद और बढ़ जाएगा।  पराठे फटने का दूसरा बड़ा कारण होता है आटा टाइट गूंथा हुआ है। इसलिए हमेशा मूली के पराठे के लिए आटा नरम और लचीला होना चाहिए। आटा गूंथते समय थोड़ा-सा तेल और चुटकी भर नमक जरुर डालें। इसको कम से कम 20 मिनट के लिए ढककर छोड़ दें। ऐसा करने से आटे में ग्लूटेन बनता है जो खिंचाव देता है। जब आटा लचीला होगा तो बेलते समय वह फटेगा नहीं और स्टफिंग को अच्छे से अंदर समा लेगा।

मूली को अच्छी तरह निचोड़ने के बाद भी अगर स्टफिंग आपको कुछ ज्यादा गीली लगे, तो यह आसान-सी ट्रिक अपनाएं। मूली के मसाले में एक से दो चम्मच भुना हुआ बेसन या सत्तू मिला दें। इससे बची-खुची नमी तुरंत सोख ली जाती है और स्टफिंग बिल्कुल परफेक्ट बन जाती है, जिससे पराठे बेलते समय फटते नहीं हैं। इस बात का ध्यान रखें कि मसाला तैयार करते समय नमक बिल्कुल आखिरी में डालें जब आप पराठा बेलने जा रहे हों।

## मशरूम राइस चीज़ समोसा रेसिपी



अगर आप भी आलू समोसे से हटकर अपने परिवार या मेहमानों को कोई ऐसी डिश खिलाना पसंद करती हैं, तो स्वाद में लाजवाब होने के साथ दिखने में भी आकर्षक हो, तो आप मशरूम राइस चीज समोसा ट्राई कर सकती हैं।

समोसे का नाम सुनते ही शाम की चाय और परिवार के साथ बिताएं आराम और हंसी-खुशी के पल याद आ जाते हैं। समोसा एक ऐसा स्नैक्स है, जिसको बच्चे हो या बड़े हर किसी को पसंद आता है। लेकिन हर बार आलू वाले समोसे खाकर बोर हो जाते हैं। अगर आपका पुराने फ्लेवर से हटकर कुछ अलग और नया फ्लेवर ट्राई करने का मन है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। अगर आप भी आलू समोसे से हटकर अपने परिवार या मेहमानों को कोई ऐसी डिश खिलाना पसंद करती हैं, तो स्वाद में लाजवाब होने के साथ दिखने में भी आकर्षक हो, तो आप मशरूम राइस चीज समोसा ट्राई कर सकती हैं। बता दें कि यह समोसा मशरूम और चीज का एक परफेक्ट और शानदार कॉम्बिनेशन है। पहली बाइट में ही फ्लेवर का मजा बढ़ जाता है। वहीं इसमें राइस शीट इस्तेमाल होती है, तो समोसे को मॉर्डन स्ट्रीट फूड जैसे क्रिस्पी और अलग टेक्सचर देने का काम करती है। इसको बनाना बेहद आसान है और आप पार्टी, घर में शाम को या फिर दोस्तों के साथ गेट-टूगेदर के मौके पर इसको सर्व कर सकती हैं। तो आइए जानते हैं मशरूम राइस चीज समोसा की रेसिपी के बारे में...

## घर पर बनाएं रेस्टोरेंट स्टाइल पनीर गट्टे की सब्जी, मिलाकर चाटते रह जाएंगे सब



पनीर की पारंपरिक सब्जियों से अलग, पेश है पनीर गट्टे की सब्जी की एक आसान रेसिपी जिसे आप 20 मिनट में बना सकते हैं। यह बेसन के गट्टों में पनीर की स्टफिंग और दही की ग्रेवी के साथ तैयार होने वाली एक लाजवाब डिश है।

अक्सर होता है कि महिलाएं दोपहर का लंच हो या फिर रात की डिनर कौन-सी दाल या सब्जी बनाए इसे लेकर कंफ्यूज रहती हैं। सर्दियों में होता है कि घर में बार-बार हरा साग बनता है जिसका नाम सुनते ही बच्चे मुंह सिकोड़ लेते हैं। ऐसे में अक्सर मम्मियां खाने में कुछ ऐसा बनाने की कोशिश करती है कि, जो सब लोग बड़े ही प्यार खा लें। खासतौर पर पनीर की भुजिया या फिर मटर पनीर को हर कोई खा लेता है। लेकिन आप कुछ अलग बनाना चाहती हैं, तो पनीर गट्टे की सब्जी जरुर ट्राई करें। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

एक साफ थाली या कटोरे में एक कप बेसन लें। इसमें 1/4 कप दही मिलाएं, फिर 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर, स्वाद के अनुसार नमक डालें। इसके बाद कसूरी मेथी और अजवाइन मिलाकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें ताकि मसाले बेसन में समान रूप से घुल जाएं।

## घर पर बन रहे हैं वेज लाफिंग? स्वाद से भरपूर हो सकती हैं ये 5 गलतियां

वेज लाफिंग एक लोकप्रिय तिब्बती स्ट्रीट फूड है, जिसे घर पर बनाते समय अक्सर लोग कुछ गलतियां कर देते हैं। आटे से स्टार्च सही से न निकालने और स्टीमिंग में गलती करने जैसी चूकों से इसका ऑथेंटिक स्वाद बिगड़ सकता है, इसलिए परफेक्ट लाफिंग बनाने के लिए इन कुकिंग टिप्स को जरूर जानें।

स्ट्रीट फूड चखने का एक अलग ही मजा होता है। आजकल लोग स्ट्रीट फूड खाने के काफी शौकीन हो गए है। अब लोग घर पर ही मोमोज, नूडल्स, पापड़ी चाट, छोले-भटूरे जैसे तमाम खाने की चीजें बना रहे हैं। अगर आपने वेज लाफ?िग खाई है, तो इस लेख में हम आपको सबसे लोकप्रिय स्ट्रीट फूड में से एक लाफिंग की रेसिपी बताने जा रहे हैं। जिन लोगो को तीखा, खट्टा और चटपटा खाना पसंद करते हैं, उन्हें ये डिश बहुत पसंद आती है। आपको बताते चलें कि, लाफिंग एक तिब्बती स्ट्रीट फूड है, जो कि अब नॉर्थ ईस्ट इंडिया में भी लोगों को काफ पसंद आ रहा है।

लाफिंग की सबसे बड़ी खासियत उसकी स्लिपरी और सॉफ्ट लेयर और ऊपर से डाला गया स्पाइसी चिली सॉस है। इसे आमतौर पर मूंग दाल,आलू या गेहूं के स्टार्च से बनाकर तैयार किया जाता है। इसके अंदर ग्लूटेन से बनी सॉफ्ट फिलिंग डाली जाती है, जिसे तीखी चटनी के साथ रोल किया जाता है।

लाफिंग बनाते समय सबसे आम गलती आटे से स्टार्च और ग्लूटेन को सही तरीके से अलग न करना होती है। जब आटे को पानी में ठीक से नहीं मलते,तो दोनों अलग नहीं हो पाते। इसका असर लाफिंग की परतों पर पड़ता है जिससे वे न तो नरम बनती हैं और न ही आसानी से फिसलती हैं। इस समस्या से बचने के लिए आटे को पानी में तब तक अच्छी तरह मसलना चाहिए जब तक पानी का रंग दूध जैसा न हो जाए। कई लोग जल्दी में स्टार्च को



तुरंत यूज कर लेते हैं। इससे लेयर टूट सकती है। कई बार तो ये चिपचिपी भी हो जाती है स्टार्च वाले पानी को कम से कम दो घंटे के लिए रात भर के लिए छोड़ दें।

जब लाफिंग की लेयर बहुत ज्यादा या फिर कम स्टीम हो जाए, तो दिक्कत हो जाती है। अगर यह कम स्टीम हुई तो लेयर कच्ची रहेगी और ज्यादा स्टीम होने पर लेयर हार्ड हो जाएगी।  चार से पांच मिनट का समय स्टीमिंग के ल?िए काफी होती है। यदि ग्लूटेन को पानी में अच्छी तरह साफ नहीं किया जाता, तो उसमें कच्चे आटे की गंध बनी रह जाती है,जिससे फिलिंग का स्वाद फीका लगने लगता है। इस परेशानी से बचने के लिए ग्लूटेन को बार-बार पानी में धोना चाहिए जब तक पानी पूरी तरह साफ न दिखाई दे।

आपको बता दें कि, लाफिंग का असली टेस्ट उसकी स्पाइसी चिली पेस्ट से ही आता है। कई बार लोग इसमें ठंडा ऑयल डाल देते हैं। इससे चिली पेस्ट का रंग और खुशबू दोनों ही सही से नहीं आता है। तेल को अच्छी तरह गर्म करें और धीरे-धीरे मसाले में डालते हुए चलाते रहे तभी असली स्वाद आएगा।

अगर आप ज्यादा ही सॉस डालेंगे तो लाफिंग का स्वाद खराब हो जाता है। इस बात का ध्यान रखें कि नमक, सोया सॉस और विनेगर हमेशा कम मात्रा में ही डालें। यह तीखापन बैलेंस्ड रहेगा।

## रोज की दाल-सब्जी से हो गए बोर डिनर में ट्राई करें ये स्पेशल काजू करी रेसिपी



रोजाना के खाने से बोर हो गए हैं तो डिनर में ढाबा स्टाइल काजू मसाला करी ट्राई करें, यह लेख आपको घर पर ही रेस्टोरेंट जैसा स्वाद पाने की आसान रेसिपी बताता है।

क्या आप भी रोजाना एक जैसा खाना खाकर बोर हो गए हैं, तो यह लेख आपके लिए है। बोरिंग खाना से दूर एक बार घर इस डिश को जरुर बनाएं। अक्सर महिलाएं सुबह हो या रात, दोनों समय खाना बनाने के लिए घंटों तक सोचती रहती है कि आज क्या नया बनाएं। सर्दियों के मौसम में बाजार में ज्यादातर हरी सब्जियां आती है, जिसे खाने से बच्चे भी अक्सर मना कर देते हैं। अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहते हैं, तो घर पर ही ढाबा स्टाइल काजू मसाला करी रेसिपी बनाएं। इसका स्वाद काफी लाजवाब है खाते ही उंगलियां चाटते रहेंगे आप। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं इसे घर पर कैसे बनाएं।

# काली कड़ाही रंगने का झंझट खत्म! वायरल क्लीनिंग हैक है सुपर हिट, मिनटों में मिलेगी चमक

जली हुई काली कड़ाही को साफ करने के लिए अब घंटों रगड़ने की जरूरत नहीं, बेकिंग सोडा और कोल्ड ड्रिंक का यह किचन हैक जमी हुई कालिख को पपड़ी बनाकर आसानी से निकाल देगा। यह तरीका न केवल आपका समय बचाता है, बल्कि बिना मेहनत कड़ाही को नई जैसी चमक भी देता है।

रसोई में कड़ाही का जल जाना तो सामान्य बात है, लेकिन उस पर चिपकी जली हुई काली परत साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है। कई बार लोग उसे लोहे के स्क्रबर से रगड़ते रहते हैं, जिससे कड़ाही पर खरोंच पड़ जाती है, फिर भी कालिख पूरी तरह साफ नहीं होती। कुछ लोग तो इसी में काफी समय और मेहनत लगा देते हैं। लेकिन अब आपको इस झंझट में पड़ने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि बेकिंग सोडा और कोल्ड ड्रिंक के रिएक्शन से गंदगी को कैसे चकाचक साफ हो जाएगी। यदि आप भी अपनी जली कड़ाही को जल्दी और आसानी से साफ करना चाहते हैं, तो इस ट्रिक को स्टेप बाय स्टेप ट्राई करें।

जली हुई कड़ाही को साफ करने के लिए इसके पूरे काले हिस्से पर बेकिंग सोडा छिड़कें। इस बात का ध्यान रखें कि सोडा की एक मोटी परत कालीख के ऊपर जम जानी चाहिए। बेकिंग सोडा गंदगी को सोखने और उसे ढीला करने का काम शुरु कर देता है।

सबसे पहले कड़ाही पर बेकिंग सोडा लगाकर उसे पुराने अखबार या किसी भी साधारण कागज से अच्छी तरह ढक दें। इसके बाद कागज के ऊपर कोल्ड ड्रिंक डालें, इतनी मात्रा में कि कागज पूरी तरह भीगकर कड़ाही से चिपक जाए। कोल्ड ड्रिंक में मौजूद एसिड और सोडा की प्रतिक्रिया जमी हुई कालिख को अंदर से ढीला करने लगती है, जिससे वह आसानी से निकल जाती है।

इसको आप कम से कम 20 मिनट के लिए ऐसे हो छोड़ दें। 20 मिनट के बाद आप देखेंगे कि पेपर गल चुका है और इसके नीचे की कालीख नरम पड़कर फूलने लगी है। इसके बाद ही सावधानी से सारा कागज हटा दें। कागज को रिमूव करने के लिए फिर से थोड़ा बेकिंग सोडा छिड़कें और उसके ऊपर



खौलता हुआ गर्म पानी डालें। गर्म पानी के संपर्क में आते ही कालीख और भी ज्यादा ढीली हो जाएगी। इसको रगड़ने की कोई जरुरत नहीं है, क्योंकि गंदगी अपनी जगह छोड़ चुकी होगी।  अब एक चम्मच या किसी साधारण चमचे की मदद से ढीली पड़ चुकी कालिख को धीरे-धीरे खुरच लें। आप देखकर चौंक जाएंगे कि जो काम पहले घंटों लेता था, वह कुछ ही मिनटों में पूरा हो जाएगा और जमी हुई कालिख परत की तरह उतरने लगेगी। अंत में सारा गंदा पानी और निकली हुई पपड़ी को हटा दें। आखिर में आपको चमक के लिए कड़ाही पर फिर से थोड़ा बेकिंग सोडा डालें और साथ में कोई भी सफेद टूथपेस्ट लगाएं। इन दोनों का पेस्ट पूरी कड़ाही पर लगाकर 5-7 मिनट छोड़ दें। लास्ट में स्टील वूल से हल्का रगड़कर साफ पानी से धो लें। ऐसा करने से आपकी कड़ाही एकदम चांदी की तरह चमक जाएगी।

# उड़ान से पहले विमान के साथ कोई छेड़छाड़ तो नहीं हुई, सीआईडी ने शुरू की हादसे की जांच

**संबंधित**

**अधिकारी ने बताया कि सीआईडी कर्मियों की एक टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है और वे पुणे ग्रामीण पुलिस से संबंधित दस्तावेज इकट्ठा करेंगे।**





**मुंबई।** महाराष्ट्र के बारामती में 28 जनवरी को एनसीपी प्रमुख अजित पवार का निधन हो गया। एयरपोर्ट पर उतरने से पहले विमान क्रैश लैंडिंग कर गया, जिसमें अजित पवार सहित चार अन्य लोगों की जान चली गई। अब इस विमान हादसे की जांच महाराष्ट्र सीआईडी ने शुरू कर दी है। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की एक भयानक विमान हादसे में जान चली गई। बारामती में एक चुनावी कार्यक्रम में शामिल होने आए अजित पवार का विमान लैंडिंग से पहले क्रैश हो गया। इस हादसे को लेकर अब महाराष्ट्र के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने अपनी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, पुणे ग्रामीण पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है और इसे सीआईडी को ट्रांसफर कर दिया गया है। मुंबई से उड़ान भरने के बाद बुधवार सुबह बारामती में हवाई पट्टी के किनारे से सिर्फ 200 मीटर दूर उनका प्लेन क्रैश हो गया था।

इस हादसे में शिकार हुए अन्य लोगों में कैप्टन सुमित कपूर, जिन्हें 15000 घंटे का उड़ान का अनुभव था, को-पायलट कैप्टन शाम्भवी पाठक, जिन्हें 1500 घंटे का उड़ान का अनुभव था, अजित पवार के पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर विदीप जाधव और फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली शामिल थे।

अधिकारी ने बताया कि सीआईडी कर्मियों की एक टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है और वे पुणे ग्रामीण पुलिस से संबंधित दस्तावेज इकट्ठा करेंगे। इसी के साथ सीआईडी की टीम बारामती हवाई पट्टी के पास दुर्घटनास्थल का भी दौरा करेगी। दरअसल, जांच यह पता लगाने के लिए की जा रही है कि अजित पवार के मुंबई से बारामती की यात्रा शुरू करने से पहले प्लेन के साथ कोई छेड़छाड़ तो नहीं हुई थी।

बता दें कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत काम करने वाले विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (ढ्ढक्र) ने भी क्रैश की हादसे की जांच उसी दिन शुरू कर दी है। एएआईबी दिल्ली से तीन अधिकारियों की एक टीम और डीजीसीए, मुंबई रीजनल ऑफिस से तीन अधिकारियों की एक और टीम 28 जनवरी को दुर्घटनास्थल पर पहुंची। वहीं दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है।

# मोमो फैक्ट्री से मिले 21 मानव अवशेष, दो सीनियर अफसर गिरफ्तार



**कोलकाता।** कोलकाता के आनंदपुर में आग लगने की घटना में पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोग मोमो बनाने वाली फैक्ट्री के मैनेजर और डिप्टी मैनेजर हैं। इससे पहले परिसर के मालिक को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

कोलकाता के बाहरी इलाके आनंदपुर में लगी आग की जांच में पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह आग एक मोमो बनाने की यूनिट और दो गोदामों में लगी थी। पुलिस अब फैक्ट्री और गोदाम के कामकाज से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। इस मामले में पहले भी एक आरोपी को हिरासत में लिया गया था। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से मानव अवशेष मिले हैं, इसलिए जांच और संवेदनशील हो गई है। मौतों की सही संख्या ष्ठहृ जांच के बाद ही साफ होगी।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को मोमो बनाने वाली कंपनी के मैनेजर मनोरंजन शीत और डिप्टी मैनेजर राजा चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को ही बारुईपुर सब-डिविजनल कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस मामले में मंगलवार को परिसर और डेकोरेटर फर्म के मालिक गंगाधर दास को गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को उसे बारुईपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। दास को 4 फरवरी को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारी फिलहाल गंगाधर दास से पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि फैक्ट्री और गोदाम में काम कैसे होता था। साथ ही, घटना के दिन परिसर के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी किसके पास थी, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से अब तक 21 मानव अवशेष बरामद किए गए हैं। इनमें से कुछ अंग आधे जले हुए हैं और कुछ कंकाल के रूप में हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हम अभी मौत का सही आंकड़ा नहीं बता सकते क्योंकि हमें शरीर के अंग मिले हैं।

# एआईएडीएमके को भाजपा ने वॉशिंग मशीन में किया साफ



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि उसने भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी ठहराई गई एआईएडीएमके को अपनी वॉशिंग मशीन में साफ कर दिया है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया। उन्होंने पूछा कि क्या भ्रष्टाचार के मामलों में कथित तौर पर संलिप्त उनकी सहयोगी एआईएडीएमके को उनकी वॉशिंग मशीन में साफ कर दिया गया है। स्टालिन ने एक कार्यक्रम में कहा कि, जो लोग तमिलनाडु के विकास को पचा नहीं पाते। वे व्हाट्सएप विश्वविद्यालय के माध्यम से झूठ फैलाते हैं। डीएमके प्रमुख ने कहा, हमारे खिलाफ लगाए गए सभी आरोप एक घिसी-पिटी कहानी पर आधारित हैं। इनमें से पहला आरोप राजनीतिक वंशवाद का है। मैं इसका जवाब पहले ही दे चुका हूं। राजनीति में आने की पूरी आजादी है, लेकिन सफलता पाने के लिए उन्हें जनता के सामने खड़ा होना होगा। उनका विश्वास जीतना होगा और वोट हासिल करने होंगे। यह निराधार आरोप उन लोगों ने लगाए हैं जो जमीनी स्तर पर हमारा सामना नहीं कर सकते।

उन्होंने हमसे जो दूसरा आरोप लगाया है, वह है भ्रष्टाचार। उन्होंने पूछा, क्या अब तक किसी ने भी हमारे खिलाफ लगाए गए एक भी आरोप को साबित किया है? भाजपा पर निशाना साधते हुए स्टालिन ने कहा, जो लोग इस समय आपके साथ हैं, वे ही असल में भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। विशेष रूप से एआईएडीएमके, जिन्हें भ्रष्टाचार के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने दोषी ठहराया है। जब आप उनके साथ गठबंधन में नहीं थे, तब आपने उन पर कितने आरोप लगाए थे? क्या अब आपने उन्हें अपनी वाशिंग मशीन में धो दिया है?÷ विपक्ष का दावा है कि तमिलनाडु हिंदू विरोधी है। लेकिन उन्होंने दावा किया कि सत्ता में आने के बाद पिछले 1,730 दिनों में 4,000 से अधिक मंदिरों का अभिषेक किया गया है, जो कि भाजपा शासित किसी भी राज्य में नहीं हुआ है। स्टालिन ने कहा, सच्चे भक्त इससे प्रसन्न हैं।

# स्वामी शंकराचार्य से माफी मांगेगा मेला प्रशासन



**नई दिल्ली।** ज्योतिर्मठ के पीठाधीश्वर जगदुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज माघी पूर्णिमा पर संगम में डुबकी लगा सकते हैं। लखनऊ के कुछ उच्चाधिकारियों ने शंकराचार्य से संपर्क कर उन्हें मनाने की कोशिश शुरू कर दी है। अधिकारी शंकराचार्य से माघी पूर्णिमा पर संगम में स्नान के लिए आग्रह कर रहे हैं।

शंकराचार्य ने स्नान करने के लिए कई शर्तें भी अधिकारियों के सामने रख दी हैं। जिसमें मौनी अमावस्या को अभद्रता करने वाले अधिकारी लिखित में माफी मांगें, संन्यासियों, बटुकों, ब्राह्मणों, साधु-संतों और वृद्धों की पिटाई करने वाले पुलिसकर्मियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई के साथ स्न्ढ्ढक्रहो, गाय माता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए और चारों शंकराचार्यों के स्नान के लिए प्रोटोकॉल बने समेत ये चार मांग की हैं। यह सभी चार मांगें मानने पर ही शंकराचार्य ने स्नान की बात कही है। इसकी पुष्टि शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज सरकार ने की है।

# राजकोट में कार पुल से गिरी, आग लगने के बाद तीन की मौत


**राजकोट।** राजकोट जिले में एक कार हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह कार आठ फीट ऊंचे पुल से नीचे जमीन पर गिरी और उसमें आग लग गई। पढ़ें रिपोर्ट-

गुजरात के राजकोट जिले में शुक्रवार सुबह एक कार पुल से गिर गई और उसमें आग लग गई, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे गोंडल-आटकॉट राजमार्ग पर हुआ, जब कार छोटा उदयपुर से गोंडल की ओर जा रही थी।

पुलिस उप निरीक्षक नवीन चक्रवर्ती ने बताया कि कार एक छोटे नाले पर बने करीब आठ फीट ऊंचे पुल के किनारे की दीवार से टकरा गई, उसे तोड़ते हुए नीचे जमीन पर गिर गई।

# पूर्वोत्तर सियासी तौर पर अनाथ क्यों



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को असम के दौरे पर थे। इस दौरान डिब्रूगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने राहुल गांधी पर असम का अपमान करने का आरोप लगाया।

उनके इस आरोपों पर अब कांग्रेस ने पलटवार किया है और गृह मंत्री और भाजपा से 10 सवाल पूछा है। लेकिन उससे पहले जानते हैं कि अमित शाह ने राहुल गांधी पर क्या आरोप लगाया है। डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राहुल गांधी पर असम और पूर्वोत्तर का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में असम और नॉर्थ-ईस्ट का गमछा सम्मान और पहचान का प्रतीक बन चुका है, लेकिन राहुल गांधी ने इसका सम्मान नहीं किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में सभी ने असम का गमछा पहना था, लेकिन केवल एक व्यक्ति ऐसा था जिसने गमछा नहीं डाला और वह राहुल गांधी थे। भला आपकी क्या दुश्मनी है? नॉर्थ-ईस्ट के साथ इतना अन्याय क्यों करते हैं? असम में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। पिछले दो चुनाव से बीजेपी लगातार सत्ता में आ रही है। इस बार उसके सामने अपनी सरकार बचाने की चुनौती है। वहीं, कांग्रेस इस साल होने वाले चुनाव में किसी भी तरह सत्ता में वापसी की कोशिश में जुटी है। बता दें कि गृह मंत्री एक महिने के भीतर दूसरी बार गुरुवार को असम के दौरे पर पहुंचे। जहां उनका पार्टी के सीनियर नेताओं और मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा शर्मा ने स्वागत किया।

# जेलेंस्की को बिजली घरों पर हमले रोकने के दावे पर संदेह, कड़ाके की सर्दी ने संकट बढ़ाया

**कीव।** कड़ाके की सर्दी के बीच यूक्रेन में रूस के हमले रुकने के दावे पर शंका बनी बनी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि रूस ने बातचीत में यूक्रेन के बिजली घरों पर हमले रोकने पर सहमति जताई है। हालांकि, क्रेमलिन ने ट्रंप के इस दावे पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। पढ़ें रिपोर्ट-



बीते चार साल से जारी भीषण जंग के बीच कीव और अन्य हिस्सों में लोगों को कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेन इस चीज को देख रहा है कि रूस अपना वादा निभा रहा है या नहीं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में दावा किया था कि रूस ने एक हफ्ते तक यूक्रेन के बिजली घरों और बिजली की आपूर्ति पर हमलों को रोकने की बात मानी है।

ट्रंप ने गुरुवार देर रात कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ऐसे समय में एक हफ्ते तक कीव और अन्य शहरों को निशाना न बनाने की बात मानी है, जब क्षेत्र में कड़ाके की ठंड ने आम लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

हालांकि, ट्रंप ने यह जानकारी नहीं दी कि पुतिन से कब बातचीत हुई और कब तक हमले रुके रहेंगे। व्हाइट हाउस से जब यह पूछा गया कि हमले रोकने का यह फैसला किन जगहों पर लागू होगा और कब से लागू होगा, तो उसने तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। क्रेमलिन की ओर से भी इस बात की तत्काल कोई पुष्टि नहीं हुई कि पुतिन ने ऐसी किसी प्रतिबद्धता पर सहमति दी है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को इस बात की आशंका है कि पुतिन वास्तव में ऐसा कदम उठाना चाहते हैं। रूस की ओर से पूर्ण पैमाने पर आक्रमण 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ था और अगले महीने उसे चार साल हो जाएंगे।

## ईवी बूम के साथ यूरोप के कार बाजार में चीनी ब्रांड्स की बड़ी छलांग

**नई दिल्ली।** पिछले महीने यूरोप में बिकने वाली हर 10 पैसेंजर कारों में से लगभग एक चीनी ऑटोमेकर्स ने बनाई थी। यह एक रिकॉर्ड शेयर है। जो हाइब्रिड और बैटरी से चलने वाली गाड़ियों की तेज बिक्री की वजह से हुई तेजी से ग्रोथ वाले साल का नतीजा है। यूरोप के ऑटोमोबाइल बाजार में चीनी कार निर्माताओं की मौजूदगी अब नजरअंदाज करने लायक नहीं रही। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में यूरोप में बिकने वाली हर 10 में से लगभग 1 पैसेंजर कार चीन में बनी थी। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। और इलेक्ट्रिक व हाइब्रिड वाहनों की तेज बिक्री ने इस रफ्तार को और मजबूती दी है। रिसर्च फर्म डेटाफोर्स के आंकड़े बताते हैं कि दिसंबर में चीनी ब्रांड्स की बाजार हिस्सेदारी 9.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। तिमाही आधार पर पहली बार चीनी कंपनियों ने दक्षिण कोरियाई ब्रांड्स, जिनमें चद्बड्ड (किआ) जैसे नाम शामिल हैं, को पीछे छोड़ दिया।

# अमेरिका को आई भारत की याद, चीन से निपटने के लिए पैक्स सिलिका में स्वागत को तैयार



**वॉशिंगटन डीसी।** चीन के बढ़ते तकनीकी प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका ने भारत को पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होने का न्योता मिला है। फरवरी 2026 में भारत इस महत्वपूर्ण रणनीतिक समूह का हिस्सा बनेगा। इसका मुख्य उद्देश्य एआई और सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन को सुरक्षित करना और चीन पर तकनीकी निर्भरता को खत्म करना है।

अमेरिका अब अपनी तकनीकी सप्लाई चेन के लिए पूरी तरह चीन पर निर्भर नहीं रहना चाहता। इसके लिए दुनिया की महाशक्ति अमेरिका को चीन के बढ़ते तकनीकी ताकत से निपटने के लिए एक बार फिर भारत की याद आई है। अमेरिकी विदेश उप सचिव (आर्थिक मामलों के) जैकब हेलबर्ग ने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि भारत फरवरी 2026 में पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होगा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का इस समूह में आना एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

पैक्स सिलिका अमेरिका के नेतृत्व वाली एक ऐसी रणनीतिक पहल है, जिसे दिसंबर 2025 में शुरू किया गया था। इसका मुख्य मकसद वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना है। अमेरिका चाहता है कि आधुनिक तकनीक केवल भरोसेमंद लोकतांत्रिक देशों के पास ही रहे और चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम हो सके। इस गठबंधन में अमेरिका के साथ जापान, दक्षिण कोरिया, इजरायल, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और ब्रिटेन जैसे देश पहले से ही शामिल हैं। हाल ही में कतर और संयुक्त अरब अमीरात भी इसके सदस्य बने हैं।

जैकब हेलबर्ग ने जोर देकर कहा कि शुरुआत में इस गठबंधन का केंद्र जापान और दक्षिण कोरिया जैसे मैन्युफैक्चरिंग हब थे। लेकिन अब सप्लाई चेन को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए भारत का साथ आना जरूरी है। भारत के पास न केवल खनिज संसाधन हैं, बल्कि एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की विशाल प्रतिभा भी है। अमेरिका का मानना है कि भारत के आने से हार्डवेयर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक नया विकल्प तैयार होगा।

इस गठबंधन की कार्यप्रणाली बहुत खास होगी। इसमें फंक्शनल वर्किंग ग्रुप बनाए जाएंगे, जो हर देश की विशेषज्ञता का फायदा उठाएंगे। जैसे नीदरलैंड लिथोग्राफी में माहिर है, ताइवान फैब्रिकेशन में और भारत सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अपनी ताकत दिखाएगा। हेलबर्ग ने स्पष्ट किया कि एआई की यह दौड़ 21वीं सदी की वैश्विक व्यवस्था को तय करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि विरोधी देश सप्लाई चेन को राजनीतिक दबाव के हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसे रोकने के लिए पैक्स सिलिका जैसा आर्थिक सुरक्षा गठबंधन जरूरी है।

दिलचस्प बात यह है कि 2025 में जब पैक्स सिलिका की पहली बैठक हुई थी, तब भारत को इससे बाहर रखा गया था। इस फैसले की काफी आलोचना हुई थी। अब अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की हालिया नई दिल्ली यात्रा के बाद भारत को इसमें शामिल करने का रास्ता साफ हुआ है। राजदूत गोर ने कहा कि सुरक्षित और लचीली सिलिकॉन सप्लाई चेन बनाने के लिए भारत और अमेरिका का मिलकर काम करना अनिवार्य है।

## अमेरिका की अपने नागरिकों को पाकिस्तान नहीं जाने की सलाह

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, एक तरफ पाकिस्तान को करीबी देश बताते हैं, वहीं दूसरी तरफ उसका ही प्रशासन, पाकिस्तान को नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ता। अब अमेरिका के विदेश विभाग ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान न जाने की सलाह दी है। जानिए क्या है अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों से पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करने की अपील की है। इसके पीछे विभाग ने सुरक्षा, अपराध, अशांति, आतंकवाद व अपहरण के खतरे को प्रमुख वजह बताया है। 26 जनवरी को जारी एक अपडेटेड ट्रैवल एडवाइजरी के अनुसार, पाकिस्तान को लेवल-3 (यात्रा पर फिर से विचार करें) श्रेणी में रखा गया है जो यात्रियों के लिए जोखिम का संकेत देता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत से मुंह की खाने वाली पाकिस्तानी सेना बदलाव के दौर से गुजर रही है।

# भारत ने अमेरिकी नेताओं को तोहफे में क्या-क्या दिया?



**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान भारत से मिले तोहफो की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य भारतीय सरकारी अधिकारियों की ओर से दिए गए उपहारों की जानकारी साझा की गई है।

अतिथि देवो भव की परंपरा का पालन करने वाला देश भारत हमेशा अपने मेहमानों का स्वागत आदर और सत्कार के साथ करता है। इसी के साथ उपहार देने की परिपाटी भी बेखूबी निभाता है। ऐसे में अब अमेरिका ने भारतीय नेताओं और सरकारी अधिकारियों से मिले तोहफों की एक सूची जारी की है, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर कमला हैरिस तक का नाम शामिल है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में भारतीय नेताओं की तरफ से अमेरिका के शीर्ष नेताओं को मिले महंगे तोहफों का विवरण सामने आया है। अमेरिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन को जुलाई 2024 में 7750 डॉलर मूल्य की चांदी की ट्रेन सेट उपहार स्वरूप भेंट किया था, जिसे बाद में नेशनल आर्काइव्स में भेज दिया गया। विदेश विभाग के चीफ ऑफ प्रोटोकॉल के कार्यालय ने विदेशी सरकारी स्रोतों से मिले तोहफों की एक पूरी लिस्ट सौंपी है। जिसमें मूर्त तोहफों और यात्रा या यात्रा खर्च के तोहफों की रिपोर्ट शामिल है, जिनकी कीमत न्यूनतम मूल्य से अधिक है। यह लिस्ट कैलेंडर वर्ष 2024 (1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक) में मिले उपहारों की जानकारी है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 10 सितंबर, 2023 को जो बाइडेन को दिए गए लकड़ी का संदूक, स्कार्फ, जार के साथ केसर, चाय के लिए लकड़ी का डिब्बा शामिल है, जिसकी अनुमानित कीमत 562 डॉलर है। रिपोर्ट में बताया गया कि संदूक, स्कार्फ, जार और डिब्बे को अमेरिकी नेशनल आर्काइव्स में ट्रांसफर कर दिया गया, जबकि खराब होने वाली चीजें-केसर और चाय को यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस की नीतियों के अनुसार निपटा दिया गया है। बता दें कि बाइडेन सितंबर 2023 में भारत द्वारा आयोजित त्20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली आए थे। इसके अलावा पीएम मोदी की ओर से दिया गया बाइडेन को एक और तोहफा 16 जुलाई, 2024 को एक स्टर्लिंग सिल्वर मेटल ट्रेन सेट था, जिसकी अनुमानित कीमत 7750 डॉलर थी।

इसे भी नेशनल आर्काइव्स में ट्रांसफर कर दिया गया है। एक और लिस्टिंग में बताया गया है कि पूर्व फर्स्ट लेडी जिल बाइडन को 21 अक्टूबर, 2024 को पीएम मोदी से एक पश्मीना शॉल मिला था। जिसकी अनुमानित कीमत 2969 डॉलर थी, उसे भी नेशनल आर्काइव्स में ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल द्वारा अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैकब सुलिवन को दिए गए तोहफे का भी जिक्र है। रिकॉर्ड्स में बताया गया कि 23 अगस्त, 2024 को 599 डॉलर मूल्य का कश्मीरी पश्मीना स्कार्फ भेंट किया। जिसे जनरल सर्विसेज एडमिनिस्ट्रेशन (जीएसए) को ट्रांसफर किया गया। वहीं पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को 18 अक्टूबर, 2024 को पीएम मोदी से भगवान कृष्ण रास लीला सिल्वर बॉक्स उपहार स्वरूप मिला।

# अल्बर्टा के अलगाववादियों संग अमेरिका की गुप्त बैठक



**ओटावा** कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने अल्बर्टा के अलगाववादियों और अमेरिकी अधिकारियों के बीच गुप्त की खबरों पर ट्रंप को चेतावनी दी है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट के नेताओं ने अप्रैल से वॉशिंगटन में विदेश विभाग के अधिकारियों से तीन बार मुलाकात की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते काफी वक्त से कनाडा से नाराज चल रहे हैं। 100 फीसदी टैरिफ की धमकियों से लेकर कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बताने तक ट्रंप के तेवर काफी सख्त हैं। इस बीच कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के अलगाववादियों के साथ गुप्त अमेरिकी अधिकारियों की बैठक की खबरों पर प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भड़क गए हैं और उन्होंने अमेरिका को खुली चेतावनी दी है।

दरअसल, कनाडा के अल्बर्टा के अलगाववादी नेताओं की अमेरिकी अधिकारियों से मिलने से जुड़ी एक रिपोर्ट सामने आई है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अल्बर्टा के अलगाववादियों और अमेरिकी अधिकारियों के बीच गुप्त बैठक की गई। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट (एपीपी) के नेताओं ने अप्रैल से वॉशिंगटन में विदेश विभाग के अधिकारियों से तीन बार मुलाकात की है। गुप्त बैठक की इन रिपोर्ट पर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भड़के हुए दिखाई दे रहे हैं। कार्नी ने सख्त लहजे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से कहा है कि उनकी देश की संप्रभुता के साथ खिलवाड़ ना किया जाए। कनाडाई प्रधानमंत्री अपने बयान में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका कनाडाई संप्रभुता का सम्मान करेगा। बता दें कि अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट कनाडा के तेल-समृद्ध प्रांत अल्बर्टा की स्वतंत्रता की वकालत करने वाला अलगाववादी समूह है। इस बीच अल्बर्टा के प्रीमियर डेनियल स्मिथ के साथ पत्रकारों से बात करते हुए कार्नी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि अमेरिकी प्रशासन कनाडाई संप्रभुता का सम्मान करेगा। मैं इस बारे में राष्ट्रपति ट्रंप से हमेशा स्पष्ट रहा हूं। इस बीच स्मिथ ने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी प्रशासन कनाडाई संप्रभुता का सम्मान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि वह जनमत संग्रह में हस्तक्षेप से संबंधित किसी भी मुद्दे को वॉशिंगटन के साथ उठाएंगी।

# बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ नैतिक शिक्षा भी जरूरी : कुलपति

अवधनामा संवाददाता



वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पेश किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, देश प्रेम का दिया संदेश

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)** हैप्पी मॉडल पब्लिक स्कूल एवं बीएनपीएन इंटर कॉलेज पकड़ो मोहल्ला में 35वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में वार्षिकोत्सव एवं पुरातन छात्र सम्मेलन शुक्रवार को बड़े हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें देश भक्ति गीत और नृत्य शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर डॉ वंदना सिंह, पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल, संस्थापक डॉ आरपी सिंह और प्रधानाचार्य राजबाला सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके किया। कुलपति प्रोफेसर डॉ वंदना सिंह ने कहा कि बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा देना जरूरी है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़े और वे देश की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने बच्चों को अपने सपनों पर विश्वास रखने और मेहनत से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल ने छात्राओं में आत्मविश्वास जगाते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्यालय की स्थापना किसी मंदिर निर्माण से कम नहीं होती है, क्योंकि विद्यालय में बच्चे पढ़कर समाज और देश का नाम रोशन करते हैं।बच्चों में सुहानी, प्रियांशी, शगुन, साक्षी, आस्था, समृद्धि, दिव्या, अनोखी, आयुष, अनामिका और आंचल ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।विशिष्ट अतिथि डॉ यशवंत सिंह, प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह, डॉ जेपी सिंह, प्रोफेसर अरविंद कुमार और डॉ यूपी सिंह ने अपने विचार रखे और बच्चों के प्रति मंगल कामनाएं व्यक्त कीं। पुरातन छात्र पीसीएस स्वप्निल कुमार यादव और नेता विनोद कुमार मिश्र ने अपने पढ़ाई के अनुभव साझा किए।विद्यालय परिवार की तरफ से अतिथियों को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक गुलाबचंद सरोज ने की और संचालन मनोज सिंह और आयुष्मान सिंह ने किया। आयोजक डॉ आरपी सिंह, प्रबंधक डॉ उदय प्रताप सिंह और प्रधानाचार्या राजबाला सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। समाज सेवी चंद्र शेखर पाण्डेय ने व्यवस्था में सहयोग किया।इस अवसर पर उपमा सिंह, राजन सिंह, रमेश मिश्रा, सोमू सिंह, चंद्र बहादुर सिंह, विनय सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, राकेश सिंह, माता प्रसाद चौरसिया और आरपी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## एएसआई ने मांगा दो सप्ताह का समय, अगली सुनवाई 20 फरवरी को

**प्रयागराज।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस अविनाश सक्सैना की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 20 फरवरी तय कर दी है। सुनवाई के दौरान श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के हिंदू पक्षकार एवं अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने अदालत को अवगत कराया कि मुकदमा संख्या तीन में अब तक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल नहीं की गई है।

# डीआरएम के निरीक्षण में मिली कमियां



अवधनामा संवाददाता

पेयजल सप्लाई नहीं सुधरी तो जिम्मेदारों को करें बर्खास्त

**जौनपुर (जफराबाद)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन का डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिली।जिस वे विफर पड़े।उन्होंने एक विभाग के कर्मियों को बर्खास्त करने की धमकी दे डाली।

स्थानीय स्टेशन पर पहुंचकर डीआरएम वर्मा ने विद्युत,पेयजल तथा शौचालय व साफ सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल की व्यवस्था के बारे में पूछा। सम्बंधित अधिकारी ने कहा टोटियों में पानी आ रहा है। जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां प टोटी में पानी नही आ रहा था। जिस पर वह काफी भड़क गए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों के साथ पानी टँकी के पास बने पम्प रूम पहुंचे। वहां दरवाजे में लगे ताले की चाभी नही मिली। उन्होंने ताला तुड़वाकर अंदर देखा। वहां पर भी गड़बड़ी मिली। उन्होंने तत्काल सम्बंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सोमवार तक अगर पेयजल की व्यवस्था ठीक नही हुई तो जिम्मेदार लोगों को बर्खास्त करें।इसके अलावा स्टेशन पर बने शौचालय में पानी की समस्या मिली।सैनेटरी बॉक्स में पैड नही मिले।जिसपर उन्होंने स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार को निर्देश दिया कि शाम तक पैड सेनेटरी बॉक्स में रखवाकर फोटो हमको भेजे।इसके अलावा स्टेशन पर साफ सफाई की व्यवस्थाओं को तत्काल कराने के लिये कहा।स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार को कहा कि स्टेशन ओर जो खामियां है। उसे सम्बंधित विभाग को बताये। जब उन्होंने कहा कि सम्बंधित विभाग को पत्र लिखकर बता दिया गया है। इस वे सम्बंधित अधिकारियों को भी फटकार लगाए। स्टेशन पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने स्टेशन के आस पास कमियों को बताया तो उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी का निराकरण होगा। निरीक्षण के दौरान एडीआरएम डी के यादव,सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी, ओ पी तिवारी, रजनीश श्रीवास्तव, टीआई पंकज कुमार सिंह आदि रहे।

# डीएम ने किया कलेक्ट्रेट के सभी अनुभागों निरीक्षण, 38 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

स्पष्टीकरण प्राप्त करने व 1 दिन का वेतन रोकने के दिए निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी कक्षों में उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के समय अनुपस्थित विभिन्न अनुभाग के 38 पटल सहायकों एवं कर्मचारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने पर एक दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सभी कार्यालयों एवं पटल का भ्रमण कर प्रशासनिक कार्यो, अभिलेखों का रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था और कार्मिकों की कार्यप्रणाली की जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी अपर जिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट को नियमित रूप से सभी कक्षों का निरीक्षण कर सभी कार्मिको की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है।

उपस्थिति पंजिका के औचक निरीक्षण में ईआरके अनुभाग की सुमन श्रीवास्तव, कृति श्रीवास्तव, कविता जैस, आरए अनुभाग के मनोज कुमार सिंह, रेखा श्रीवास्तव, जेआरके अनुभाग के अमित अग्रवाल, जेए अनुभाग के विवेक कुमार यादव, प्रियंका श्रीवास्तव, लक्ष्मीशंकर यादव, मो0 कौनेन अहमद, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अनुभाग के आशीष मेहरोत्रा, रज्मे हसन, जीसी अनुभाग के अब्दुर रहमान, सीआरए अनुभाग के महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मोनिका यादव, प्रतिमा श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नगर अनुभाग के नन्द गोपाल तिवारी, राधारमण चौधरी, अपर जिलाधिकारी नजूल अनुभाग की रंगोली श्रीवास्तव, आफशीन इस्लाम, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनुभाग की रंजना मौर्य, आरआरके अनुभाग के राजेश कुमार वर्मा, लईश अहमद, मंजू श्रीवास्तव, सीमा त्रिपाठी, केशवी देवी, शिवांगी, अपर नगर मजिस्टेऊट प्रथम अनुभाग के मनोज कुमार शर्मा, अपर नगर मजिस्टेऊट चतुर्थ अनुभाग के विनोद कुमार द्विवेदी, शिकायत सेल अनुभाग के बृजेश श्रीवास्तव, सुधा, ऋचा श्रीवास्तव, भूलेख अनुभाग के राधेश्याम केसरवानी, शस्त्र अनुभाग के प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व न्यायालय के कमल कुमार यादव, सुजीत कुमार एवं जिलाधिकारी न्यायालय के सुनील कुमार (द्वितीय) के अनुपस्थित पाये गये।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गांधीजी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा गांधी वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं एनएसएस से जुड़े पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधन संकाय के प्रोफेसर मानस पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज को सकारात्मक भाव से जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की स्थापना महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर हुई थी तथा उनके शहादत दिवस पर विश्वविद्यालय द्वारा 'बापू बाजार' की शुरुआत की गई, जो गांधीजी के आदर्शों को व्यवहार में उतारने का सशक्त प्रयास रहा है। बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर प्रदीप कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को एक सूत्र में बांधने के लिए अहिंसा को अपना मार्ग बनाया।

# जफराबाद क्षेत्र में तीन संपर्क मार्गो का विधायक ने किया लोकार्पण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जफराबाद विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण आवागमन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत तीन संपर्क मार्गों का शुभ उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक जगदीश नारायण राय ने किया। ये सभी मार्ग लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित कराए गए हैं। विधायक ने बताया कि विकास खंड जलालपुर अंतर्गत ग्राम रेहटी संपर्क मार्ग का निर्माण 60.29 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। वहीं विकास खंड धर्मापुर में ग्राम गोसाईपुर यादव बस्ती संपर्क मार्ग का निर्माण 51.29 लाख रुपये तथा ग्राम कबीरूद्दीनपुर संपर्क मार्ग का निर्माण 64.37 लाख रुपये की लागत से पूरा किया गया है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि इन मार्गो के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और ग्रामीण विकास को गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 नन्हे यादव, तुल्लापुर के प्रधान गुरु गोपाल सिंह, समाजसेवी राजेश अग्रहरि, शिवचंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष किशन चौहान, प्रधान मकरा अरविंद कुमार गौतम, प्रधान लहंगपुर नसीब खान, प्रधान अजय पटेल, प्रधान रामपुर सोईरी सत्य प्रकाश भास्कर, प्रधान करदहा हीरा यादव सहित बड़ी संख्या में ग्राम सभा के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## वराट कविसम्मेलन का हुआ आयोजन



**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** नगर पालिका के शहीद पार्क में 26 जनवरी के 77वें गणतंत्र दिवस के मौके पर संगीता गुप्ता चेयरमैनों की अध्यक्षता में विराट कविसम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें विशिष्ट अतिथि जयवीरजयवीर सिंह मंत्री जी और जिलाधिकारी थे नगर पालिका परिषद के प्रशासनिक अधिकारी बुद्धि प्रकाश एवं बड़े बाबू वरुण मिश्रा और सभी कर्मचारी घर ने इसमें सहभागिता की दूर दराज से आए हुए कई बनारस से कृति चतुर्वेदी मनोज पाटिल, जावेद, प्रेम भाई सतीश मधु और वरिष्ठ कवि श्रृंगार रस के विष्णु सक्सेना ने शिरकत की विष्णु सक्सेना ने अपने गीतों से मैनपुरी शहर का मन मोह लिया आलोक गुप्ता ने कवि सम्मेलन के अंतिम में सभी कई लोगों को विदाई दी और इस बीच में अध्यक्ष ने आम पब्लिक को चाय नाश्ता भी करवाया।

## यातायात नियमों के प्रति चला जागरूकता अभियान



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अतुल कुमार यादव एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात जनपद आजमगढ़ संजय कुमार पाल के नेतृत्व में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों/तिराहों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से आमजन, राहगीरों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने एवं कराने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, जेब्रा क्रॉसिंग एवं ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। यातायात पुलिस द्वारा यह संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि यह स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

## विवाहिता की हत्या, बोरे में भरकर कुएं में फेंका शव

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** फूलपुर थाना क्षेत्र के बलिकरन पुर गांव में एक विवाहिता की हत्या कर शव को बोरे में भरकर सुनसान कुएं में फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 35 वर्षीय सीमा सरोज के रूप में हुई है। वह 22 जनवरी से लापता थी। गुरुवार देर रात कुएं से उठी दुर्गंध के बाद घटना का खुलासा हुआ, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के बाहर स्थित एक बंद पड़े ट्यूबवेल के पास ग्रामीण लकड़ियां लेने पहुंचे थे। लकड़ियां कुएं में गिरी देख उन्होंने बाहर निकालना शुरू किया तो भीतर एक सफेद बोरी तैरती दिखी, जिससे तेज बदबू आ रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बोरी को बाहर निकाला।

# इविवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में सृष्टि ने उत्तीर्ण की पीएचडी परीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज की वनस्पति विज्ञान विभाग की शोध छात्रा सृष्टि सिंह ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अपनी पीएचडी शोध एंटरोबैकटर और उनके बैक्टेरियोफेज पर अध्ययन के लिए सफलता पाई है। यह मौखिक परीक्षा केंद्रीय दक्षिण बिहार विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर, परीक्षक प्रोफेसर डीवी सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। शोध का मार्गदर्शन इलाहाबाद विश्वविद्यालय सीएमपी डिग्री कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. आलोक कुमार सिंह ने किया। मौखिक परीक्षा में डीपीसी सदस्य, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सत्यनारायण, प्रोफेसर प्रोफेसर सरिता श्रीवास्तव, प्रो एच के खेरी, प्रोफेसर संजय सिंह, डा0 संजय केवट डा अश्वनी कुमार, डा मनोज सिंह डा0 सुनील डा प्रियंका डा प्रदीय, डा सोमानना, डा रिक्की राय डा ऋतु आदि उपस्थित रहे। बैक्टीरियोफेज पर महत्वपूर्ण काम करने वाले सहायक मार्गदर्शक के रूप में प्रोफेसर गोपाल नाथ (डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, वाराणसी), अन्य संकाय सदस्य व शोधार्थी उपस्थित थे। इस शोध में बैक्टीरिया को फेनोटाइपिक और जेनोटाइपिक तरीके से पहचान कर वर्णित किया गया है। इसके पश्चात एंटीबायोटिक प्रतिरोधी पैटर्न की जांच की गई है। जिसके परिणामस्वरूप कोलिस्टिन और कार्बापिनेम प्रतिरोधी बैक्टीरिया के विरुद्ध प्रभावी फेज का निर्माण किया गया है। इस शोध में मूत्र, लार, सीवेज जल और नदी के पानी के विभिन्न स्रोतों से बैक्टीरियोफेज को अलग किया गया है और उनका विश्लेषण किया गया है। इस शोध का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि तीन व्यापक स्पेक्ट्रम के फेज का चयन यूटीआई के मॉडल के उपचार में किया गया है।

## दिव्यांगजन को निःशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण किया गया

**आजमगढ़।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान में समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, अतरौलिया, आजमगढ़ में कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन को निःशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ओम प्रकाश राजभर, कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के हाथों से उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खुशियों से खिल गए। कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजन के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा लगातार बेहतर योजनाएं संचालित की जा रही हैं। दिव्यांगजन अपने अधिकारों के साथ-साथ योजनाओं के विषय में अधिक से अधिक जागरूक रहें और उनका लाभ उठाएं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्री शान्त प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के कुल 511 सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय वार्षिक खेल-कूद व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** हर्रा की चुंगी स्थित सावित्री बाई फुले राजकीय पालीटेक्निक, आजमगढ़ के प्रांगण में सावित्री बाई फुले राजकीय पालीटेक्निक, आजमगढ़ एवं राजकीय पालीटेक्निक भिलीहिली, आजमगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय वार्षिक खेल-कूद एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), आजमगढ़ के गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । बी0एन0 चौधरी, प्रधानाचार्य संस्थागत द्वारा मुख्य अतिथि को कैप एवं बैज लगाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एवं संस्था प्रधानाचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सरस्वती पट का अनावरण करते हुए खेल-कूद एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया गया एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संस्थागत प्रधानाचार्य बी0एन0 चौधरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए अभिवादन किया गया। 800 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान शिव कुमार यादव, इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रण, राजकीय पॉलीटेक्निक भिलिहिली आज़मगढ़, विश्वसरैया हाउस, द्वितीय स्थान अंकित चौहान, इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रण राजकीय पॉलीटेक्निक भिलिहिली आज़मगढ़, विश्वसरैया हाउस, तृतीय स्थान प्रिंस यादव इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रण, राजकीय पॉलीटेक्निक भिलिहिली आज़मगढ़, विश्वसरैया हाउस ने प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पूर्णिमा मौर्या, यांत्रिक अभियंत्रण सावित्री बाई फुले राजकीय पॉलीटेक्निक आजमगढ़, भाभा हाउस, द्वितीय स्थान मुस्कान विश्वकर्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रण, सावित्री बाई फुले राजकीय पॉलीटेक्निक आजमगढ़, विश्वसरैया हाउस, तृतीय स्थान अंशिका यादव, सिविल अभियंत्रण, राजकीय पॉलीटेक्निक भिलिहिली आज़मगढ़, रामानुजन हाउस एवं सत्यम यादव इलेक्ट्रॉनिक्स अभियंत्रण, राजकीय पॉलीटेक्निक भिलिहिली आज़मगढ़, विश्वसरैया हाउस ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में इस संस्था के अमृत प्रकाश, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रानिक्स अभि0, यशवन्त कुमार, डॉ0 साधना मौर्य, डॉ रागिनी यादव, श्रुति सिंह, प्रेमानन्द पटेल, खुशबू प्रेमचन्द सिंह, अनुरंजन कुमार विश्वकर्मा, राजू मौर्या, राम सुरेश, इत्यादि उपस्थित रहें।

# स्वास्थ्य केन्द्रों पर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएं: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों से कहा कि स्वास्थ्य विभाग के संचालित योजनाओं के लाभ आम-जनता तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करें, स्वास्थ्य केन्द्रों पर आने वाले मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं, स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ-सफाई के साथ पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध रहें, मरीज को जांच की सुविधा उपलब्ध हो, जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्रसूताओं को प्राथमिकता पर उपलब्ध कराया जाए, मरीजों, प्रसूताओं को समय से नाश्ता, दोपहर-शाम का भोजन गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराया जाए, चिन्हित मैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर उन्हें सुपोषण की श्रेणी में लाने में स्वास्थ्य, बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी अपना योगदान दें। उन्होने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करने पर पाया कि वार्षिक लक्ष्य 23940 के सापेक्ष अब तक 17590 संस्थागत प्रसव हुए हैं, स्वास्थ्य केन्द्रवार समीक्षा करने पर पाया कि माह जनवरी तक कुचेला स्वास्थ्य केन्द्र पर 2745 के सापेक्ष मात्र 316, बेवर स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा 2986 के सापेक्ष 1185, करहल स्वास्थ्य केन्द्र पर 2389 के सापेक्ष मात्र 1676, सुल्तानगंज स्वास्थ्य केन्द्र पर 3103 के सापेक्ष 1977 संस्थागत प्रसव हुये हैं, चालू वित्तीय वर्ष में हुये संस्थागत प्रसवों में से 5509 प्रसूताओं को ही जननी सुरक्षा योजना का लाभ उपलब्ध कराया गया है, जानकारी करने पर बताया कि पोर्टल में खराबी होने के कारण प्रसूताओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं कराया जा रहा है, पोर्टल संचालित हो चुका है, आगामी 01 सप्ताह में अवशेष प्रसूताओं को योजना में लाभान्वित कराया जायेगा। श्री सिंह ने प्र. चिकित्साधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बेसिक शिक्षा के विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत प्रत्येक बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए, जिस दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे वहां पंजीकृत सभी बच्चे उपस्थित रहें, जिन विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित है, उनमें एक ही दिन विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए, स्वास्थ्य परीक्षण में बच्चों में जो कमियां मिले, उन्हें तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने समीक्षा के दौरान प्र. चिकित्साधिकारियों से कहा कि आयोजित होने वाली बी.एच.एन.डी. सत्र पर आशा, ए.एन.एम. समय से उपस्थित हों, आशा घर-घर जाकर लक्षित बच्चों को टीकाकरण केन्द्र पर लाकर टीकाकरण कराकर उन्हें जानलेवा बीमारियों से प्रतिरक्षित करने में योगदान करें। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करहल के अंतर्गत टीकाकरण की प्रगति एवं आशा, ए.एन.एम. की समय से उपस्थित न होने पर प्र. चिकित्साधिकारी करहल को स्थिति सुधारने एवं समय से स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थित शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पाया कि महिला नसबंदी के वार्षिक लक्ष्य 1282 के सापेक्ष अब तक 931 एवं पुरूष नसबंदी के वार्षिक लक्ष्य 21 के सापेक्ष मात्र 04 पुरूषों की नसबंदी ही की गयी है, जिस पर उन्होने स्वास्थ्य केन्द्रवार नसबंदी हेतु कैंप आयोजित कराकर पुरूष नसबंदी के लक्ष्य की पूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि दि. 10 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, ग्राम्य विकास, पंचायती राज एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर जनपद के 01 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, यह कार्यक्रम जनपद के प्रत्येक विद्यालय में संचालित होगा। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि उक्त दिवस पर जनपद के सभी विद्यालय समय से खुलें, विद्यालयों में पंजीकृत शत-प्रतिशत छात्र उपस्थित रहें ताकि उन्हें पेट के कीड़ों की टैबलेट एल्बेंडाजोल खिलाई जा सके। उन्होंने राष्ट्रीय अधंता निवारण कार्यक्रम, मैटरनल डैथ, जननी शिशु सुरक्षा योजना, ई-संजीवनी, आयुष्मान भारत, कुष्ठ रोग उन्मूलन, एंबुलेंस 102, 108 रिस्पांस टाइम, क्षय रोग उन्मूलन आदि की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी दीपिका गुप्ता, मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. शशांक कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय कुमार, डॉ. गौरव अग्रवाल, डब्ल्यू. एच.ओ. से डा. वी.पी. सिंह, यूनिसेफ से संजीव पांडेय, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी रविंद्र सिंह गौर, डी.पी.एम. संजीव, समस्त प्र. चिकित्साधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## कायस्थ पाठशाला क्लब को मिले पूर्ण अंक

**प्रयागराज।** कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब ने कुलभास्कर कप क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में खेलगांव पब्लिक स्कूल क्रिकेट क्लब को दो विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। शुक्रवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए खेलगांव पब्लिक स्कूल ने 40 ओवर में 150 रन ( जयेश केशरवानी 44, हर्षित जी सहाय 28, जयेश यादव 19 रन, आशुतोष पांडेय 3/18, सक्षम 1/10, हर्षित त्रिपाठी 1/22, आदित्य पाठक 1/25 ) पर बनाए। जवाब में कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब की टीम ने 33.4 ओवर में आठ विकेट खोकर 151 रन ( विपुल द्विवेदी 31 नाबाद, अंशुमान शुक्ला 29, देवांश पाठक 27, फरहान आंसरी 21, संदीप यादव 20 रन, विराट गुप्ता 4/32, आदित्य प्रजापति 3/41, शलोक चतुर्वेदी 1/25 ) पर बना लिए।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सय्यद सलमान अब्बास पुत्र श्री सय्यद गुलाम अब्बास निवासी-मीरानपुर अकबरपुर, थाना कोतवाली व तहसील-अकबरपुर, जनपद- अम्बेडकरनगर उ.प्र. शपथी का नाम पहले Salman Abbas था। शपथी अब उस नाम को बदलकर Sayyad Salman Abbas कर लिया है। अब शपथी को Salman Abbas के स्थान पर Sayyad Salman Abbas नाम से जाना व पहचाना जाये।

(नाम व पता उपरोक्त)


# माघ पूर्णिमा का आध्यात्मिक महत्वः महामंडलेश्वर विनयानन्द

भंडारे में शामिल होने की अपील

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पंचायती श्री निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरी जी श्री हरि धाम के पीठाधीश्वर ने माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व को विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि माघ पूर्णिमा हिंदू धर्म में अत्यंत पुण्यदायी तिथि मानी जाती है। इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य, जप-तप और सेवा कार्य करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में वर्णित है कि माघ मास में किया गया प्रत्येक सत्कर्म कई गुना फलदायी होता है।महामंडलेश्वर स्वामी विनयानंद गिरि महाराज ने बताया कि माघ पूर्णिमा के दिन संतों का सान्निध्य, धर्म चर्चा और सेवा कार्य मानव जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर श्रद्धालु अपनी आत्मशुद्धि के साथ समाज सेवा का संकल्प भी लेते हैं। उन्होंने कहा कि माघ पूर्णिमा केवल स्नान-दान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन और मानव कल्याण का पर्व है।

पीठाधीश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री हरि धाम सेवा समिति की ओर से माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सुन्दरकाण्ड व भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने और सेवा पुण्य के भागी बनने की अपील की।

# भारत की आफ्टरमार्केट और ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री ACMA Automechanika के साथ नई दिल्ली में ग्लोबल फास्ट लेन में प्रवेश कर रही



**नई दिल्ली।** भारत का ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट पॉलिसी रिफॉर्म, बढ़ते निवेश और तेज़ी से टेक्नोलॉजी अपनाने के कारण विकास के एक नए दौर को दर्शा रहा है। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एक्मा) के अनुसार, ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री का मौजूदा वैल्यू वित्तवर्ष 25 में 80.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, जिसमें ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट का हिस्सा आज 11.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। कंपोनेंट इंडस्ट्री के 2030 तक 111-200 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है। भारत में जैसे-जैसे लोकलाइज़ेशन का दायरा बढ़ रहा है और एक्सपोर्ट के अवसर बढ़ रहे हैं, ऑटो कंपोनेंट और आफ्टरमार्केट इंडस्ट्री ग्लोबल आफ्टरमार्केट वैल्यू चेन में भरोसेमंद और प्रतिस्पर्धी पार्टनर के रूप में उभर रहे हैं।

इसी पृष्ठभूमि में, मेस्से फ्रैंकफर्ट ट्रेड फेयर्स इंडिया और एक्मा द्वारा आयोजित ACMA Automechanika New Delhi 2026, 5 से 7 फरवरी 2026 तक यशोभूमि, इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी), द्वारका, दिल्ली में होने वाला है। मेक इन इंडिया, प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम और एफडीआई रिफॉर्म जैसी पहलों से प्रेरित होकर, ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट और ऑटो कंपोनेंट इंडस्ट्री लगातार निवेशकों की मज़बूत दिलचस्पी आकर्षित कर रही है। इंडस्ट्री के अनुमान क्षमता का विस्तार, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और एक्सपोर्ट के नेतृत्व में लगातार निवेश की ओर इशारा करते हैं, जो भारत की मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब दोनों के रूप में भूमिका को मज़बूत करता है। ACMA Automechanika New Delhi का छठा एडिशन, जो ऑटो कंपोनेंट और ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट इंडस्ट्री के लिए भारत का प्रमुख इंटरनेशनल ट्रेड फेयर है, 870 से ज़्यादा एग्जिबिटर्स को एक साथ लाएगा, जो ओईएम, डिस्ट्रीब्यूटर्स, गैरेज, फ्लीट ऑपरेटर्स, सर्विस प्रोवाइडर्स और इंटरनेशनल खरीदारों के लिए एक प्रमुख कनवर्जेंस प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा। अपने विचार व्यक्त करते हुए, श्री राज मानेक, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और बोर्ड मेंबर, मेस्से फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड ने कहा कि ‘जैसे-जैसे भारत सभी क्षेत्रों में क्वालिटी-बेस्ड डेवलपमेंट को प्राथमिकता दे रहा है, ACMA Automechanika New Delhi 2026, यह दिखाएगा कि ऑटो कंपोनेंट और आफ्टरमार्केट इंडस्ट्री वैश्विक रुझानों के साथ तालमेल बिठाते हुए कैसे आगे बढ़ रहा है। यह शो विजिटर्स और एग्जीबिटर्स को एक विशाल इंटरनेशनल आयोजन में आने वाले बिजिटर्स को एकजुट करेगा, जिसमें अत्याधुनिक इनोवेशंस, सस्टेनेबल कंपोनेंट सॉल्यूशंस और क्लीन-फ्यूल इकोसिस्टम का संगम होगा। इस बदलाव में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका की ओर ग्लोबल प्रतिभागी तेजी से आकर्षित हो रहे हैं, जिसमें संगठन जलवायु परिवर्तन से निपटने और एक समृद्ध और स्वच्छ भविष्य के निर्माण के लिए टेक्नोलॉजिकल-ऑफरिंग सॉल्यूशंस के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखा रहे हैं। कार्यक्रम से पहले बोलते हुए, श्री विन्नी मेहता, डायरेक्टर जनरल, ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एक्मा) ने कहा कि भारत का ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट अधिक स्ट्रक्चर्ड, क्वालिटी-संचालित और विश्व स्तर पर तालमेल के साथ भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

# जियो-बीपी ने लॉन्च की इंजन क्लीनिंग एक्टिव टेक्नोलॉजी

**लखनऊ।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडिया एनर्जी वीक 2026 के दौरान जियो-बीपी के स्टाल का दौरा किया, जहां क्रांतिकारी एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल प्रदर्शित किया गया था। जियो-बीपी का एक्टिव पेट्रोल इंजन के महत्वपूर्ण हिस्सों को साफ करने, इंजन की क्षमता को बहाल और सुरक्षित रखने, और वाहन चालकों को सामान्य पेट्रोल की तुलना में सालाना लगभग 100 किमी तक अधिक दूरी तय करने में मदद करने के लिए बनाया गया है। और यह सब बिना किसी अतिरिक्त कीमत के उपलब्ध है। गोवा में चल रहे इण्डिया एनर्जी वीक के दौरान इस उत्पाद पर बात करते हुए जियो-बीपी के चेयरमैन सार्थक बेहुरिया ने कहा भारतीय वाहन चालक ऐसे फायदे चाहते हैं जो रोजमर्रा में साफ दिखाई दें जैसे स्मूथ चलने वाला इंजन, ज्यादा भरोसेमंद परफॉर्मेंस, कम मेंटेनेंस और उसी ईंधन खर्च में ज्यादा किलोमीटर। जियो-बीपी एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ हम ऐसा पेट्रोल लेकर आए हैं जो चलते-चलते इंजन को साफ करता है और नुकसानदायक जमाव को हटाने में मदद करता है। हमारा उद्देश्य उन्नत फ्यूल टेक्नोलॉजी को सभी के लिए सुलभ बनाना है, ताकि हाई-परफॉर्मेंस इंजन सफाई को एक मानक सुविधा के रूप में उपलब्ध कराया जा सके और पूरे भारत के ग्राहक हर दिन इसका लाभ उठा सकें। इस पर आगे बोलते हुए, जियो-बीपी के सीईओ अक्षय वाधवा ने कहा आज गोवा में आयोजित इंडिया एनर्जी वीक 2026 में हमने दो मोटरसाइकिलें एक साथ प्रदर्शित की हैं एक जो एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल पर चली है और दूसरी जो सामान्य पेट्रोल पर। आधुनिक बोरोस्कोप इमेजिंग के जरिए एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल की इंजन सफाई क्षमता साफ दिखाई देती है। फ्यूल केमिस्ट्री में पांच साल की मेहनत से तैयार यह पेट्रोल न केवल फ्यूल एफिशिएंसी बढ़ाता है



बल्कि मेंटेनेंस भी कम करता है। एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल पर चलने वाली मोटरसाइकिल को कोयंबटूर टेस्ट ट्रैक पर 4,000 किमी चलाया गया और इसका फायदा सालाना 100 किमी’ तक के अतिरिक्त लाभ में बदलता है। यह विज्ञान पर आधारित स्पष्ट अंतर है। इसके साथ लॉयल्टी फायदे और हाल ही में लॉन्च किए गए जियो-बीपी मोबिलिटी. क्रेडिट कार्ड उपभोक्ताओं को लगातार लाभ देते हैं। उपभोक्ताओं के लिए फायदेः जियो-बीपी का एक्टिव टेक्नोलॉजी पेट्रोल आम वाहन चालकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

बिना किसी अतिरिक्त लागत के यह स्मूथ ड्राइविंग, हर टैंक से ज्यादा किलोमीटर और इंजन को साफ व सुरक्षित रखने में मदद करता है।

# केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड 2025-26 की तीसरी तिमाही के परिणाम

**लखनऊ।** जमा नहीं लेने वाली एवं परिचालन के लिहाज से महत्वपूर्ण एनबीएफसी (एनबीएफसी-एनडी-एसआई) केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के निदेशक मंडल ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिए गुरुवार, 29 जनवरी को अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की. इन वित्तीय परिणामों की मुख्य बातें इस प्रकार हैं अब तक का सर्वश्रेष्ठ तिमाही प्रदर्शन, कंसोलिडेटेड एयूएम 30,000 करोड़ रुपये के पार सीजीसीएल ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में अपना अब तक का सबसे मजबूत प्रदर्शन किया, जिसमें कंसोलिडेटेड एयूएम सालाना आधार पर 47 फीसदी और तिमाही आधार पर 12 फीसदी बढ़कर 30,406 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. सभी लेंडिंग वर्टिकल्स में व्यापक वृद्धि हुई, जिसमें गोल्ड लोन में सालाना आधार पर 80 फीसदी की वृद्धि, एमएसएमई लोन में सालाना आधार पर 19 फीसदी की वृद्धि और हाउसिंग लोन में सालाना आधार पर 40 फीसदी की बढ़ोतरी प्रमुख रही. इस दौरान डिस्बर्समेंट सालाना आधार पर 87 फीसदी बढ़कर 10,879 करोड़ रुपये हो गए. ग्राहक आधार 6.3 लाख से अधिक हो गया.2025-26 की तीसरी तिमाही में मुनाफा बढ़ने की रफ्तार जारी, सालाना आधार पर पीएटी 99 फीसदी बढ़ा सीजीसीएल ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में मुनाफे की तेज वृद्धि की रफ्तार को बरकरार रखा. शुद्ध मुनाफा (पीएटी) सालाना आधार पर 99 फीसदी बढ़कर 255 करोड़ रुपये रहा, जो अब तक की किसी भी तिमाही में सबसे ज्यादा है. मुनाफे में यह तेज वृद्धि मार्जिन के विस्तार, ऑपरेटिंग लिवरेज लाभ और सभी प्रमुख व्यवसाय क्षेत्रों में निरंतर विकास से आई. रिटर्न के विभिन्न पैमानों में मजबूत सुधार हुआ. एनुअलाइज्ड आरओएई 15 फीसदी और आरओएए 4 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 12.6 फीसदी और 2.8 फीसदी रहा था. इस दौरान सालाना आधार पर शुद्ध ब्याज आय 48 फीसदी बढ़कर 510 करोड़ रुपये हो गई. इसे रिटेल लोन बुक के मजबूत विस्तार और फंड की लागत में कमी से समर्थन मिला. ब्लेंडेड यील्ड 16.4 फीसदी पर स्थिर रहा और स्प्रेड सालाना आधार पर 36 आधार अंक (बीपीएस) बढ़कर 7 फीसदी हो गया. इससे मार्जिन बचाने की कंपनी की क्षमता का पता चलता है. शुल्क आधारित आय में ठोस वृद्धि, ब्याज से इतर आय बनी हुई है रणनीतिक बढ़तब्याज से इतर आय (नॉन-इंटरेस्ट इनकम) में 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान अर्थपूर्ण वृद्धि जारी रही. इससे कमाई का विविध और टिकाऊ प्रोफाइल तैयार करने की हमारी रणनीति ठोस होती है. ब्याज से इतर आय सालाना आधार पर 124 फीसदी बढ़कर 240 करोड़ रुपये हो गई. इसने तिमाही के दौरान कुल शुद्ध आय में 32 फीसदी का योगदान दिया. इसे को-लेंडिंग फीस से हुई कमाई और बीमा वितरण व्यवसाय के मजबूत विकास से समर्थन मिला. प्रमोटर एवं प्रबंध निदेशक राजेश शर्मा ने कहा ‘‘2025-26 की तीसरी तिमाही में हमने मजबूत प्रदर्शन किया है. हमारे प्रमुख लेंडिंग सेगमेंट्स में एयूएम की स्वस्थ वृद्धि हुई, जिसे विविध और सुरक्षित पोर्टफोलियो से समर्थन मिला. तिमाही के दौरान मुनाफे में सुधार हुआ. इसके पीछे स्थिर मार्जिन, उच्च यील्ड वाले उत्पादों का बढ़ता योगदान, शुल्क आधारित आय में मजबूत वृद्धि और विस्तारित नेटवर्क से मिला ऑपरेटिंग लिवरेज रहा, जबकि संपत्ति की गुणवत्ता लचीली बनी रही. पूंजी की मजबूत स्थिति और प्रौद्योगिकी में लगातार निवेश के साथ, हम कुशल तरीके से विस्तार के लिए अच्छी स्थिति में हैं और वित्त वर्ष 2027-28 तक 55,000 करोड़ रुपये के एयूएम, 16-18 फीसदी के टिकाऊ आरओएई और 4.0-4.5 फीसदी के आरओएए के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. इससे सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन होगा.’’

# विप्रो जीई हेल्थकेयर ने मेड-इन-इंडिया, AI-संचालित MR इमेजिंग में सिग्ना प्राइम एलीट का अनावरण

**हैदराबाद।** विप्रो जीई हेल्थकेयर, एक अग्रणी वैश्विक चिकित्सा प्रौद्योगिकी, डायग्नोस्टिक्स और डिजिटल समाधान प्रवर्तक, ने आज हैदराबाद में इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन 2026 के वार्षिक सम्मेलन में अपने नवीनतम MR इमेजिंग सिस्टम, सिग्ना प्राइम एलीट के लॉन्च की घोषणा की। विप्रो जीई हेल्थकेयर की ख्खरू सुविधा - कंपनी की PLI फैक्ट्री में निर्मित, सिग्ना प्राइम एलीट इसके अग्रणी मेड इन इंडिया पोर्टफोलियो में नवीनतम है। यह MR सिस्टम तेज, अधिक आरामदायक स्कैन और बेहतर डायग्नोस्टिक आत्मविश्वास प्रदान करने के लिए रोगी-केंद्रित डिजाइन के साथ उन्नत इमेजिंग इंटेलिजेंस को जोड़ता है।

भारत में गैर-संचारी रोगों में तेज वृद्धि देखी जा रही है, जो सभी मौतों के 66% से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं, जो शीघ्र पता लगाने और उन्नत डायग्नोस्टिक समाधानों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।



सिग्ना प्राइम एलीट को तेजी से स्कैन समय, सटीक निदान और बेहतर वर्कफ़्लो दक्षता के लिए इंजीनियर किया गया है, जो चिकित्सकों को उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए अधिक नैदानिक आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनाता है। एआर रेकॉन डीएल, एक डीप-लर्निंग इमेज रिकंस्ट्रक्शन तकनीक द्वारा संचालित, यह सिस्टम स्पष्ट इमेज क्लैरिटी, कम शोर और तेज स्कैन समय प्रदान करता है। ये नवाचार रोगी की यात्रा को छोटा करते हुए नैदानिक आत्मविश्वास में सुधार करते हैं। भारत की स्वास्थ्य सेवा यात्रा में एक गर्वित स्थानीय भागीदार के रूप में, हमारा उद्देश्य उत्पादों से परे है। हमारा ध्यान दीर्घकालिक और स्थानीय है - मेड इन इंडिया करना, और भारत से नेतृत्व करना। सिग्ना प्राइम एलीट के साथ, हम मेड इन इंडिया मेडटेक के अपने मजबूत पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं, जिसे पहुंच का विस्तार करने, नैदानिक आत्मविश्वास को बढ़ाने और बड़े पैमाने पर विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हम स्थानीयकरण में निवेश कर रहे हैं एक प्रोजेक्ट के रूप में नहीं, बल्कि एक रणनीति के रूप में – ताकि भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए सतत विकास को शक्ति दी जा सके,÷ चैतन्य सरावटे, मैनेजिंग डायरेक्टर, विप्रो जीई हेल्थकेयर और प्रेसिडेंट और सीईओ, जीई हेल्थकेयर साउथ एशिया ने कहा।

हमें सिग्ना प्राइम एलीट पेश करने पर गर्व है जो विप्रो जीई हेल्थकेयर के अग्रणी मेड इन इंडिया पोर्टफोलियो में एक शक्तिशाली नया जोड़ है और देश भर में विश्व स्तरीय डायग्नोस्टिक तकनीक तक पहुंच का विस्तार करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### ग्राहकों के भरोसे और बेहतर पसंद को आगे बढ़ाते हुए, शाओमी ने 15 नए शहरों में प्रीमियम सर्विस सेंटर का विस्तार किया



**लखनऊ।** शाओमी, ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर ने आज भारत में अपने प्रीमियम सर्विस सेंटर नेटवर्क के रणनीतिक विस्तार की घोषणा की, जिसमें 15 नए शहरों में सेंटर लॉन्च किए गए हैं। यह देश भर में 100 प्रीमियम सर्विस सेंटर स्थापित करने की शाओमी की योजना का दूसरा फेज़ है। यह विस्तार शाओमी की वैल्यू-फॉर-एक्सपीरियंस रणनीति को मजबूत करता है, जिसका पूरा और स्पष्ट ध्यान ग्राहकों के लिए अधिक आसानी से उपलब्ध, विश्वसनीय और अनुभव-आधारित आफ्टर-सेल्स ओनरशिप सफर प्रदान करने पर है। आज विशाखापत्तनम, सूरत और लखनऊ में नए केंद्र लॉन्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा, लुधियाना और इंदौर में दो और स्टोर क्रमशः 29 जनवरी को लॉन्च किए गए थे। वर्ष 2026 की पहली तिमाही तक ये प्रीमियम सर्विस सेंटर कुल 15 शहरों में उपलब्ध होंगे।

न्यू जेनरेशन के प्रीमियम सर्विस सेंटर पारंपरिक रिपेयर से आगे बढ़कर, अधिक समग्र, बेहतर सर्विस अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। ग्राहक तेज़ टर्नअराउंड समय, समर्पित तकनीकी विशेषज्ञता तक पहुंच, हैंड्स-ऑन उत्पाद इंटरैक्शन ज़ोन और बेहतर सुविधा सुविधाओं का अनुभव कर सकते हैं, ये सभी सर्विस अनुभव को आसान, अधिक पारदर्शी और अधिक आश्वस्त करने वाला बनाने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन किए गए हैं। इतना ही नहीं, इन सेंटरों को सिर्फ़ सर्विस पॉइंट से कहीं ज़्यादा के रूप में देखा जाता है; ये समग्र अनुभव हब के रूप में काम करते हैं। ग्राहक शाओमी उत्पादों को एक्सप्लोर और खरीद सकते हैं, ब्रांड के सस्टेनेबिलिटी फोकस के अनुरूप टचपॉइंट पर पेपरलेस संचालन का आनंद ले सकते हैं, और कम्युनिटी-बिल्डिंग पहलों में भाग ले सकते हैं। ऐसी ही एक पहल है शाओमी डेज़, जो हर बुधवार को आयोजित की जाएगी, जिसमें विशेष लाभ मिलेंगे। इस बारे में बात करते हुए, सुधिन माथुर, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, शाओमी इंडिया ने कहा कि ÷हमारे पहले 10 प्रीमियम सर्विस सेंटर्स को मिले ज़बरदस्त रिस्पॉन्स ने यह साबित कर दिया है कि ग्राहक तेज़ी से, ज़्यादा भरोसेमंद और अनुभव-आधारित आफ्टर-सेल्स सपोर्ट को ज़्यादा अहमियत देते हैं। 2026 के लिए शाओमी की वैल्यू-फॉर-एक्सपीरियंस स्ट्रैटेजी के तहत, 15 और शहरों में विस्तार करना इस सर्विस मॉडल को पूरे भारत में ज़्यादा यूज़र्स तक पहुंचाने की दिशा में एक स्वाभाविक अगला कदम है। जैसे-जैसे ग्राहक अपने डिवाइस को ज़्यादा समय तक इस्तेमाल करते हैं, भरोसेमंद सर्विस ज़रूरी हो जाती है। हमारे प्रीमियम सर्विस सेंटर्स के ज़रिए, हम ग्राहकों को उनके डिवाइस को बनाए रखने और समय के साथ ज़्यादा वैल्यू पाने में मदद कर रहे हैं, जिससे लॉन्ग-टर्म ओनरशिप सपोर्ट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मज़बूत होती है। नए सेंटर्स कई बेहतर कस्टमर बेनिफिट्स भी पेश करते हैं, जिनका मकसद प्रीमियम आफ्टर-सेल्स सपोर्ट को ज़्यादा इनक्लूसिव और फायदेमंद बनाना है। महिला ग्राहकों को 30-दिन की खास सर्विस छूट मिलेगी, जबकि रक्षा कर्मियों और दिव्यांग व्यक्तियों को सर्विस चार्ज पर लाइफ़टाइम छूट मिलेगी। ग्राहकों को सीमित समय के ऑफर्स का भी फायदा मिलेगा, जिसमें चुनिंदा स्पेयर पार्ट्स पर 50त्न तक की छूट और चुनिंदा डिवाइस के लिए मुफ़्त स्क्रीन प्रोटेक्टर शामिल हैं, जो उपलब्धता पर निर्भर है। कुल मिलाकर, ये नई पहलें हाई-क्वालिटी आफ्टर-सेल्स केयर को ज़्यादा सुलभ बनाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं, साथ ही ग्राहकों को भरोसेमंद सर्विस सपोर्ट के ज़रिए अपने डिवाइस की उम्र बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।


# वैश्विक स्तर पर पहली बार, एयरटेल ने 36 करोड़ भारतीयों को एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम निः शुल्क उपलब्ध कराया

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी टेलीकम्युनिकेशन सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल अब अपने 36 करोड़ ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस की निश्शुल्क सुविधा उपलब्ध करा रही है। एडोबी एक्सप्रेस एक तेज़, आसान और हर तरह की डिज़ाइन जरूरतों को पूरा करने वाला एप है, जिसे अब पूरे भारत में एयरटेल के ग्राहक इस्तेमाल कर सकेंगे। यह ऐतिहासिक और अपनी तरह की पहली साझेदारी एयरटेल के सभी ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम इस्तेमाल करने की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे वे हाई क्वालिटी वाली सोशल मीडिया एसेट्स, मार्केटिंग कंटेंट, शॉर्ट वीडियो और किसी भी प्रकार के डिज़ाइन को तेज़ी से और सहज तरीके से तैयार कर सकेंगे। लगभग रु4,000 मूल्य वाला एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम अब एक वर्ष के लिए निशुल्क उपलब्ध होगा। इसके साथ एयरटेल के सभी ग्राहक अपनी रचनात्मक क्षमताओं को खुलकर अभिव्यक्त कर सकेंगे और पेशेवर स्तर का कंटेंट तैयार कर सकेंगे, चाहे उनका डिजाइनिंग का अनुभव किसी भी स्तर का हो।




एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम सब्सक्रिप्शन एयरटेल के सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें मोबाइल, वाईफाई और डीटीएच ग्राहक शामिल हैं। ग्राहक एयरटेल थैंक्स एप पर लॉग इन करके इस सब्सक्रिप्शन का लाभ उठा सकते हैं और इसके लिए किसी भी प्रकार के क्रेडिट कार्ड की आवश्यकता नहीं होगी। इस साझेदारी पर प्रतिक्रिया देते हुए सिद्धार्थ शर्मा, सीईओ - कनेक्टेड होम्स एंड डायरेक्टर - मार्केटिंग, भारती एयरटेल ने कहा,÷यह साझेदारी केवल तकनीक तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य लाखों भारतीयों को अत्याधुनिक एआई टूल्स के माध्यम से सशक्त बनाना है, ताकि वे सृजन और नवाचार कर सकें। चाहे वह छात्र हो जो अपना पहला रिज़्यूमे बना रहा है, छोटा कारोबारी जो पोस्टर डिज़ाइन कर रहा है, या कोई कंटेंट क्रिएटर जो अपने फॉलोअर्स के लिए वीडियो एडिट कर रहा है, हम हर एयरटेल ग्राहक को खुद को व्यक्त करने के लिए आवश्यक टूल्स उपलब्ध कराना चाहते हैं। एडोबी एक्सप्रेस के साथ विश्वस्तरीय क्रिएटिव टूल्स अब लग्जरी नहीं बल्कि हर भारतीय के लिए एक वास्तविकता बन गए हैं।÷ एडोबी डिजिटल मीडिया के प्रेसिडेंट डेविड वाधवानी ने कहा,÷हम एडोबी एक्सप्रेस के माध्यम से हर व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे आसानी से कुछ भी बना सकें और अपनी अलग पहचान बना सकें। एयरटेल के साथ साझेदारी करके हम भारत भर में लाखों लोगों को एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम निशुल्क उपलब्ध कराने को लेकर उत्साहित हैं। यह भारत की जीवंत क्रिएटर इकॉनमी के विकास को गति देगा और लोगों को ऐसा कंटेंट तैयार करने की सुविधा देगा जो वास्तव में अलग नज़र आए, चाहे वह अपने करियर को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हो, अपने व्यवसाय को विस्तार देना हो या अपनी रुचियों को आगे बढ़ाना हो।

# ईशान और शहत गिल के नए गाने ‘डेस्टिनी’ में पंजाबी लोक संगीत और मॉडर्न रोमांस का संगम




**मुंबई।** पंजाबी म्यूज़िक इंडस्ट्री में एक नई चमक देखने को मिल रही है। सिंगर-सॉन्गराइटर ईशान और उभरती हुई लोकप्रिय आइकन शहत गिल ने साथ मिलकर ‘डेस्टिनी’ पेश किया है। यह एक रोमांटिक डुएट है, जो दिखावे या पल भर की भावनाओं के बजाय सच्चाई और गहरे भरोसे पर आधारित क्लासिक रोमांस को सामने लाता है। खुद-ब-खुद थिरकने पर मजबूर करने वाले बीट्स के साथ, ‘डेस्टिनी’ उस खास पल को दर्शाता है जब दो ज़िंदगियाँ आखिरकार एक-दूसरे से जुड़ती हैं—बिना किसी ड्रामे के, सिर्फ़ शांति और पक्के यकीन के साथ। पंजाबी लोक संगीत की मधुर झलक और आधुनिक संगीत की समझ को मिलाते हुए, ‘डेस्टिनी’ दो आत्माओं के बीच होने वाली उस बातचीत की तरह आगे बढ़ता है, जिन्हें पता है कि वे एक ही मंज़िल पर पहुँच चुके हैं। ईशान की शांत और भरोसे से भरी आवाज़ गाने को मज़बूती देती है, जबकि शहत गिल की सधी हुई और मधुर आवाज़ उसमें गर्माहट और भावनात्मक गहराई जोड़ती है। इससे यह गाना समर्पण और संवेदनशीलता के बीच एक संतुलित संवाद बन जाता है। ईशान बताते हैं, ÷हम एक और आम लव सॉन्ग बनाने की कोशिश नहीं कर रहे थे। ‘डेस्टिनी’ बहुत सच्ची भावना से निकला है। यह उस पल के बारे में है, जब प्यार अनिश्चित लगना बंद कर देता है और हमेशा के लिए पक्का महसूस होने लगता है। वही खिंचाव, वही आगे-पीछे की भावना—यहीं असली जादू होता है। मैं चाहता था कि यह गाना एक वादे की तरह लगे—शांत, भरोसे से भरा और बेहद निजी।÷ वह आगे कहते हैं, शहत के साथ काम करना बहुत आसान रहा। संगीत के मामले में हमारी दुनिया अलग-अलग है, लेकिन इस गाने ने उन्हें बहुत खूबसूरती से एक साथ जोड़ दिया। शहत गिल आगे कहती हैं, किसी से प्यार करने में एक अजीब-सी खूबसूरती और रोमांच होता है। इस गाने की भावनात्मक साफ़गोई ने मुझे तुरंत आकर्षित किया। ‘डेस्टिनी’ की जो नरमी है, वही मुझे सबसे ज़्यादा पसंद आई। यह गाना प्यार को न तो जल्दबाज़ी में दिखाता है और न ही उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है, बल्कि भावनाओं, समर्पण और भरोसे के लिए जगह बनाता है। ईशान की रचना ने इस गाने को उसकी असली आत्मा दी है, जिसमें एक सादा और मिट्टी-सी जुड़ी हुई अनुभूति है। इसे गाना बिल्कुल स्वाभाविक लगा, जैसे किसी ऐसी भावना में कदम रखना, जो पहले से ही मौजूद थी।

# वेदांता लिमिटेड ने तीसरी तिमाही में दर्ज किए रिकॉर्ड तोड़ आंकड़े



**लखनऊ।** वेदांता लिमिटेड ने आज 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त होने वाली तीसरी तिमाही एवं नौ महीनों की अवधि के लिए अपने अलेखापरीक्षित समेकित परिणामों की घोषणा की। कर के बाद मुनाफ़ा 60 फीसदी सालाना बढ़कर 7,807 करोड़ तक पहुंच गया। कंपनी ने रिकॉर्ड स्तर का तिमाही एबिट्डा ?15,171 करोड़ दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 34त्न की वृद्धि को दर्शाता है। यह प्रदर्शन मार्जिन में 629 बेसिस पॉइंट्स के विस्तार के परिणामस्वरूप मार्जिन 41% तक पहुँचने से समर्थित रहा। कंपनी ने अब तक का अधिकतम त्रैमासिक राजस्व 45,899 करोड़ दर्ज किया, जिसमें 19 फीसदी सालाना की बढ़ोतरी हुई है। वेदांता का नेट डेब्ट टू एबिट्डा रेशो 1.40× से बेहतर होकर 1.23× पर पहुंच गया, साथ ही रिटर्न ऑन कैपिटल एम्प्लॉयड 27 फीसदी पर रहा, इसमें सालाना 296 बीपीएस की बढ़ोतरी हुई। वेदांता के डिमर्जर से जुड़े एनसीएलटी आदेश के बाद, क्रिसिल और इक्रा दोनों ने कंपनी की क्रेडिट रेटिंग को स्तर पर बरकरार रखा है। वित्तीय वर्ष 26 की तीसरी तिमाही के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, श्री अरुण मिश्रा, एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर, वेदांता लिमिटेड ने कहा, वित्तीय वर्ष 26 की तीसरी तिमाही वेदांता के लिए बेहतरीन रही है, कंपनी ने अब तक का अधिकतम 15,171 करोड़ का एबिट्डा दर्ज किया, और हमारे दो व्यवसायों ने अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ वित्तीय परिणाम हासिल किए।

# फिज़िक्सवाला ने कक्षा 10 के सीबीएसई छात्रों के लिए मुफ्त मॉक प्रीबोर्ड्स की घोषणा की

**नई दिल्ली।** शिक्षा कंपनी फिज़िक्सवाला(पीडब्ल्यू) ने कक्षा 10 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में भाग लेने वाले छात्रों की मदद के लिए एक योजना शुरू की है। इसमें देश के सभी छात्र मुफ्त डाउट हल करने में विशेषज्ञों की मदद ले सकते हैं। यह योजना सिर्फ पीडब्ल्यू के छात्रों के लिए नहीं, बल्कि देश के किसी भी कक्षा 10 के छात्र के लिए खुली है। इसका उद्देश्य परीक्षा के समय पढ़ाई का तनाव कम करना है।पीडब्ल्यू देशभर में विज्ञान और गणित के लिए ऑफ़लाइन प्रीबोर्ड भी करवाएगा ताकि छात्रों की तैयारी मजबूत हो सके। ये परीक्षा पीडब्ल्यू के विध्यापीठ, पाठशाला और ट्यूशन सेंटर्स में होंगी। इससे छात्रों को असल बोर्ड परीक्षा जैसा अनुभव मिलेगा और वे समय सीमा में परीक्षा की तैयारी बेहतर कर सकेंगे। फिज़िक्सवाला के विध्यापीठ-ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने बताया कि, शिक्षा पर कोई सीमा नहीं होनी चाहिए, खासकर जब छात्र बोर्ड परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण तैयारी कर रहे हों। कई छात्रों को तुरंत अच्छी मदद नहीं मिलती और एक छोटा डाउट भी उन्हें तनाव दे सकता है। इसलिए हमने अपने विध्यापीठ, पाठशाला और ट्यूशन सेंटर्स सभी छात्रों के लिए खोल दिए हैं, चाहे वे फिज़िक्सवाला के छात्र हों या नहीं। हम चाहते हैं कि छात्र खुद को सहारा मिला हुआ, आत्मविश्वासी और पूरी तैयारी के साथ परीक्षा देने के लिए तैयार महसूस करें।÷भारत के सभी छात्र अपने पास के फिज़िक्सवाला विध्यापीठ, पाठशाला या ट्यूशन सेंटर जा सकते हैं और एक डाउट बस्टर पास ले सकते हैं, जो बोर्ड परीक्षा तक वैध रहेगा। इस पास के साथ छात्र जो भी उनके डाउट्स हों उनके हल के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। अनुभवी शिक्षक छात्रों के सवालों का जवाब देंगे, मुश्किल टॉपिक समझाएंगे और उत्तर लिखने की रणनीति भी बताएंगे। छात्र भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीव विज्ञान सभी विषयों की शंकाओं को हल कर सकते हैं और सीबीएसई कक्षा 10 के लिए रिविजन कार्ड भी प्राप्त कर सकते हैं, जो उनकी तैयारी में मदद करेगा।छात्र अपने नज़दीकी सेंटर में 1 फरवरी 2026 को होने वाली विज्ञान परीक्षा और 8 फरवरी 2026 को होने वाली गणित परीक्षा के लिए पीडब्ल्यू ऐप के जरिए स्लॉट बुक कर सकते हैं।यह योजना फिज़िक्सवाला के कुल 192 टेक्नोलॉजी वाले विध्यापीठ और पाठशाला सेंटर के जरिए शुरू की जा रही है, जो 30 सितंबर 2025 तक भारत के 132 शहरों में उपलब्ध रहेगी।

अवधनामा



# पांच साल बाद कानून के शिकंजे में आया सिपाही पर फायरिंग करने वाला बदमाश

- तरयासुजान पुलिस को मिली सफलता, अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** पुलिस पर जानलेवा हमला कर बीते पांच वर्षों से फरार चल रहे अंतरप्रांतीय अभियुक्त को तरयासुजान पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा यह अभियुक्त आखिर कानून के शिकंजे में आ ही गया। यह सफलता प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान राम सहाय चौहान के नेतृत्व और बहादुरपुर पुलिस चौकी प्रभारी विक्रम अजीत राय की सतत मेहनत का परिणाम मानी जा रही है।

घटना वर्ष 2021 की 8 अगस्त की है। शाम करीब आठ बजे तरयासुजान थाना पर तैनात सिपाही रविशंकर तिवारी अपनी मोटरसाइकिल से सलेमगढ़ नेशनल हाईवे स्थित एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने गए थे। उसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उन पर अचानक फायरिंग कर दी। गोली लगने से सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था।घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

विवेचना के दौरान एक अभियुक्त अमरेश गिरी, निवासी बिहार, को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था, जबकि दूसरा अभियुक्त धनंजय साह पुत्र राजेंद्र साह, निवासी कोईसा खुर्द, थाना कटेया, जनपद गोपालगंज (बिहार) लगातार फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा धारा 82 सीआरपीसी के तहत वारंट भी जारी किया गया था।

### तरयासुजान पुलिस के लिए चुनौती था धनंजय

इस मामले में प्रभारी निरीक्षक राम सहाय चौहान ने बताया कि यह मामला पुराना और चुनौतीपूर्ण था, लेकिन पुलिस टीम ने हार नहीं मानी। आधुनिक तकनीक और निरंतर निगरानी के चलते आरोपी को पकड़ना संभव हो सका। इस गिरफ्तारी से न सिर्फ घायल सिपाही को न्याय मिलने की उम्मीद मजबूत हुई है, बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश गया है कि अपराधी चाहे जितने समय तक फरार रहें, कानून से बच नहीं सकते।

फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को चुनौती के रूप में लेते हुए प्रभारी निरीक्षक राम सहाय चौहान ने बहादुरपुर चौकी प्रभारी विक्रम अजीत राय को विशेष जिम्मेदारी सौंपी। चौकी प्रभारी ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया, इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का इस्तेमाल किया और लगातार प्रयासों के बाद आखिरकार अभियुक्त धनंजय साह को गिरफ्तार कर लिया।

## आटा चक्की मशीन के पट्टे में फंसकर किशोर की मौत

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के विजयपुर उत्तर पट्टी गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। गेहूं पिसवाने के दौरान आटा चक्की मशीन के पट्टे में कपड़े फंस जाने से एक किशोर की मौके पर ही जान चली गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार किशोर गेहूं पिसवाने के लिए गांव की एक आटा चक्की पर गया था। इसी दौरान मशीन चल रही थी, तभी अचानक उसका कपड़ा मशीन के खुले पट्टे में फंस गया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, किशोर मशीन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोग जब तक उसे बाहर निकाल पाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां किशोर को मृत देख उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया और लोग स्तब्ध रह गए। घटना की सूचना पर तुर्कपट्टी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एनडीआरफ टीम ने मोबलाइजेशन ड्रिल का अभ्यास कर बचाव के बताए टिप्स

- हेतिमपुर में आयोजित रहा अभ्यास कार्यक्रम

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** हेतिमपुर में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए आपदा राहत टीम व एनडीआरफ और अन्य संस्थाओं द्वारा मोबलाइजेशन ड्रिल का अभ्यास किया गया। 11वीं बटालियन एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एनडीआरफ गोरखपुर के निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में छोटी गंडक में 5 तरह की आपदाओं पर मोबलाइजेशन ड्रिल जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर मॉकड्रिल के निर्माणाधीन तटबंध पर संपन्न हुई जिसमें जिला प्रशासन व एनडीआरएफ ने प्रतिभाग किया। इस मॉकड्रिल का संचालन निरीक्षक धीरेंद्र सिंह समन्वय आपदा विशेषज्ञ रवि कुमार राय ने किया।

एनडीआरएफ के जवानों ने 1 बजे पहली ड्रिल प्रारंभ की जिसमें दर्शाया गया की एक नाव बोट पलटने को दर्शाया ऐसी स्थिति में तुरंत सहायता करने एनडीआरएफ की टीम एक बोट द्वारा वहां पहुंचती है और दो जवान उन डूबते लोगों को बचाते हैं इसके उपरांत उन्हें मेडिकल स्वास्थ्य प्राथमिक चिकित्सा दी जाती है। इस ड्रिल में डूबते व्यक्ति को कैसे बचाना है व उन्हे कैसे सीपीआर देना है सीपीआर का वैज्ञानिक तरीका के साथ घरेलू उपकरण की सहायता से बचाव के गुण सिखाए। इसी तरह नदी में डूबे एक व्यक्ति की खोज एनडीआरएफ के गोताखोरों द्वारा की जाती है। चौथे दृश्य में एक सिविल बोट क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाते वक्त दुर्घटना का शिकार हो जाती है तब एनडीआरएफ के जवानों द्वारा त्वरित सहायता उपलब्ध कराकर डूबते व्यक्तियों को बचाया जाता है। इसके उपरांत नदी में डूब रहे एक व्यक्ति का जवानों द्वारा सफलता पूर्वक रेस्क्यू की। नदी में एनडीआरएफ के जवानों द्वारा ग्रामीणों को घरेलू सामानों का उपयोग कर लाइफ जैकेट बनाने और जान बचाने की भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कसया तहसीलदार धर्मवीर सिंह ने बताया कि जनपद के यह क्षेत्र बाढ़ आपदा से प्रभावित है इसलिए ग्रामीणों को बाढ़ आने से पूर्व जान माल की रक्षा का प्रशिक्षण देने का उद्देश्य आपदा के समय स्वयं को सुरक्षित कर पायेंगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कसया संतराज सिंह, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, लेखपाल रतन मंजरी गुप्ता, एनडीआरएफ निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सहित 30 जवानों व 200 की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बीमा दावों में फर्जी विवेचना का भंडाफोड़

- आईजी ने 1 निरीक्षक व 12 उपनिरीक्षक को किया निलंबित

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** देवीपाटन परिक्षेत्र में वाहन दुर्घटना से जुड़े बीमा मामलों में सुनियोजित फर्जी विवेचना कर बीमा कंपनियों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के गंभीर आरोपों में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड बीमा कंपनी के अधिकारी राजेन्द्र प्रताप सिंह की शिकायत पर पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र के निर्देश से गठित SIT की जांच में दोषी पाए जाने पर एक निरीक्षक सहित 12 उपनिरीक्षकों को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही संस्थित की गई है। इसके अतिरिक्त तीन अन्य विवेचकों के विरुद्ध निलंबन/विभागीय कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

प्रेस नोट के अनुसार 13 वाहन दुर्घटना मामलों में विवेचकों द्वारा अनुचित लाभ की मंशा से वास्तविक वाहन और वास्तविक चालक को हटाकर बीमाकृत वाहन व दूसरे व्यक्ति को दुर्घटना में शामिल दिखाया गया। जिन मामलों में वास्तविक चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था, वहां उनके स्थान पर लाइसेंसधारी दूसरे चालकों को आरोपी बनाकर न्यायालय में त्रुटिपूर्ण विवेचना प्रिस्तुत की गई। इसका उद्देश्य बीमा कंपनी से क्षतिपूर्ति दिलवाना बताया गया है।

जांच के बाद सभी मामलों में वास्तविक वाहन और वास्तविक अभियुक्तों के विरुद्ध सही विवेचना कर माननीय न्यायालय में परिणाम प्रेषित किए गए। इसमें जनपद बहराइच के विवेचक उपनिरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय थाना हरदी, उपनिरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी थाना रामगांव, उपनिरीक्षक अशोक कुमार जायसवाल थाना नवाबगंज, उपनिरीक्षक तेज नारायण यादव व उपनिरीक्षक राकेश कुमार थाना मटेरा, उपनिरीक्षक राजेश्वर सिंह थाना नानपारा, उपनिरीक्षक रूपनरायन गौड़ थाना रामगांव, उपनिरीक्षक विजय यादव व उपनिरीक्षक दिवाकर तिवारी थाना मोतीपुर, उपनिरीक्षक मेहताब आलम थाना बौण्डी और गोण्डा के विवेचक उपनिरीक्षक शेषनाथ थाना खरगूपुर, उपनिरीक्षक शशांक मौर्य थाना इटियाथोक, श्रावस्ती के विवेचक उपनिरीक्षक शैलेश कुमार त्रिपाठी व उपनिरीक्षक प्रेमचंद्र थाना इकौना, निरीक्षक योगेश सिंह व उपनिरीक्षक गुरुसेन सिंह थाना भिनगा को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही की संस्थित की गई है।

# कुलकुला धाम से लौट रहे युवकों की बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत

- बोदरवार-तिनहवा मार्ग पर रात में हुई हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**अवधनामा संवाददाता**

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बोदरवार तिनहवा मार्ग पर स्थित भलुहा मोड़ पर बीते गुरुवार की देर रात अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराने से एक युवक की इलाज के दौरान मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल।

प्राप्त सूचना के मुताबिक कुलदीप चौहान पुत्र रामाज्ञा चौहान उम्र 26 वर्ष निवासी बरवा बावन अपने साथी हीरो शर्मा पुत्र डेबा शर्मा उम्र 17 वर्ष निवासी बरवा बावन थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर कप्तानगंज थाना क्षेत्र के धौरा गांव में स्थित कुलकुला धाम मेला गए थे। उधर से 12 बजे रात में बाइक पर सवार होकर बोदरवार तिनहवा मार्ग से



होते हुए अपने गांव वापस लौट रहे थे। अभी वह भुलुहा मोड़ पर पहुंचे ही थे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई। जिसमे चालक कुलदीप और पीछे बैठा हीरो शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस व परिजनों को दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी साधन से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेजवाया जहां कुलदीप की मौत हो गई।और हीरो की हालत गंभीर बताई जा रही है। मेडिकल कॉलेज पुलिस मृतक कुलदीप के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। वहीं इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

# उपमुख्यमंत्री उप्र केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** उपमुख्यमंत्री उप्र केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम धेन्सा, विकास खण्ड शोहरतगढ़ में चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., पुलिस अधीधक डा0 अभिषेक महाजन आदि मौजूद रहे।

ग्राम प्रधान द्वारा विजय मणि त्रिपाठी द्वारा उपमुख्यमंत्री को बुके देकर स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मनरेगा योजना को खत्म नही किया गया है जी राम जी के रूप में 125 दिन का रोजगार दिया जायेगा। जब तक जी राम जी को लागू नही किया जायेगा। तब तक मनरेगा चलेगा। पात्र लाभार्थियों को आवास दिया गया है जो अवशेष बचे है उन्हें भी दिया जायेगा। जो आवास पा गये है उनको बधाई।

पात्रो को राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड, आवास, आदि का लाभ दिया जा रहा है। आज सरकार द्वारा जो धनराशि भेजी जाती है पूरी लाभार्थी को मिल रही है। सबके बैंक खाते खुल गये है। सीधे डीबीटी के माध्यम से लाभ दिया जा रहा है। 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा। जीरामजी से गांव का विकास होगा। भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बन रहा है। सभी को शौचालय का लाभ दिया जा रहा है।

# कुशीनगर लिफ्ट में आधे घंटे तक फंसे रहे आठ लोग, मची अफरा तफरी



सुरक्षित लोगों को निकालने के बाद पुलिस टीम



पी.डी. सिटी मॉल पडरौना

**अवधनामा ब्यूरो**

- सूचना पर पहुंची पुलिस व अग्निशमन दल ने सुरक्षित बाहर निकाला
- पडरौना स्थित पी.डी. सिटी मॉल का मामला, फिल्म देखने आए थे लोग

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के पी.डी. सीटी मॉल में फिल्म देखने आए एनआरआई परिवार समेत आठ लोग अचानक आई खराबी के चलते लिफ्ट में आधे घंटे तक फंसे रहे। इसको लेकर अफरा-तफरी मच गई। लिफ्ट में लिखे इमरजेंसी नंबर से भी मदद नहीं मिली तो 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस व अग्निशमन दल की संयुक्त टीम ने उनको बाहर निकाला।

बता दें कि शुक्रवार की दोपहर हुई इस घटना के संबंध में माल संचालक विक्रम अग्रवाल ने बताया कि, छह की क्षमता है, लिखा भी हुआ है। आठ लोगों के एक साथ चढ़ने से ऐसा हुआ। लिफ्ट में फंसे लोगों में एक एनआरआई, उनकी माता, भतीजा, दो भांजी, एक अधिवक्ता और एक अन्य व्यक्ति शामिल रहे। सभी माल में फिल्म देखने व खरीदारी करने आए थे। बताया जा रहा है कि इस मामले का एसपी केशव कुमार ने स्वयं संज्ञान लिया और तत्काल फायर सर्विस की टीम को कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस व अग्निशमन दल ने सभी आठ लोगों को लिफ्ट से सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान फंसे सभी लोगों के चेहरे पर भय का माहौल दिखा तो अचानक पुलिस टीम के पहुंचने व कार्रवाई को लेकर माल में मौजूद अन्य लोग भी कुछ देर के लिए सकते में आ गए। लिफ्ट में फंसे लोगों ने माल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। प्रशासन ने मामले की जांच की मांग भी की, लेकिन अपना नाम व पता बताने से इन्कार कर दिए।

## सफलता के लिए डीएम ने परीक्षार्थियों को दिये महत्वपूर्ण टिप्स

**दानिश मेहदी, अम्बेडकरनगर।** आगामी यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं की तैयारी को लेकर कौमी इंटर कॉलेज टांडा में परीक्षा पर चर्चा एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने परीक्षार्थियों को सफलता के मंत्र दिए।जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने के लिए लिखने की प्रैक्टिस अनिवार्य है, अन्यथा प्रश्न छूट सकते हैं।

उन्होंने सलाह दी कि पिछले 10 वर्षों के प्रश्नपत्रों का रिवीजन करें और सभी फॉर्मूले एक जगह लिखकर दोहराएं। उन्होंने बताया कि अब केवल 20 दिन बचे हैं, जिसमें प्रतिदिन 10 घंटे पढ़ाई के हिसाब से कुल 200 घंटे उपलब्ध हैं। इनमें से कम से कम 20 घंटे उत्तर लिखने के अभ्यास पर जरूर लगाएं।डीएम ने जोर देकर कहा, सफलता के लिए कभी भी मेहनत से न भागें। जिंदगी में जो भी मुकाम मिलेगा, वह मेहनत के दम पर ही मिलेगा।

## गांधी जी की पुण्यतिथि पर गांधीगिरी : रोटरी क्लब ने गुलाब संग बांटे निःशुल्क हेलमेट



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की कड़ी में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा कसया के सुभाष चौक पर बिना हेलमेट जा रहे दोपहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर निःशुल्क हेलमेट वितरित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके अहिंसा, जीवन सुरक्षा और मानव कल्याण के संदेश को समर्पित रहा। कार्यक्रम में साहिल बजाज एजेंसी टेकुआटार का भी सराहनीय सहयोग रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यात्रीकर अधिकारी, कुशीनगर बलवंत सिंह ने रोटरी क्लब के इस जनहितकारी प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि हेलमेट के बिना वाहन चलाना अत्यंत खतरनाक है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर ही यात्रा करने की अपील की। रोटरी क्लब के सह संरक्षक वाहिद अली एवं अन्य पदाधिकारियों ने पुलिस कर्मियों के सहयोग से हेलमेट वितरित करते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे पुलिस के डर से नहीं, बल्कि अपने जीवन की सुरक्षा के लिए वाहन चलाते समय हेलमेट का नियमित उपयोग करें। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा विगत वर्ष भी सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 50 हेलमेट वितरित किए गए थे तथा इस वर्ष भी इसी क्रम में 50 हेलमेट वितरित कर अभियान को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि हेलमेट जीवन रक्षक है और इसका प्रयोग हर दोपहिया चालक को अवश्य करना चाहिए।

## कुशीनगर वि.स. क्षेत्र में दो करोड़ से बनेगी 12 सीसी सड़के, धन स्वीकृत : पीएन पाठक



**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक ने 12 सीसी सड़कों के निर्माण की सौगात दी है। उत्तर प्रदेश राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा द्वारा मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक के प्रस्ताव पर नगर के मलिन बस्तियों वाले वार्डो में सीसी सड़कों और नाली निर्माण के लिए विधायक श्री पाठक के प्रयासों से दो करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। इस जानकारी के बाद से क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल है।

पिछले दिनों क्षेत्रीय विधायक पी.एन पाठक ने यहां के लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को जाना था तब लोगों ने कुछ सड़कों के निर्माण की मांग की थी। विधायक ने उन सभी सड़कों का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया। उन्होंने बताया कि उनके प्रस्ताव पर शासन ने हरी झंडी देते हुए 12 सीसी सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी। विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार के विकासपरक सोच से ही विकास कार्य धरातल पर तेजी से आ रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। कुशीनगर विधानसभा में विकास की नई गाथा लिखी है। विधायक पी.एन पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री एके शर्मा के प्रति आभार जताया है।

## कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**अमेठी।** शहीद दिवस के अवसर पर राजनीतिक दलों और जनसंगठनों ने महात्मा गांधी और अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कलेक्ट्रेट में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को कांग्रेस की ओर से जिले में मनरेगा बचाओ संग्राम के अन्तर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पार्टी नेताओं ने महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साहू चेतना समिति की ओर से भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

# लोक निर्माण विभाग ने पूरे किए सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी काम

**अवधनामा संवाददाता**

- आज होगा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन

**अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के संदेश के साथ जागरूकता कार्यक्रम आज समाप्त होंगे। एक महीने के भीतर लोक निर्माण विभाग की ओर से जागरूकता अभियान के साथ रोड मार्किंग, संकेतक और बोर्ड लगवाने के काम कराएं गये हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गो और राज्य मार्गो पर सड़क सुधार कार्यो के साथ मुख्य जिला मार्ग और अन्य जिला मार्गो पर 42.5किमी लम्बाई में रोड मार्किंग कराई गई है। पुल पुलियों,अंधे मोड़ों पर बोर्ड लगाए गए हैं। दुर्घटना बहुल स्थलों को चिंहित किया गया है।स्टाप बोर्ड और संकेतक लगवाए गए हैं। सड़क सुरक्षा के अधिकांश काम लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड की ओर से कराए गए हैं। प्रांतीय खंड की ओर से बजट की कमी के कारण काम नहीं हो पाए।डी एम आवास के पास सड़क सुरक्षा का एक काम कराया गया है प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता ने बताया कि यात्रियों और राहगीरों को धीमी गति से वाहन चलाने और यातायात के नियमों के अनुपालन के लिए जागरूक किया गया है,बजट के अभाव में और अधिक काम नहीं हो पाए। सड़क सुरक्षा समिति के सचिव और निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने बताया कि डी एम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में लोक निर्माण विभाग को जो भी काम सौंपे गए थे, सभी काम पूरे कराए जा चुके हैं। आगे की कार्ययोजना के काम ए आर टी ओ से सम्बंधित हैं। सभी मार्गो पर सड़कों की पटरियों पर उगी झाड़ियों को साफ करा दिया गया है।

**एआरटीओ आफिस में वृहद कार्यक्रम आज :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन के अवसर पर एआरटीओ आफिस में एक बड़ा जागरूकता कार्यक्रम आज आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारियों को आमंत्रित किया है।

## मचान में लौकी का उत्पादन का हासिल किया नया मुकाम

**अमेठी।** जिले के एक साधारण किसान ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर अपनी किस्मत बदल ली है। उनकी संकर लौकी की उपज और आय से अमेठी चौंक उठी है। विकासखंड अमेठी के ग्राम जंगलरामनगर के प्रगतिशील किसान बैजनाथ मौर्या की बमबम हो रही है। मात्र 0.50 हेक्टेयर (यानी आधा हेक्टेयर) भूमि पर संकर लौकी की खेती करके न केवल उच्च उत्पादन हासिल किया, बल्कि लगभग 3.50 लाख रुपये का शुद्ध लाभ कमा कर दिखाया है। बैजनाथ की सफलता से अन्य किसानों में भी उत्साह है। पहले जहां किसान पारंपरिक फसलों पर निर्भर रहते थे, अब वे आधुनिक तकनीकों की ओर रुख कर रहे हैं।

यह सफलता उत्तर प्रदेश सरकार की पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कृषि-केंद्रित दृष्टिकोण का जीता-जागता उदाहरण है। बैजनाथ मौर्या ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत उपलब्ध सब्सिडी और तकनीकी सहायता का लाभ उठाते हुए अपने खेत में मचान प्रणाली (ट्रेलिस या बाड़ा सिस्टम) पर संकर लौकी की खेती शुरू की।

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम जारी, काम के अधिकार को बहाल करने की मांग

- सार्वजनिक उपक्रमों को नीलाम करने के अलावा मोदी सरकार ने और कुछ नहीं किया : राजीव शुक्ल

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम जारी है। जिले की सभी न्याय पंचायतों में मनरेगा चौपाल के आयोजन के बाद शुक्रवार को नगर निकायों में वार्ड बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बंद करके विकसित भारत राम जी योजना लाने के लिए केंद्र सरकार को निशाने पर लिया और काम के अधिकार को बहाल करने के साथ न्यूनतम मजदूरी चार सौ रुपए करने की मांग की।

अमेठी में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष बैठक आयोजित की गई। बैठक को वरिष्ठ कांग्रेस नेता और एस आई आर कोआर्डिनेटर डॉ अरविन्द चतुर्वेदी और मनरेगा बचाओ संग्राम के विधानसभा संयोजक राजीव शुक्ला ने सम्बोधित किया।

डा अरविंद चतुर्वेदी ने कहा कि यूपीए सरकार ने रोजगार की गारंटी देने और ग्रामीण अंचल के श्रमिकों का पलायन रोकने के लिए नरेगा की शुरुआत की थी।इसे बाद में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना नाम दिया गया। मोदी सरकार ने योजना को बंद करके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करने के साथ मजदूरों के काम के अधिकार को छीन लिया है।

राजीव शुक्ला ने कहा कि नमो सरकार पूरी तरह हिटलरशाही रवैया अपनाए हुए हैं। पिछले दस सालों में इस सरकार ने सार्वजनिक उपक्रमों को नीलाम करने और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश के अलावा और कोई काम नहीं किया है।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर कोरी,बलदेव सिंह,राम उजागिर मिश्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाएं मौजूद रहीं।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| |
|---|
| **निविदा सं. :** 106-टेली/टेंडर/24/2025-26 |
| **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे पर 03 वर्ष की अवधि के लिए 24 फाइबर ओएफसी केबल नेटवर्क के रखरखाव के लिए बाराबंकी–अयोध्या कैंट, अयोध्या–जलालपुरढही, अकबरपुर–टांडा, फाफामऊ–अयोध्या कैंट, डलमऊ–दरियापुर, उन्नाव–ऊँचाहार सेक्शन और सभी एल.एम.सी सहित वितरित ई.आई स्टेशनों में अनुभागीय ओ.एफ.सी के रखरखाव का कार्य। |
| **अनुमानित लागत :** रु. 2,43,40,450.31/- |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत :** शून्य |
| **धरोहर राशि :** रु. 2,71,700.00/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधि :** 36 महीनें |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :** 20.02.2026, 15:30 Hrs |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

सं.: 106-टेली/टेंडर/24/2025-26 दिनांक: 30.01.2026 344/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



- स्वास्थ्य योजनाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं
- 19 बिंदुओं की समीक्षा में डीएम ने कम प्रगति वाले ब्लाकों को दिए सख्त निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को देर षाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीएम ने निर्देष दिया कि जहां प्रगति कमजोर मिलेगी, वहां जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बैठक में आयुष्मान भारत, टीबी, कुष्ठ नियंत्रण, नेत्र और मानसिक स्वास्थ्य, मीजल्स रूबेला अभियान ,फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रमों सहित 19 कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। डीएम ने आयुष्मान भारत योजना के तहत हर विकास खंड में प्रतिदिन कम से कम 100 गोल्डन कार्ड बनाने का निर्देश दिया और पंचायत सहायकों, कोटेदारों, आशा और आरोग्य मित्रों को इसमें सक्रिय रूप से शामिल करने को कहा। उन्होनें राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सभी ब्लाकों में नोटिफिकेशन बढ़ाने व हर संभावित मरीज की समय पर जांच करने के निर्देश दिए। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी ने जरवल ब्लॉक में 10 फरवरी से चलने वाले एमडीए अभियान की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि अभियान सिर्फ औपचारिकता न बने। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों को फाइलेरिया से बचाव की दवा सेवन कराने पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी के बाद निष्क्रिय आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को हटाने के निर्देश दिए। डीसीपीएम मोहम्मद राशिद ने बताया कि पिछले तीन डीएचएस में 39 आशाओं को हटाया जा चुका है।

डीएम ने कार्यक्रमों की माइक्रो प्लानिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने मीजल्स रूबेला अभियान के बेहतर संचालन के लिए शिक्षा विभाग से बच्चों की सूची लेने की सलाह दी। राष्ट्रीय दृष्टिहीनता कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है और इसके अंतर्गत परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर ढाबों और बस स्टैंड जैसी जगहों पर ट्रक व बस ड्राइवरों के नेत्र परीक्षण का कैम्प लगाकर आंखों की जांच करने के निर्देश दिए। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की जांच सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आत्महत्या के मामलों के आंकड़े पुलिस विभाग से लेने और इसकी रोकथाम के लिए विशेष योजना बनाने के निर्देश दिए साथ ही झाड़फूंक तथा बिना डिग्री वाले अनाधिकृत व्यक्तियों के विरूद्व नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने स्कूल न जाने वाली लड़कियों के एडमिशन के लिए सहयोगी संस्थाओं से समन्वय बढ़ाने और वीएचएसएनडी सत्रों में आवश्यक टूल्स न होने पर वीएचएसएनसी फंड का उपयोग करने के निर्देश दिए।

# डीएम अध्यक्षता में संपन्न हुई अन्नपूर्णा भवनों की समीक्षा बैठक



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** अन्नपूर्णा भवनों के संचालन व निर्माण कार्य की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत निर्मित होने वाले अन्नपूर्ण भवनों के लिए 250 ग्राम पंचायतों हेतु भूमि का चिन्हांकन कर लिया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि 01 माह के अन्दर सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिवों तथा लेखपालों के साथ बैठक करके भूमि का फार्मेट तैयार कर लिया जाय। डीएम ने एडीओ की बैठक के पश्चात सभी सम्बन्धित उप जिलाधिकारी भी अपने स्तर पर बैठक कर लें। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि निमार्णाधीन अन्नपूर्णा भवन को यथाशीघ्र पूर्ण कर उन्हें हैण्डओवर कराते हुए संचालन कराया जाय। उन्होनें यह भी कहा कि निमार्णाधीन अन्नपूर्णा भवनों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। आयुष्मान भारत के अंतर्गत अवशेष लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने हेतु मुख्य सचिव के निर्देशानुसार संचालित होने वाले अभियान अन्तर्गत समस्त कोटेदारों के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनाए जाने डीएम श्री त्रिपाठी ने डीएचईआईओ को निर्देश दिया शीघ्र से शीघ्र कोटेदारों की आईडी जनरेट कर उन्हें पात्र गृहस्थी योजना तथा अंत्योदय कार्ड धारक लाभार्थियों के सूची उपलब्ध करा दी जाये। जिससे कोटेदार भी वंचित लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाने में सहयोग प्रदान कर सकें। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, डिप्टी सीएमओ डॉ. संदीप मिश्रा व डीएचआईओ बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जबकि उप जिलाधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा वर्चुअली बैठक में प्रतिभाग किया गया।

# पति की हत्यारिन पत्नी पूजा और भांजे आदेश को भेजा जेल

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** बुधवार की रात्रि पति का पत्नी द्वारा हंसिया से गला काटकर हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है आरोपी पत्नी को बृहस्पतिवार पुलिस ने पूछताछ के लिए घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया था इस दौरान पत्नी ने अपने आप को बचाव के लिए कई बार बयान बदले इस दौरान पुलिस ने घटना में सम्मिलित मृतक बलराम के भांजे आदेश को भी गिरफ्तार कर लिया और जब कड़ाई से पूछताछ हुई तो पत्नी ने जो कबूला वह दिल दहला देने वाला है पत्नी ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात्रि वह अपने बच्चों के साथ जमीन में बिस्तर पर लेटी थी और पति चारपाई पर लेटा था गेट खुला था इसी दौरान उसके घर में उसके भांजे आदेश ने प्रवेश किया और आदेश ने अपने मामा बलराम के पैर पकड़ लिए और मैं अपने पति के सीने पर बैठ गई और हंसिया से गला काट दिया हैरत की बात यह है बलराम की मौत के बाद उसकी पत्नी और डरे सहमें बच्चे पूरी रात शव के पास बैठे रहे और सुबह जब मृतक का भाई काम पर जाने के लिए उसे बुलाने गया तो पत्नी ने रोकर अपना बचाव करते हुए घटना की जानकारी दी और सीधा आरोप अपने भांजे आदेश पर लगाया लेकिन पुलिस की पूछताछ में उसने घटना कबूल कर ली पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पुवायां थाना क्षेत्र के भटपुरा चंदू में कथित रूप से मामी से प्रेम प्रसंग को लेकर मामा की गला रेत कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी तथा उसके प्रेमी (भांजे) को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बताया कि भटपुरा गांव में बृहस्पतिवार सुबह बलराम (30) का शव उसके घर में चारपाई पर मिला था जिसकी धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक के भाई ने थाना पुवाया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि उसकी भाभी पूजा का उसके भांजे आदेश से प्रेम प्रसंग चल रहा है कई बार वह अपने भांजे के साथ भाग चुकी है मृतक के भाई ने अंदेशा व्यक्त किया था कि इस हत्या में उसके भांजे तथा उसकी भाभी का पूरा हाथ है। पुवाया पुलिस ने घटनास्थल से ही आरोपी महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया जिसने पूछताछ में बताया कि उसका प्रेम प्रसंग उसके भांजे आदेश से चल रहा है घटना की रात में आदेश आया था और उसने अपने मामा के पैर पकड़ लिए जबकि मैं अपने पति के सीने पर बैठ गई और हंसिया से उसका गला काट दिया। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात में यह हत्याकांड करने के बाद मृतक की पत्नी तथा उसके बच्चे कमरे में ही मौजूद रहे सुबह जब भाई ने मजदूरी पर जाने के लिए भाई का दरवाजा खटखटाया तब मृतक की पत्नी ने रोते हुए दरवाजा खोला। पुलिस ने मृतक की पत्नी पूजा (25) तथा आदेश भांजा (22) को गिरफ्तार कर लिया है जिसे जेल भेजा जा रहा है।

## शहीद दिवस पर शहीदों को दी श्रृद्धांजलि



**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** शहीद दिवस के पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर और विकास भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्थिति में श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, विकास भवन और कलेक्ट्रेट के कर्मियों ने राष्ट्र के अमर बलिदानियों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस अवसर पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

## रोज़गार मेला आज


**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्वामी नगर, स्टेशन रोड, शिकोहाबाद-फिरोजाबाद में शिक्षुता मेला (अप्रेन्टिसशिप)-रोजगार मेला का आयोजन 31-01-2026 को प्रातः 10 बजे से सांय 03 बजे तक किया जायेगा जिसमें प्रदेश की प्रतिष्ठित अधिष्ठान एलिमेंट्ज पीवीटी एलटीडी, नोएडा द्वारा आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जयेगा। शिशिक्षु मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता से सम्बन्धित अभिलेखों की मूल एवं छायाप्रति रिज्यूम के साथ लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

## 149 लाभार्थियों को मिले मुख्यमंत्री आवास योजना के प्रमाण पत्र, खिलें चेहरे



**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के कुशल नेतृत्व और परियोजना निदेशक के प्रयासों से जनपद में गरीबों का अपना घर होने का सपना अब धरातल पर उतर रहा है, इसी कडी में मदनपुर ब्लाक खण्ड में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान 149 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्वीकृत प्रमाण पत्र सौपें गए, कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक के सिर पर छत हो, जिससे उसके जीवन स्तर में सुधार आए, प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास की सुविधा से वंचित न हो, इस दौरान बंजारे समुदाय से आने वाले सुजनीपुर के हवलदार, मुन्नीदेवी, दिव्यांग सुभाष, निराश्रित विधवा अनीता, दिव्यांग अनिल कुमार, निराश्रित विधवा सुमन को प्रमाण पत्र सौपें गए, इस दौरान ब्लॉक प्रमुख योगेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक हरीओम, खण्ड विकास अधिकारी कविता चाहर और बडी संख्या में मदनपुर के नागरिक उपस्थित रहें।

## भाजपाइयों ने बूथों पर जाकर किया जनसम्पर्क



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय जनता पार्टी टूंडला नगर मतदाता पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के तहत बूथ संख्या 193-196 पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में टूंडला नगर में घर-घर संपर्क कर लोगों को जागरुक कर वोट बनाने का कार्य किया। भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा मतदाता पुनरीक्षण के तहत कार्य चल रहा है, मतदाता सूची में जागरुक होकर आमजन अपना वोट देख ले अगर नहीं बना है, तो जहां वोट पहले डालते आए हैं इस बूथ पर जाकर वीएलओ से संपर्क कर अपना वोट बनवाएं।18 साल के हो चुके युवा भी अपना नया वोट बनवाएं जिससे आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।जनसंपर्क के दौरान टूंडला चेयर मेन चौधरी भंवर सिंह, ब्लॉक प्रमुख नारखी सुशील चक, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, विवेक शर्मा सभासद, आशू चक, राजीव जैन, पुष्पेंद्र गुप्ता, अंशुल गुप्ता, अग्रज जैन, धार्मिक शर्मा, जुबिन भारद्वाज, अमित गुप्ता, गुड्डा दीक्षित, विकास बाल्मिक, ज्ञानेंद्र सिंह, काली जैन, सोनू कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## टॉस्क फोर्स ने माँगो को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश सूचना अधिकार विभाग टास्क फोर्स का दस सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल प्रदेश सचिव बीएस गौतम के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी टूंडला से मिला और महामहिम राज्य पाल के नाम पाँच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से वक्ताओं ने बताया कि नगर पालिका परिषद एवं तहसील क्षेत्र टूंडला फिरोजाबाद में अवैध रूप से हो रहे खनन को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया। साथ ही पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनमानी के चलते गरीब पथ विक्रेताओं के लिए आवंटित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से दुकानें पंजीकृत गरीबो दी जाए पूर्व में हुए आवंटन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए निरस्त कर दिए जाए। गरीबों को उनका हक अधिकार दिलाया जाए, साथ ही तथा अवैध खनन रुकबाए जाए। दोषियों पर कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# कांग्रेसियों ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** शुक्रवार को कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस मनाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में शहर के सुपर मार्केट स्थित गांधी पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। रघुपति राघव राजा राम का पाठ व विचार गोष्ठी कर राष्ट्रपिता के कृतित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माला पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्वांजलि अर्पित किया। गांधी पार्क में आयोजित विचार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश में महात्मा गांधी के नाम, विचार और प्रतीकों को योजनाबद्ध तरीके से मिटाने की साजिश की जा रही है भाजपा सरकार नफ़रत हिंसा और विभाजन की राजनीति के जरिए गांधी जी की अहिंसा और भाईचारे की विचारधारा को कुचलना चाहती है, लेकिन कांग्रेस इसे कभी सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को आज़ादी दिलाई जबकि आज की भाजपा सरकार झूठ डर और दमन के सहारे सत्ता चलाना चाहती है। संविधान और लोकतंत्र पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। जो लोग गांधीजी के हत्यारों की विचारधारा से प्रेरित हैं वे कभी देशहित में नहीं हो सकते। राणा ने आगे कहा कि भाजपा सरकार इतिहास को बदलने महापुरुषों के योगदान को कमतर दिखाने और युवाओं को गुमराह करने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी गांधीजी के विचारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और जरूरत पड़ी तो हर गांव हर गली में जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से देश में बेरोजगारी महंगाई और सामाजिक वैमनस्य चरम पर है। गांधीजी के विचार ही आज देश को जोड़ने का काम कर सकते हैं और कांग्रेस उन्हीं विचारों के साथ जनता के बीच खड़ी है। कांग्रेस नेता सुरेशचंद्र मिश्र ने कहा कि गांधीजी को बदनाम करने और उनके योगदान को भुलाने की कोशिश देश को कमजोर करने की साजिश है। वहीं जनार्दन शुक्ल ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां गांधीवाद के खिलाफ हैं और कांग्रेस इसका डटकर विरोध करती रहेगी। वरिष्ठ नेता विजय श्रीवास्तव ओमप्रकाश सिंह हमीद राईनी विजय पाल आदि लोगों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे महात्मा गांधी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संविधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। इस मौके पर सुब्रत सिंह सनी, आवेश अहमद, रंजीत सिंह सलूजा, अतहर नवाब, कुमारी निकलेस सरोज, इंतजार अहमद, राजीव कुमार सिंह, सलाहुद्दीन हाशमी, शरद श्रीवास्तव समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे। जनपद के अन्य ब्लॉकों में भी कांग्रेस नेतृत्व द्वारा चलाये जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत राष्ट्रपिता के शहादत दिवस पर ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा चौपाल और धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम कर मनरेगा की बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

# विकास-व्यवस्था के बीच आमजन का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने फिरोजाबाद विकास प्राधिकरण के कार्यभार को संभालते हुए समीक्षा बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त लहजे में स्पष्ट किया कि विकास और व्यवस्था के बीच आमजन का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जिलाधिकारी ने प्राधिकरण की कार्यशैली को पारदर्शी बनाने के लिए निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए।

शहर में हो रहे किसी भी अवैध निर्माण की पहचान कर तत्काल प्रभावी नोटिस जारी किया जाए, नियम विरुद्ध हो रहे कार्यों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नोटिस जारी करने की प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए रैवेन्यू कोर्ट में अपनाई जाने वाली विधि प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि किसी भी कार्यवाही में कानूनी अड़चन न आए। जिलाधिकारी ने कहा कि शहर के बड़े-बड़े खाली प्लॉटों का डाटा निकाले, प्राधिकरण अब इन बड़े भूखंडों की स्थिति और उनके उपयोग की गहन जांच करेगा, जिलाधिकारी ने प्राधिकरण के अधिकारियों को मानवीय दृष्टि अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि हमारा प्रयास लोगों को परेशान करना नहीं, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना होना चाहिए, उन्होंने स्पष्ट किया की वैध और नियम संगत कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि आम जनता को प्राधिकरण के चक्कर न काटने पड़े, बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट विनोद पांडे, प्राधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास



**लम्भुआ/सुल्तानपुर।** लम्भुआ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो को गति देते हुए विधायक सीताराम वर्मा ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं में सड़कें, नालियां, भवन निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। विधायक ने बताया कि इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को सीधा लाभ मिलेगा और समग्र विकास सुनिश्चित होगा। विधायक सीताराम वर्मा ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और पूरे प्रदेश में विकास की गति तेज हुई है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख डॉ. कुंवर बहादुर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह, पूर्व प्रधान देवी सिंह काका सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। हालांकि, करोड़ों रुपये की इन विकास योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण की जानकारी मीडिया को न दिए जाने का विषय भी चर्चा का केंद्र रहा। कार्यक्रम में तीनों ब्लॉक के समस्त कर्मचारी व पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## नगर के बस स्टेशन स्थित दिशा टैली एकेडमी पर लगे गम्भीर आरोप

**सुल्तानपुर।** नगर के बस स्टेशन स्थित दिशा टैली एकेडमी पर वहीं के एक प्रशिक्षणार्थी ने गंभीर आरोप लगाते हुए नायलेट को लिखित शिकायत किया है। नगर के करौंदिया निवासी अनूप मिश्रा द्वारा नई दिल्ली स्थित ÷नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी को की गई शिकायत के अनुसार जनपद सुल्तानपुर में बस स्टेशन स्थित दिशा टैली एकेडमी संचालक प्रभात पांडेय ने ÷ओ लेबल÷ कंप्यूटर कोर्स करवाने के लिए उससे 36,000 रुपए लिए। उन्होंने पास होने की गारंटी बताकर उससे ये रुपए लिए, जिसे उसने ऑन लाइन दिया है। जिसका उसके बाद पूरा रिकॉर्ड भी उपलब्ध है। परीक्षा में फेल हो जाने पर जब उसने उनसे अपने द्वारा दिए पैसे वापस मांगे तो उन्होंने इसे अपमानित करते हुए भगा दिया। हारकर उसने नायलेट को शिकायत करके दिशा टैली एकेडमी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने तथा अपने पैसे वापस दिलवाए जाने की मांग की है।

## बडे लाट साहब' जुलूस के मार्ग का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** जनपद में मशहूर जूता मार होली पर निकलने वाले जुलूस को लेकर जिला प्रशासन अभी से तैयारी में जुट गया है जहां एक तरफ नगर क्षेत्र के सभी थानों में बैठकों का दौर शुरू है तो वहीं दूसरी तरफ अधिकारी लाट साहब के निकलने वाले जुलूस की तैयारी को लेकर रूट मार्च कर रहे हैं शुक्रवार को नगर आयुक्त डॉ विपिन मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा , क्षेत्राधिकारी नगर के साथ थाना कोतवाली एवं थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत निकलने वाले परंपरागत बडे लाट साहब जुलूस के निर्धारित मार्ग का संयुक्त रूप से रूट भ्रमण किया गया।

उक्त रूट भ्रमण के दौरान जुलूस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों की पहचान, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता का स्थलीय निरीक्षण किया गया। साथ ही मार्ग पर स्थित प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक / पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-AMS-TOi-112-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-BOY-TOi-155-26-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-BTKD-TOi-142-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-BTP-TOi-145-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-KHNM-TOi-125-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-BHDR-TOi-126-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-MBLP-TOi-117-25-1(Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-PRF-TOi-121-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-MFKA-TOi-139-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-LBA-TOi-141-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-SOP-TOi-143-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-ZBD-TOi-146-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-KSF-TOi-147-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-LOT-TOi-154-26-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-UTR-TOi-118-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-HGH-Toi-119-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-JTU-Toi-114-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-AJ-Toi-115-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:20 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-SAW-Toi-122-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-MAY-Toi-144-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-MKG-Toi-111-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 13:50 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-HRN-Toi-113-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:00 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-PQN-Toi-123-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:10 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-LGO-Toi-127-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:20 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-KEPR-Toi-140-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-AMG-Toi-116-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-GRMR-Toi-124-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 14:50 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | Pnu-LKO-VYN-Toi-120-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2026 समय 15:00 बजे |
| नीलामी प्रकार | Close Ended |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 330/26

# नारायन ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन में हुआ अन्तराग्नि वार्षिकोत्सव एवं खिचड़ी भोज

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायन ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन की एक अनोखी पहल के तहत इस वर्ष भी खिचड़ी भोज एवं विद्यालय वार्षिक समारोह अन्तराग्नि का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पारम्परिक त्यौहारों और देश की सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखना है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. इन्द्रेश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) एवं राष्ट्रीय संयोजक (राष्ट्रीय मुस्लिम मंच) व विशिष्ट अतिथि डा.दयालु जी महाराज भागवत कथा मर्मज्ञ नई दिल्ली, अन्नू गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य व विद्यालय के चेयरमेन इं.हरि किशोर तिवारी, विद्यालय के वायस चेयरमेन इं. अंकित तिवारी, विद्यालय निदेशिका डा. श्वेता तिवारी, मधु तिवारी, पूनम शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्य डा. धर्मेन्द्र शर्मा, योगेश दुबे, प्राचार्य नारायन ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने माँ शारदे पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य के द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की इसके अतिरिक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा नृत्य, गीत एवं नाटक के विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि डा. इन्द्रेश कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्रओं को दूसरों का अनुसरण न करके ऐसे काम करना चाहिये कि दूसरे उनका अनुसरण करें। मुख्य अतिथि डा.दयालु जी महाराज ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश में संगठित होकर रहने की जरूरत है। जिससे भाई-चारा बना रहे। विद्यालय के वायस चेयरमैन इंजी.अंकित तिवारी ने कहा कि खिचड़ी शब्द में ही एक ऐसी मिठास है कि इसमें अपनेपन का एहसास होने लगता है तथा खिचड़ी का त्योहार भारतीय संस्कृति की पहचान है। विद्यालय के चेयरमेन इंजी.हरि किशोर तिवारी जी ने कहा कि खिचड़ी भोज के कार्यक्रम को मनाने का उद्देश्य व्यस्त जीवन में लोगों को वर्ष में एक दिन ही सही साथ मिल-बैठ कर मुलाकात करना है। खिचड़ी भोज का कार्यक्रम विद्यालय में लगातार 15 वर्षों से मनाया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि विद्यायल के छात्र-छात्राएं ही हमारी आने वाली पीढ़ी हैं हमे इनको अभी से ही संस्कार और संस्कृति की राह पर ले जाना होगा तभी देश सही मायने में विकसित देश बनेगा। खिचड़ी भोज केवल भोज का ही कार्यक्रम नहीं है अपितु इसमें भारतीय संस्कृति व संस्कार को समेटे हुये विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमो की झलक भी मिलती है। कार्यक्रम में सी.बी.एस. ई. प्रधानाचार्य, डा.भावना सिंह, एस.एन. यादव, अभिषेक सक्सेना, डा. कैलाश यादव, अनूप मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव व जे.पी.दुबे आदि गणमान्य लोगों के अलावा शहर के हजारों आम लोगों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एसएसपी ने शुक्रवार परेड की ली सलामी



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली तत्पश्चात निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। तत्पश्चात उन्होंने यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए। एस एस पी ने आरटीसी कार्यालय, आरटीसी बैरक, मेस आदि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, गुणवत्ता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदि पर उल्लेखनीय रुप से आदेश-निर्देश प्रदान किया गया। परेड के उपरान्त उन्होंने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# केकराही करमा बूथ का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज उच्च प्राथमिक विद्यालय केकराही करमा बूथ का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ पर जमा किये जा रहे फार्म-6 के सम्बन्ध में जानकारी लिये और उन्होंने सम्बन्धित बीएलओ, सुपर वाईजर को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र अनुलग्नक 4 जरूर लिया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ बूथों पर निरीक्षण के दौरान यह मामला प्रकाश में आया है कि फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र अनुलग्नक 4 नहीं लिया जा रहा है। बी0एल0ओ0 द्वारा इस प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, फार्म-6 के साथ अनुलग्नक -4 व घोषणा-पत्र अवश्य लिया जाये और साथ ही मतदाता से दस्तावेज भी निश्चित रूप से लिया जाये, जिसमें पूरा पता लिखे होने के साथ ही फोटो और मोबाइल नंबर भी सम्मिलित रहें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने मतदाता सूची विशेष अभियान के अंतर्गत फॉर्म- 6 के माध्यम से 7, 8 आवेदन भरे जाने की स्थिति का जायजा भी लिये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए, उनका फार्म-6 अवश्य भरवाया जाये, उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे और इस संबंध में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म-6 भरवाए जाएं, लोगों को जागरूक किया जाए तथा सभी आवेदन समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से निस्तारित किए जाएं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि 31 जनवरी,2026 को भी सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ उपस्थित रहेंगें।

## ज़िले में पहले मॉड्यूलर ऑपरेशन काम्प्लेक्स का शुभारंभ

**इटावा।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ निजी क्षेत्र में विदेशी तकनीक के बल पर कठिन से कठिन ऑपरेशन की सुविधा अब आसानी से उपलब्ध होगी। जेके हॉस्पिटल में शुक्रवार को मॉड्यूलर ऑपरेशन काम्प्लेक्स का शुभारंभ किया गया। सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के बाद आधुनिक तकनीक पर आधारित यह पहला ऑपरेशन कॉम्पलेक्स है जहां अलग-अलग तकनीक पर चार ऑपरेशन थिएटर की स्थापना की गई है। संस्थान के डायरेक्टर डॉ.मनोज यादव ने मॉड्यूलर ऑपरेशन परिसर का उद्घाटन करते हुए कहा कि जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना संस्थान की जिम्मेदारी है। ऐसे में आयुष्मान योजना के तहत जहां लोगों को बेहतर इलाज मिल रहा है वहीं दूसरी ओर संस्थान विदेशी तकनीक के बल पर लोगों को सहज ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रहा है। डॉ.कुमार कातरेय ने बताया कि चार नई ओटी में यूरोलॉजी, लेप्रोस्कोपी, लेज़र व जनरल ओटी शामिल है। इनमें नो टच पॉलिसी के साथ पूर्ण रूप से संक्रमण विहीन ऑपरेशन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यहां दरवाजे व खिड़कियों से लेकर हर चीज को सेंसर युक्त लगाया गया है, जिससे किसी प्रकार का संक्रमण न फैले।

# बेहड़ वाले सैय्यद बाबा का मज़ार लगभग आठ सौ वर्ष पुराना, उर्स की अनुमति दी जाए

**मुस्लिम समाज ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया**



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** प्राचीन बेहड़ वाले सैयद बाबा मजार के संरक्षण, वन विभाग की कार्यवाही पर रोक एवं वर्ष 2005 से निरंतर हो रहे उर्स के आयोजन की अनुमति देने की मांग को लेकर मो. गुलशेर व मो.इमरान की अगुवाई में गुरुवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि बेहड़ वाले सैय्यद बाबा के नाम से विख्यात यह मजार शरीफ लगभग 800 वर्ष पुरानी है। द प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट, 1991 की धारा 3 एवं 4 के अंतर्गत 15 अगस्त 1947 से पूर्व अस्तित्व में रहे किसी भी धार्मिक स्थल की स्थिति या स्वरूप को बदला जाना कानूनन वर्जित और दंडनीय है। इस पवित्र दरगाह पर वर्ष 2005 से लेकर अब तक जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा उर्स के आयोजन हेतु निरंतर आधिकारिक अनुमतियां और रसीदें जारी की जाती रही हैं। वक्फ रजिस्टर में औपचारिक पंजीकरण न होना इसकी धार्मिक प्रकृति को शून्य नहीं करता। 20 वर्षों का उर्स रिकॉर्ड इस लंबे उपयोग का सबसे सशक्त विधिक प्रमाण है। उक्त मजार कानूनत एक वक्फ संपत्ति है जिसका पंजीकरण उम्मीद पोर्टल पर प्रक्रियाधीन है। वक्फ एक्ट की धाराओं के अनुसार, ल वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन एक विशेष कानूनी प्रक्रिया के अधीन है जिसे वन विभाग दरकिनार नहीं कर सकता। जब स्वयं प्रशासन 20 वर्षों से वहां धार्मिक कृत्यों और उर्स की आधिकारिक अनुमति देता आ रहा है तो अब अचानक इसे अतिक्रमण बताना कानून के सिद्धांतों के विपरीत है। लगभग 800 साल पुरानी आस्था के केंद्र को बिना गहन न्यायिक जांच के क्षति पहुचाना मौलिक अधिकारों का हनन है। जब तक उम्मीद पोर्टल एवं वक्फ पंजीकरण की विधिक प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती तब तक इस स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने का लिखित आदेश पारित किया जाए। उपरोक्त तथ्यों एवं 20 वर्षों के प्रशासनिक साक्ष्यों को संज्ञान में लेकर वन विभाग की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाएं एवं आगामी उर्स के आयोजन की अनुमति हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें। ज्ञापन देने वालों में मो.गुलशेर, इमरान, सोहेल, मो. इमरान, शीबू तौकीर, मो. शकील, शमशाद, सलीम, मो. दिलशाद, शहनशाह खान, सरफराज, मोहसिन आदि प्रमुख हैं।

# कांग्रेस का हमला: अजय राय ने भाजपा सरकार को घेरा

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** शुक्रवार को सोनभद्र के रामगढ़ स्थित मंडी समिति मैदान में आयोजित कांग्रेस के संविधान संवाद एवं जनसभा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव श्री अविनाश पांडे जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोनभद्र को भारत के पहले प्रधानमंत्री ने स्विट्जरलैंड का दर्जा दिया था लेकिन पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार न होने के कारण सोनभद्र के आदिवासियों और यहां के स्थानीय लोगों के लिए किसी प्रकार की कोई योजना अभी तक नहीं चलाई गई है यह सरकार झूठे ही ढिंढोरा पीटती है वहीं आदिवासियों की पीड़ा को बयान करते हुए उन्होंने कहा कि जल जंगल और जमीन का अधिकार की पात्रता रखने वाले सोनभद्र के आदिवासियों से उनके इस अधिकार को भी छीना जा रहा है विस्थापितों को उनका आज तक मुआवजा भी नहीं दिया गया जंगल में भी इनके बुलडोजर आदिवासियों पर चलाए जा रहे हैं कांग्रेस की सरकार आने पर निश्चित ही आदिवासियों को उनका कानून के तहत उनके हक और अधिकार दिए जाएंगे आगे उन्होंने कहा कि यूपीए की चेयर पर्सन आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी की प्रेरणा से एवं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल में देशभर की महिलाओं एवं ग्रामीण जीवन यापन करने वालों के लिए एक ऐसी योजना को कानूनी रूप दिया गया जो कि मनरेगा के नाम से लोकप्रिय हुई और आज भारत भर के गांव की जो चमक दमक दिख रही है यह मनरेगा के कारण ही संभव हो पाया उसको भी यह सरकार समाप्त करना चाहती है कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि जहां भी अत्याचार और अन्याय हो उसे दरवाजे पर कांग्रेस के पदाधिकारी जाएं और उनको न्याय दिलाने का कार्य करें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने त्वष्ट, स्ढ्क्र प्रयागराज में शंकराचार्य प्रकरण, वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर निर्माण कार्य, कानून व्यवस्था और सोनभद्र के खनन हादसे जैसे कई मुद्दों को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। अजय राय ने कहा कि आज देश और प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि त्वष्ट के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया गया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बेहतर और संतुलित फैसला देकर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाने का काम किया है।

## एनटीपीसी सिंगरौली में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**सोनभद्र/शक्तिनगर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने हेतु तीन दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 30 जनवरी 2026 को स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। यह खेल महोत्सव 01 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना से जुड़े आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 1500 से अधिक युवा खिलाड़ी उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सहभागिता कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख संदीप नायक, अरविंद कुमार, उप कमांडेंट (सीआईएसएफ), सिद्धार्थ मंडल, विभाग प्रमुख (मानव संसाधन), ए. के. सिंह, विभाग प्रमुख (तकनीकी सेवा), हीरालाल, ग्राम प्रधान , चिल्काटांड, प्रमोद तिवारी, ग्राम प्रधान, कोटा ग्राम पंचायत,पत्रकार गण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा मशाल जलाकर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त मंच है। एनटीपीसी सिंगरौली का यह प्रयास युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने, आत्मविश्वास अर्जित करने तथा अपनी क्षमताओं को पहचानने का अवसर प्रदान करता है।

# हिंडालको रेनुसागर में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता




**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी. सिंह के दिशा-निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स, रेनुसागर के तत्वावधान में विविध सुरक्षा ट्रेनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बताते चले कि आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेनुसागर में आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जिला परिवहन अधिकारी मनोज गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का उपयोग न करना तथा यातायात संकेतों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। विद्यार्थियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। श्री गुप्ता ने कहा कि सुरक्षित ड्राइविंग से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और एक जिम्मेदार नागरिक बनकर हम अनमोल जीवन को बचा सकते हैं। वही टीटीएमडीसी रेनुसागर में आयोजित सड़क सुरक्षा एवं रक्षात्मक वाहन चालाना डिफेंसिव ड्राइविंग विषय पर आयोजित ट्रेनिंग में प्रशिक्षक कौशिक दान एम एस ह्यूबर्ट एबनर, नई दिल्ली ने ट्रेनिंग देकर विद्यालय के शिक्षक , गृहणियाँ एवं ऑफ-द-जॉब सेफ्टी टास्क फोर्स के सदस्य को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर ट्रेनिंग दे रहे प्रशिक्षक कौशिक दान ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स के अध्यक्ष ललित खुराना ने उपस्थितजनों से अपील की कि वे सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी आदत बनाएं और सड़क सुरक्षा को जीवन का अभिन्न हिस्सा मानें।

# इनर व्हील क्लब ऑफ हरदोई सीएचसी ने पाँच टीबी मरीजों को लिया गोद

**एक साल तक देगा पोषण सहायता**



अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम।** इनर व्हील क्लब ऑफ हरदोई DOD द्वारा सेवा गतिविधियों के अंतर्गत एक सराहनीय और मानवता से भरी पहल की गई। क्लब ने इस माह अपने नियमित मासिक प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC), बिलग्राम में उपचाररत पाँच टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित मरीजों को गोद लिया।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष पारुल तिवारी द्वारा पाँचों मरीजों को स्वास्थ्य किट वितरित की गई, जिसमें आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण सामग्री शामिल रही। क्लब द्वारा इन मरीजों को एक वर्ष तक प्रतिमाह नियमित पोषण सहायता प्रदान की जाएगी। इस पोषण सामग्री में मूंगफली, चना, गुड़, सोयाबीन, सत्तू एवं प्रोटीन पाउडर शामिल हैं, जिससे मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके और वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें।

इस संपूर्ण सेवा परियोजना के लिए आर्थिक सहयोग वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश चंद्र तिवारी द्वारा प्रदान किया गया। क्लब अध्यक्ष पारुल तिवारी ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए दवा के साथ-साथ पोषण बेहद जरूरी है। इनर व्हील क्लब का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि मरीजों को स्वस्थ जीवन की ओर लौटने में सहभागी बनना है। हम एक वर्ष तक निरंतर इन मरीजों के साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि टीबी के उपचार में पोषण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इनर व्हील क्लब द्वारा की गई यह पहल मरीजों के उपचार को सफल बनाने में बहुत सहायक सिद्ध होगी। ऐसे सामाजिक संगठनों का सहयोग स्वास्थ्य विभाग के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने इस मानवीय पहल की खुले दिल से प्रशंसा की और क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी टीबी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## वृद्धाश्रम एवं दत्तक ग्रहण केंद्र का सचिव ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशन में वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। सचिव ने वृद्धजनों से सीधे संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं, नाश्ते और भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने पाकशाला और शौचालयों में विशेष सफाई रखने तथा कड़ाके की ठंड को देखते हुए सभी वृद्धों को पर्याप्त गर्म कपड़े उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने विशेष दत्तक ग्रहण संस्था का भी रुख किया, जहाँ मिले दो माह के शिशु के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण के लिए डाइट प्लान बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवास के लिए गिरा रहे थे कच्ची दीवार, मलबे में दबकर बुजुर्ग की मौत



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के बांकी तलैया मोहल्ला में शुक्रवार सुबह एक हृदय विदारक घटना घटी। 62 वर्षीय इकबाल हुसैन पुत्र मोहम्मद शहजाद को हाल ही में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त मिली थी। शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे जब वह अपने पुराने कच्चे मकान की जर्जर दीवार को पक्का निर्माण कराने के उद्देश्य से गिरा रहे थे, तभी दीवार अचानक उन पर गिर गई। मलबे में दबने से इकबाल गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहल्ले वासियों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे दो पुत्र और तीन विवाहित पुत्रियों का परिवार छोड़ गए हैं।

## 60 फीट गहरे कुएं में कूदी मानसिक विक्षुप्त महिला, फायर टीम ने बचाई जान



**कुरारा (अवधनामा संवाददाता)** थाना क्षेत्र के ग्राम बेरी में शुक्रवार दोपहर एक महिला ने अज्ञात कारणों से गांव के कुएं में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही फायर सर्विस टीम और चौकी इंचार्ज रिंकू तिवारी मौके पर पहुँचे। टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और महिला को सकुशल बाहर निकाल लिया। परिजनों ने बताया कि महिला (संतोषी, 26 वर्ष) के पति की मृत्यु 2022 में हो गई थी, जिसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान थी। समय रहते हुई कार्रवाई से महिला की जान बच गई, जिसकी पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

## 12 दिन तक मौत से लड़ती रही 3 साल की दिव्यांशी, इलाज के दौरान तोड़ा दम



**सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** बीती 18 जनवरी को नेशनल हाईवे पर प्रेम नगर के पास ऑटो पलटने से घायल हुई तीन वर्षीय दिव्यांशी की बृहस्पतिवार देर शाम इलाज के दौरान कानपुर के हैलेट अस्पताल में मौत हो गई। शुक्रवार को जैसे ही मासूम का शव गांव इंगोहटा पहुँचा, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के दिन दिव्यांशी अपने माता-पिता के साथ ऑटो से मौदहा जा रही थी। इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर है।

## रेलवे फाटक खराब होने से बांदा मार्ग पर लगा जाम, 20 मिनट खड़ी रही ट्रेन




**सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे के बांदा मार्ग स्थित रेलवे गेट संख्या 31 में शुक्रवार दोपहर अचानक तकनीकी खराबी आ गई। गेट बंद न हो पाने के कारण रागौल की ओर जा रही वर्किंग ट्रेन को करीब 20 मिनट तक स्टेशन पर ही खड़ा रहना पड़ा। फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में गेटमैन ने मैन्युअल तरीके से वाहनों को रोककर गेट बंद कराया, तब जाकर ट्रेन रवाना हो सकी।

## बेटे-बेटी में न करें भेदभाव, दोनों को दें समान शिक्षा



**सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम पंचायत मवई जार के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का एकमात्र मार्ग है। उन्होंने अपील की कि बेटियों की पढ़ाई में कोई कमी न रखें। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान महेश शिवहरे ने शिक्षकों व अतिथियों को सम्मानित किया। इस दौरान संकुल प्रभारी राजेश कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डीएम, एसएसपी ने कारागार का किया निरीक्षण



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार को केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों की बैरिक, भोजनालय, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन, प्रशासन तथा पुलिस के अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में कोर वैल्यू ‘इन्नोवेशन एवं लर्निंग’ पर प्रेरणादायी सत्र संपन्न

**सोनभद्र/विंध्यनगर (अवधनामा संवाददाता)** आरएलआई विंध्याचल द्वारा वरिष्ठ नेतृत्व एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए इन्नोवेशन एवं लर्निंग’ विषय पर एक प्रेरणादायी कोर वैल्यू टॉक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी की सतत सीखने, अनुकूलनशीलता तथा नवाचार आधारित उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करने वाला रहा। सत्र का उद्घाटन संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख( विंध्याचल) द्वारा किया गया। उन्होंने एनटीपीसी के पूर्व कार्यकारी निदेशक श्री अशेष कुमार मुखर्जी का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा वरिष्ठ प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने संबोधन में साहा ने विंध्याचल आगमन पर मुखर्जी के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की और जनवरी माह को इन्नोवेशन एवं लर्निंग के लिए कोर वैल्यू माह के रूप में मनाने के महत्व को रेखांकित किया।

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता की पुण्य तिथि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर जी0पी0ओ0 स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शान्ति पाठ का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री जी ने गांधी जी के प्रिय भजनों को भी सुना। वहीं इस अवसर पर शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने गांधी जी के चित्र पर पुष्पचक्र चढ़ाकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गांधी जी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम' तथा 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, जो पीर पराई जाने रे' को सुना। इसके पश्चात् उन्होंने गोमती तट पर दीपदान भी किया।

# केजीएमयू के नोडल अधिकारी डॉ. के.के. सिंह पर गंभीर आरोप

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** आल इंडिया मोहम्मदी मिशन के सचिव बाबर अशरफ किछौछ्वी ने एक बैठक में केजीएमयू के नोडल अधिकारी डॉ. के.के. सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। बाबर अशरफ ने कहा कि डॉ. के.के. सिंह ने केजीएमयू प्रशासन और पुलिस प्रशासन को भ्रामक तथ्यों के आधार पर गुमराह कर निजी स्वार्थ के चलते वक्फ सम्पत्ति पर अवैध कब्जे की नीयत से 600 साल पुराने हाजी हरमैन की मजार पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। उन्होंने कहा कि केजीएमयू परिसर में स्थित आस्तानों के अलावा अन्य मजारें वे मख्दूम शाहमीना के दौर की ऐतिहासिक धरोहरें हैं और केजीएमयू की स्थापना के बाद किसी भी मजार की स्थापना नहीं हुई। इसलिए इन्हें नवनिर्मित या अवैध बताना तथ्यों के विपरीत और भ्रामक है। मजार के सज्जादानशीन राशिद अली मीनाई ने कहा कि हाजी हरमैन और उससे जुड़ी सभी मजारें हमारी रूहानी, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत हैं। इन पवित्र स्थलों से छेड़छाड़ संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन और शरीय और परम्परा के विरुद्ध है। वक्ताओं ने डॉ. के.के. सिंह को तत्काल केजीएमयू परिसर से हटा कर निलम्बित करने और उच्चस्तरीय निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कराने, वक्फ सम्पत्ति के ध्वस्तीकरण के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करने, हाजी हरमैन के आस्ताने को पूर्व की भांति बहाल कर पुनर्निर्माण कराने और जायरीन पर लगे प्रतिबंध तत्काल हटा सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गयी। बैठक में नासिर अली मीनाई ने भी अपने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने कहा कि समयबद्ध न्याय न मिलने पर शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहते हुए आंदोलन किया जाएगा।

## लखपति दीदी प्रभा यादव की उद्यमिता को राष्ट्रीय मंच पर मिला सम्मान

**लखनऊ।** राष्ट्रीय महिला आयोग के तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर भारत मण्डपम, नई दिल्ली में 29 जनवरी, 2026 को आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजय राहटकर को उत्तर प्रदेश की लखपति दीदी श्रीमती प्रभा यादव पर महिला आयोग द्वारा निर्मित एक आकर्षक कैनवस पेंटिंग भेंट की गई।

श्रीमती प्रभा यादव उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी एक सशक्त स्वयं सहायता समूह सदस्य हैं। वह मुरली माता स्वयं सहायता समूह से संबद्ध हैं तथा बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सक्रिय दुग्ध उत्पादक सदस्य हैं। ग्राम रसोई, जनपद झाँसी की निवासी प्रभा ने अपने परिश्रम, लगन और उद्यमशील सोच के बल पर लखपति दीदी के रूप में उल्लेखनीय पहचान स्थापित की है।

# रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यमः ए.के. शर्मा



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मधुबन (मऊ) के गांधी मैदान में आयोजित रोजगार मेला में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार मेला के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में मंत्री शर्मा ने कहा कि मधुबन के इतिहास में यह पहला अवसर है जब रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोटी-रोजगार देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि परदहा की बंद पड़ी मिल को औद्योगिक संकुल के रूप में विकसित करने की योजना है, जिससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से लोग अपनी आजीविका चला सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत केवल मधुबन क्षेत्र में ही लगभग 700 लोगों को पौने दो करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पहले एप्पल जैसी वैश्विक कंपनियां भारत में अपनी फैक्ट्रियां नहीं लगाती थीं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पुरुषार्थ के कारण आज बेंगलुरु सहित कई स्थानों पर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित हो रही हैं। मंत्री शर्मा ने चयनित सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आरडीएसओ के दो अधिकारी एवं छः कर्मचारी सेवानिवृत्त



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** आरडीएसओ द्वारा क़ाज़ी मेराज अहमद, अपर महानिदेशक, आर. डी. एस. ओ. की अध्यक्षता में 30 जनवरी 2026 को जनवरी-2026 में सेवानिवृत्त हुए दो अधिकारियों एवं 06 कर्मचारियों हेतु एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी गयी। सेवानिवृत्ति समारोह में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं आरडीएसओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कर्बला दियानुतदौला में जश्ने इमाम हुसैन आज

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की यौमे पैदाइश के सिलसिल में कर्बला दियानुतदौला काजमैन रोड में 31 जनवरी को 9.30 बजे जश्ने इमाम हुसैन का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियां मुकम्मल हो गई हैं। कार्यक्रम का आयोजन हुसैनी वर्कर्स सोसायटी ने किया है। महफिल को मौलाना कल्बे जव्वाद और मौलाना हबीब हैदर खिताब करेंगे। महफिल का आगाज कारी अजीज हुसैन तिलावते कुराने पाक से व संचालन जाहिद कानपुरी करेंगे। इसके बाद शायर इमाम हुसैन की शान में अपने कलाम पेश करेंगे।

## जश्ने हमशक्ल-ए-मुसतफ़ा कल

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** हमशक्ल-ए-मुसतफ़ा हजरत अली अकबर (अ.स) के सिलसिले में एक फरवरी को रात 8 बजे हज़रत अली अकबर हॉल छोटे साहब आलम रोड में जश्ने हमशक्ल-ए-मुसतफ़ा शीर्षक से एक महफ़िल का आयोजन मौलाना फिरोज अब्बास नकवी की अध्यक्षता में होगा। जश्ने महफ़िल को मौलाना अब्बास इरशाद नक़वी और मौलाना रहमत हुसैन नक़वी खिताब करेंगे। जश्न का आगाज कारी मोहम्मद जव्वाद तिलावते कुरआने पाक से व संचालन मौलाना मुंतजिर करेंगे।

## माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा स्क्रीन से पन्नों की ओर उत्सव-2026 का आयोजन

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि को प्रोत्साहित करने और 'पठन अभियान' को नई दिशा देने के उद्देश्य से 03 फरवरी 2026 को राजकीय जुबली इण्टर कॉलेज, लखनऊ में स्क्रीन से पन्नों की ओर उत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन विद्यार्थियों को डिजिटल स्क्रीन से हटकर पुस्तकों की ओर आकर्षित करने की एक अभिनव पहल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल बुक ट्रस्ट के सहयोग से एक भव्य पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें देश के प्रतिष्ठित प्रकाशकों राजकमल, वाणी, नेशनल बुक ट्रस्ट, प्रभात सहित अन्य द्वारा पुस्तक स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को विविध विधाओं की पुस्तकों से परिचित होने और अध्ययन की आदत विकसित करने का अवसर मिलेगा। उत्सव में विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की विशेष उपस्थिति रहेगी।

# हजरत इमाम हुसैन की विलादत पर महफिल का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** नवासए रसूल हजरत इमाम हुसैन की विलादत (जन्मदिन) की खुशी में हैदरगंज स्थित कर्बला पुत्तन साहिबा में जहरा का चांद उनवान से महफिल का आयोजन हुआ।

मोहम्मद सिकंदर की ओर से आयोजित महफिल का आगाज कारी शहाब ने तिलावते कलामे पाक से किया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना गुलाम हुसैन सदफ जौनपुरी ने इमाम हुसैन की अजमत और फजीलत बयान की। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन की विलादत की तारीख इस्लामी इतिहास का महत्वपूर्ण दिन है, जो उनके जीवन सिद्धांतों और बलिदान को याद करने का मौका है। महफिल की अध्यक्षता मौलाना सकलैन आब्दी और संचालन मौलाना गुलरेज नकी ने किया। महफिल में एजाज जैदी, नासिर जरवली, हसन फराज, अख्तर लखनवी, शमूम आरफी, तैय्यब अब्बास, खुशनूद मुस्तफा, हैदर रजा, नैयर मजीदी, मूसा रजा, अंजुम गदीरी, रजा सफीपुरी, मीसम काजमी, मौलाना दानिश जैदी, मौलाना मीर हिलाल, अब्बास अली दानिश सहित अन्य शायरों ने बारगाहे इमामत में अपने कलामों का नजराना पेश किया। कर्बला दियानुतदौला में जश्ने इमाम हुसैन आज इमाम हुसैन की यौमे विलादत की खुशी में शनिवार को सआदतगंज स्थित कर्बला दियानुतदौला बहादुर में जश्ने इमामे हुसैन मनाया जाएगा। हुसैनी वर्कर्स सोसाइटी की ओर से रात 9:30 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली महफिल का आगाज कारी अजीज हुसैन तिलावते कलामे पाक से करेंगे। महफिल को मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी और मौलाना हबीब हैदर खिताब करेंगे। महफिल का संचालन जाहिद कानपुरी करेंगे और शायर अपने कलाम पेश करेंगे। जश्ने-हमशक्ले-मुसतफा कल इमाम हुसैन के अट् ठारह बरस के बेटे जनाबे अली अकबर की विलादत की खुशी में रविवार को जश्ने हमशक्ले पयम्बर का आयोजन किया जाएगा। सआदतगंज के छोटे साहब आलम रोड स्थित हजरत अली अकबर हॉल में रात 8 बजे तिलावते कलामे पाक से जश्न का आगाज कारी मोहम्मद जव्वाद करेंगे। मौलाना फिरोज अब्बास नकवी की अध्यक्षता और मौलाना मुंतजिर के संचालन में आयोजित होने वाले जश्न को मौलाना अब्बास इरशाद नकवी और मौलाना रहमत हुसैन नकवी खिताब करेंगे और जनाबे अली अकबर की फजीलत और अजमत बयान करेंगे।

# छात्र-छात्राओं ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल, कानपुर के 25 छात्र-छात्राओं तथा अध्यापक-अध्यापिकाओं का एक दल आज उत्तर प्रदेश विधानसभा के भ्रमण पर लखनऊ पहुंचा। इस अवसर पर दल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संरचना, कार्यप्रणाली और विधायी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है, जहां जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं, नीतियों और विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लेते हैं। श्री महाना ने छात्रों को सदन की कार्यवाही, प्रश्नकाल, शून्यकाल, विधेयक प्रस्तुत करने की प्रक्रिया तथा समितियों की भूमिका के बारे में सरल और रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता जागरूक नागरिकों पर निर्भर करती है और विद्यार्थी वर्ग देश का भविष्य है।

विधानसभा अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं से अनुशासन, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका श्री महाना ने सहजता से उत्तर दिया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विधानसभा भवन की भव्यता और कार्यशैली को नजदीक से देखा, जिससे उनके ज्ञान और अनुभव में वृद्धि हुई। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने इस शैक्षिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी बताया।

## कांग्रेस मुख्यालय में गांधी जी को श्रद्धांजलि

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस 30 जनवरी पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सर्वधर्म शांति पाठ का आयोजन किया गया। पूर्वान्ह 10:59 बजे सायरन बजते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रख कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में श्याम किशोर शुक्ल की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए श्याम किशोर शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्यों और आदर्शों की आज पूरी दुनिया में पूजा हो रही है। लेकिन बहुत दुख की बात है कि मौजूदा सरकार के समर्थन में कुछ ऐसे तत्व हैं जो राष्ट्रपिता की हत्या करने वाली विचारधारा का संरक्षण करते हैं। जबकि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया और मानवता को बड़ी से बड़ी लड़ाई जीतने के लिए तीन बड़े हथियार उपलब्ध कराए, जिनमें सत्य के प्रति आग्रह करना (सत्याग्रह), सविनय अवज्ञा और करो या मरो। आज सबसे ज्यादा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार प्रासंगिक हैं। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय ने कहा कि मौजूदा हालात देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि राष्ट्रपिता ने कितने कठिन और मुश्किल हालात में हमें आजादी दिलाई होगी।


















## मोहम्मद अमान कुरैशी के निधन पर उलमा ने दुख व्यक्त किया

**लखनऊ।** मोहम्मद अमान कुरैशी के निधन पर दारुल उलूम नदवतुल उलमा के प्रिंसिपल मौलाना सईदुर्रहमान आजमी नदवी सहित अन्य उलमा ने गहरा दुख व्यक्त किया है। स्वर्गीय अमान कुरैशी का बीती 28 जनवरी को निधन हो गया था, जिन्हें ऐशबाग कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। स्वर्गीय के निधन पर नदवा के नाजिम मौलाना बिलाल अब्दुल हई हसनी नदवी, मौलाना अफजालुर्रहमान, मुफ्ती शौकतुल्लाह, मौलाना अब्दुल बारी फारुकी, मौलाना यासिर, मौलाना मोहम्मद हबीब, मौलाना कुतुबुद् दीन, मुफ्ती जुनैद कुरैशी, सहित अन्य उलमा व गणमान्य लोगों ने दुख व्यक्त करते हुए स्वर्गीय के लिए दुआए मगफिरत की।











